

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- कांग्रेस पश्चिम बंगाल में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी - 12



शेयर बाजार में तीन दिन की तेजी पर विराम, सेंसेक्स 757 अंक फिसला- 12



प्रवासी भारतीय जर्मनी और भारत के बीच मजबूत सेतु- 13



टेनिस जगत में धूम मचाने को तैयार हैं स्पेन का एक और 'राफा' - 14

आज का मौसम

42.0° अधिकतम तापमान
26.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.38
सूर्यास्त 06.36


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष सप्तमी 08:49 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 23 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 246, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


## एक्सप्रेस वे पर उड़ान



**सुलतानपुर :** वायुसेना के लड़ाकू विमानों का दो दिवसीय अभ्यास बुधवार को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की आपातकालीन हवाई पट्टी पर शुरू हुआ। इस अभ्यास में बुधवार को सुखोई, जगुआर और मिराज विमानों ने टच एंड गो ऑपरेशन किया।

# आतंकवाद कैसा भी हो, भारत उसके आगे कभी नहीं झुकेगा

नई दिल्ली, एजेंसी



- पहलगाम हमले की बरसी पर प्रधानमंत्री ने कहा- कभी सफल नहीं होंगे आतंकवादियों के नापाक इरादे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर बुधवार को कहा कि भारत आतंकवाद के किसी भी रूप के आगे कभी नहीं झुकेगा और भारत के खिलाफ आतंकवादियों के नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे।

प्रधानमंत्री ने उन परिवारों के लिए संवेदना भी जताई, जिन्होंने अपने परिजनों को इस नृशंस हमले में खोल दिया था। पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने पिछले वर्ष 22 अप्रैल को ही जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हमला किया था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। इनमें अधिकांश पर्यटक थे। मोदी ने इस हमले की बरसी पर 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पिछले वर्ष इसी दिन हुए भीषण पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि। उन्हें कभी भुलाया नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुख की इस घड़ी में उनकी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं, जो इस क्षति को सहने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक राष्ट्र के रूप में हम शोक और संकल्प में एकजुट हैं। भारत आतंकवाद के किसी भी रूप के आगे कभी नहीं झुकेगा। आतंकियों के नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे।

### आतंकवाद को हराने के लिए भारत संकल्पित: मुर्मू



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी बुधवार को पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि देश हर जगह आतंकवाद को हराने के अपने दृढ़ संकल्प पर कायम है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, उस जघन्य कृत्य में निर्दोष लोगों की दुखद मौत हमारी सामूहिक स्मृति में अंकित है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। पूरा देश उनके साथ खड़ा है। आतंक के ऐसे कृत्य शांति और एकता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को नहीं रोक सकते।

### नया भारत आतंकवाद को नष्ट करने के लिए प्रतिबद्ध



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, पहलगाम की पीड़ा हर भारतीय के हृदय में अंकित अविस्मरणीय आघात है। उन्होंने काल-कवलित हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लिखा, उन पुण्यात्माओं की स्मृति आज भी हमें झकझोरती है, उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा शत्रु है। नया भारत एकजुटता से आतंक के हर रूप के निर्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है।

## ब्रीफ न्यूज

### मोदी को आतंकवादी बताने पर खरगे को चुनाव आयोग का नोटिस

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध उनकी उस टिप्पणी पर बुधवार को नोटिस जारी कर उससे सफाई मांगी है जिसमें विपक्ष के नेता ने मोदी को आतंकवादी कहा था। आयोग के सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी को आतंकवादी बताए जाने को गंभीरता से लिया गया है। भाजपा की शिकायत पर खरगे को जारी नोटिस का जवाब 24 घंटे में देने को कहा गया है। भाजपा ने आयोग के समक्ष खरगे की तमिलनाडु में एक मीडिया-कांफ्रेंस में की गई उक्त विवादास्पद टिप्पणी पर मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई थी।

### छह महीने बंद रहने के बाद केदारनाथ धाम के कपाट खुले

**देहरादून।** सर्दियों में छह माह बंद रहने के बाद बुधवार को सुबह पूरे विधि विधान के साथ केदारनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए फिर खोल दिए गए जहां पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की गई। रुद्रप्रयाग जिले में स्थित ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग के कपाट विशेष पूजा अर्चना के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सुबह आठ बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी पत्नी गीता के साथ उपस्थित थे। मंदिर के कपाट खोले जाने की प्रक्रिया सुबह पांच बजे शुरू हुई। गर्भगृह में विधिवत पूजा-अर्चना की गई और ठीक आठ बजे कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

# धमकियां देने के बाद ट्रंप फिर बैकफुट पर अनिश्चतकाल के लिए बढ़ाया युद्धविराम

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने 24 घंटे पहले ही दी थी समझौता न होने पर भारी बमबारी करने की चेतावनी

वाशिंगटन/इस्लामाबाद, एजेंसी

करीब 24 घंटे पहले ही समझौता न होने पर ईरान को भारी बमबारी करने की धमकी देने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को अपने रुख से पलट गए। युद्धविराम खत्म होने से कुछ घंटे पहले उन्होंने नाटकीय ढंग से इसे अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाने की घोषणा कर दी। हालांकि, ट्रंप ने साफ किया कि उन्होंने यह कदम पाकिस्तान के आग्रह पर आंतरिक मतभेदों से जूझ रहे तेहरान को युद्ध समाप्त करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का मौका देने के लिए उठाया है।

ट्रंप की घोषणा के साथ ही ईरान के साथ शांति वार्ता के लिए उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की इस्लामाबाद यात्रा भी टल गई। ट्रंप ने कहा कि ईरान के बंदरगाहों पर आर्थिक नाकेबंदी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने सेना को सभी मामलों में पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश दिया है। युद्धविराम बढ़ाने का फैसला ट्रंप के रुख में बड़ा बदलाव माना जा रहा है। मंगलवार सुबह उन्होंने कहा था कि यदि बुधवार तक समझौता नहीं हुआ तो ईरान पर बमबारी होगी।



### शहबाज ने जताया अमेरिकी राष्ट्रपति का आभार

ट्रंप की घोषणा के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 'एक्स' पर लिखा, मैं व्यक्तिगत रूप से और फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर की ओर से राष्ट्रपति ट्रंप का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने कूटनीतिक प्रयासों को आगे बढ़ने देने के लिए युद्धविराम बढ़ाने के हमारे अनुरोध को स्वीकार किया। पाकिस्तान उस पर जताए गए भरोसे के साथ बातचीत से संघर्ष के समाधान के लिए गंभीर प्रयास जारी रखेगा।

### अब ईरान के खिलाफ ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी

ताजा घटनाक्रम के बीच अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने ईरान, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात स्थित 14 व्यक्तियों, संस्थाओं और विमानों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। इन पर ईरानी शासन की ओर से हथियार या हथियारों के पुर्जों की खरीद-फरोख्त में शामिल होने का आरोप है। बेसेंट ने कहा, ईरान के समुद्री व्यापार पर रोक सीधे उसके राजस्व के मुख्य स्रोतों पर चोट है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय इकोनॉमिक फ्यूरी के जरिए अधिकतम दबाव बनाए रखेगा, ताकि तेहरान की धन जुटाने की कोशिश सफल न हो।

## अमेरिका के खिलाफ अब भी कड़े तेवर

### युद्धविराम विस्तार को अमेरिका चाल बताकर किया खारिज, कहा- हमने नहीं की थी मांग

ईरान ने ट्रंप के युद्धविराम को एकतरफा बढ़ाने की घोषणा पर शक जताते हुए कहा है कि यह एक चाल है और उसने कभी इसकी मांग नहीं की थी। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान ने धमकियों के साये में युद्धविराम विस्तार या नई बातचीत की कोई गुजारिश नहीं की है। अराघची ने ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी की निंदा करते हुए इसे युद्ध की कार्रवाई और मौजूदा युद्धविराम सिद्धांतों का उल्लंघन करार दिया। कहा, ईरान जानता है कि दबंगई का मुकाबला कैसे करना है। ईरानी संसद के अध्यक्ष बगर गालिबाफ के वरिष्ठ सलाहकार महदी मोहम्मदी ने भी कहा कि ईरान के लिए इस युद्धविराम का 'कोई मतलब नहीं है और इसकी कोई वास्तविक अहमियत नहीं है। उन्होंने इस कदम को अचानक हमले के लिए वक्त हासिल करने की रणनीति बताया और दलील दी कि जो पक्ष इस तरह के दबाव का सामना कर रहा हो, वह शर्तें तय नहीं कर सकता।

### होर्मुज में राहत नहीं: ईरान की सेना ने किया तीन जहाजों पर हमला, दो को कब्जे में लिया

**दुबई।** ट्रंप की घोषणा के बाद ईरान के अर्द्धसैन्य बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने बुधवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन जहाजों पर हमले किए। इन हमलों ने होर्मुज में परिवहन के बढ़ते खतरों के साथ युद्धविराम के बीच भी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव बने रहने की ओर इशारा किया है। ब्रिटेन की सेना के अनुसार ईरान ने बुधवार सुबह जलडमरूमध्य में एक कंटेनर जहाज पर गोलीबारी की और थोड़ी ही देर बाद एक दूसरे जहाज पर भी हमला किया। ईरानी सरकारी टेलीविजन के अनुसार ये जहाज अब रिवोल्यूशनरी गार्ड के कब्जे में हैं और उन्हें ईरान ले जाया जा रहा है। इन जहाजों की पहचान एमएससी फ्रांन्सेस्का और एपामिनोड्स के रूप में की गई है। इसके अलावा रिवोल्यूशनरी गार्ड ने यूफोरिया नामक तीसरे जहाज पर भी हमला किया।

# दिल्ली में आईआरएस अधिकारी की बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- लाठी से पीटने के बाद मोबाइल फोन चार्जर की केबल से घोंटा गला
- पॉश इलाके कैलाश हिल्स में वारदात घटना के वक्त घर में अकेली थी

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पॉश कैलाश हिल्स इलाके में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के वरिष्ठ अधिकारी की 22 वर्षीय बेटी की बुधवार सुबह बलात्कार के बाद मोबाइल फोन चार्जर की केबल से गला घोंटकर हत्या कर दी गई। युवती के चेहरे और सिर पर भी गंभीर चोटें मिली हैं। पुलिस का अनुमान है कि बलात्कार के दौरान उसे लाठी से भी पीटा गया। पुलिस को आईआरएस अधिकारी के पुराने नौकर पर शक है जो घटना के बाद फरार है।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा की तैयारी कर रही आईआरएस अधिकारी की बेटी घटना के वक्त घर में अकेली थी। घर के ही एक कमरे में उसे मृत पाया गया। पुलिस के अनुसार यह घटना तड़के संभवतः उस वक्त हुई, जब युवती के माता-पिता जिम गए हुए थे। पुलिस को शक है कि आरोपी ने इसी थोड़े समय का फायदा उठाकर घर में प्रवेश किया और बलात्कार के बाद युवती की हत्या कर दी। पुलिस घर के पुराने नौकर 19 वर्षीय राहुल मीणा को मुख्य संदिग्ध मान रही है जिसने घर में करीब आठ महीने तक काम किया और जिसे पैसों की हेराफेरी के आरोप में करीब एक महीने पहले ही काम से निकाल दिया गया था। माना जा रहा है कि मीणा घर के नक्शे के साथ परिवार के सदस्यों की दिनचर्या से भी पूरी तरह वाकिफ है। पुलिस उसे तलाश कर रही है।



### कैलाश हिल्स के लोगों में घटना के बाद दहशत

इस हौलनाक घटना के बाद पॉश रिहायशी इलाके कैलाश हिल्स में भारी दहशत फैल गई है। इलाके के लोगों ने सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है। उधर, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फोरेंसिक टीमों ने घटनास्थल से सबूत जुटाए हैं। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। साथ ही ऐसे लोगों से पूछताछ की जा रही है जिनका आरोपी से संपर्क हो सकता है।

# पश्चिम बंगाल चुनाव में अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम

- पहले चरण का चुनाव आज, बेहद कड़ी सुरक्षा में डाले जाएंगे वोट
- मतदान से एक दिन पहले प्रकाशित की गई मतदाता सूची

कोलकाता, एजेंसी



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए गुरुवार को 16 जिलों की 152 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। राज्य में चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आयोग ने सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं और संवेदनशील इलाकों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की सघन तैनाती की गई है। निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवारों को शाम को मतदान समाप्त होने तक अपने निर्वाचन क्षेत्रों से बाहर न जाने की भी हिदायत दी है।

चुनाव आयोग के निर्देश पर पश्चिम बंगाल में पहले चरण के चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीआरपीएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ और बीएसएफ जैसे केंद्रीय बलों के साथ-साथ रेलवे सहित कई और केंद्रीय इकाइयों को भी चुनाव में तैनात किया गया है। केंद्रीय बलों के ही दो लाख से ज्यादा कर्मचारी बंगाल में चुनाव के दौरान सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगे। यहां तक कि पहली बार किसी चुनाव में सीआरपीएफ के बख्तरबंद वाहनों को भी तैनात किया गया है। पहले चरण में मतदाताओं की कुल संख्या 3.60 करोड से अधिक है, जिनमें 1.84 करोड पुरुष, 1.74 करोड़ महिलाएं और 465 ट्रांसजेंडर शामिल हैं।

### क्या डराने की कोशिश कर रहा आयोग: ममता

**अमदंगा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव में सीआरपीएफ के बख्तरबंद वाहनों की तैनाती पर आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने सभी विभागों को अपने लिए काम पर लगा दिया है। उन्होंने कहा, केंद्रीय बलों की इतनी बड़ी तैनाती अभूतपूर्व है। क्या वे इतनी बड़ी संख्या में बलों को तैनात कर मुझे डराने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं देखना चाहती हूं कि किसके पास ज्यादा ताकत है। बख्तरबंद गाड़ियों के पास या जनता के पास।

### तमिलनाडु में भी आज चुनाव

**चेन्नई।** तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा सीटों पर गुरुवार को वोट डाले जाएंगे। राज्य में इस बार 5.67 करोड़ मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 2.89 करोड़ महिला मतदाता शामिल हैं। चुनाव आयोग ने राज्य भर में कुल 75,032 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

# आज शाम चार बजे घोषित होगा यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम

- वेबसाइट और डिजिलॉकर पर देख सकेंगे परीक्षार्थी

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) वर्ष 2026 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम गुरुवार को शाम 4 बजे घोषित करेगा। परीक्षार्थी अपना रिजल्ट परिषद की आधिकारिक वेबसाइट और डिजिलॉकर पोर्टल पर देख सकेंगे।

इस वर्ष हाईस्कूल में करीब 26.02 लाख और इंटरमीडिएट में 24.91 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए। बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक 254 केंद्रों पर 2.75 करोड़ उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से चार अप्रैल के बीच रिकॉर्ड समय में पूरा हुआ।

### ऐसे देखें अपना रिजल्ट

- यूपी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं
- रोल नंबर और जरूरी विवरण दर्ज करें
- स्क्रीन पर परिणाम देखें और डाउनलोड करें
- डिजिलॉकर पर भी मार्कशीट उपलब्ध रहेगी

## नेपाल : वित्तीय विवाद के बीच गृह मंत्री गुरुंग ने दिया इस्तीफा



**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने वित्तीय आचरण से संबंधित आरोपों के बाद बुधवार को इस्तीफा दे दिया। एक विवादास्पद व्यवसायी के साथ व्यापारिक संबंधों और शेयरों के लेनदेन को लेकर वह निशाने पर थे। गुरुंग को 27 मार्च को गृह मंत्री नियुक्त किया गया था। गुरुंग ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्होंने अपने वित्तीय आचरण संबंधी मामलों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने और पद पर रहते हुए हितों के टकराव से बचने के लिए पद से इस्तीफा दिया है।

# सिर्फ ई-स्पोर्ट्स के लिए अनिवार्य पंजीकरण की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- ऑनलाइन गेमिंग के नियम केंद्र सरकार ने किए अधिसूचित, एक मई से होंगे प्रभावी
- पैसों का लेनदेन न करने वाले गेम्स को राहत पंजीकरण कराने की अनिवार्यता नहीं

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने बुधवार को बहुप्रतीक्षित ऑनलाइन गेमिंग नियमों को अधिसूचित कर दिया। ये नियम ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन अधिनियम को संचालित करने के लिए प्रक्रियात्मक ढांचा मुहैया कराते हैं और इनके आधार पर ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण का गठन भी हो सकेगा।

आईटी सचिव एस कृष्णन ने कहा कि ज्यादातर ऑनलाइन गेम, अगर वे रियल मनी गेम नहीं हैं यानी उनमें पैसे का लेनदेन शामिल नहीं है तो उनको अनिवार्य रूप से पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। निगरानी केवल विशेष परिस्थितियों में ही शुरू की जाएगी। हालांकि, ईस्पोर्ट्स के लिए अनिवार्य पंजीकरण की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, हम चाहते थे कि जहां तक संभव हो, इस पूरी प्रक्रिया को कम से कम नियामक हस्तक्षेप वाला रखा जाए। अधिकांश खेल जो पैसों वाले खेल नहीं हैं, वे बिना किसी अनिवार्य पंजीकरण के संचालित हो सकेंगे। इसलिए पूरी प्रक्रिया वैकल्पिक है।

कृष्णन ने कहा, हम किसी को भी यह निर्धारित करने के लिए आवेदन करने के लिए बाध्य नहीं कर रहे हैं कि वह ऑनलाइन मनी गेम है या ऑनलाइन सोशल गेम है या ईस्पोर्ट्स है। हालांकि, इस तरह का निर्धारण तीन स्थितियों में शुरू होगा।

पहली स्थिति वह है, जहां प्राधिकरण खुद संज्ञान लेकर ऐसा करता है। दूसरी स्थिति वह जहां ईस्पोर्ट्स गेम शामिल होते हैं और तीसरी स्थिति के तहत केंद्र सरकार सोशल गेम्स की किसी भी विशिष्ट श्रेणी को अधिसूचित कर सकती है, जिसे फिलहाल अधिसूचित नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि नियमों में उपयोगकर्ता की सुरक्षा सुविधाओं को भी स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। यह अधिनियम भारत में ईस्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग को बढ़ावा देते हुए ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग पर प्रतिबंध लगाता है।

**फिर वही परेशानी** | पश्चिमी उत्तर प्रदेश की गन्ना बेल्ट में 30 चीनी मिलों ने नहीं किया भुगतान, उत्पादन घटना का संकट भी कारण

# गन्ना किसानों का फिर अटक गया 1878 करोड़ का भुगतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर और बागपत जिलों में गन्ना किसानों का भुगतान संकट एक बार फिर गहरा गया है। इन छह जिलों की करीब 30 चीनी मिलों पर किसानों का लगभग 1878 करोड़ रुपये बकाया है। हर साल दोहराई जाने वाली यह समस्या इस बार भी किसानों की आर्थिक सेहत पर भारी पड़ रही है।

यह मुद्दा राजनीतिक रूप से भी संवेदनशील है, क्योंकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में गन्ना हमेशा केंद्रीय भूमिका निभाता रहा है। केवल आठ मिलें ही पूरी तरह भुगतान कर पाई हैं। जबकि बाकी मिलों में भुगतान आंशिक है या काफी पीछे चल रहा है। गन्ना इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और भुगतान रुकते ही गांवों में नकदी का प्रवाह ठप हो जाता है। इसका असर खेती, बाजार और छोटे कारोबार तक दिखाई देने लगा है। मेरठ में हालात सबसे गंभीर हैं। यहां बजाज की किनोनी मिल पर किसानों का 60 प्रतिशत से अधिक गन्ना मूल्य बकाया है। इस मिल पर किसानों का लगभग 350 करोड़ रुपये बकाया है। भुगतान के लिए किसान दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन उनकी सुनी नहीं जा रही है। जबकि मोहिउद्दीनपुर और सकौती मिलों पर भी करोड़ों रुपये लंबित हैं। मुजफ्फरनगर में 283 करोड़, सहारनपुर में 237 करोड़ और शामली में 312 करोड़ रुपये का भुगतान बाकी है। बागपत की मलकपुर चीनी मिल में मंगलवार को अपर गन्ना आयुक्त वीबी सिंह व डिप्टी केन कमिश्नर राजीव राय ने मिल अधिकारियों की बैठक ली। जहां किसानों का बकाया गन्ना भुगतान प्राथमिकता पर करने के निर्देश दिए। मलकपुर मिल पर किसानों का 2025-26 के पेराई सत्र का करीब 350 करोड़ रुपये बकाया है। यही हाल रमाला मिलों का भी है।



### चीनी उत्पादन में महाराष्ट्र अव्वल

2025-26 के पेराई सत्र में प्रदेश का चीनी उत्पादन घटकर 89 लाख मीट्रिक टन रह गया, जो पिछले वर्ष 91 लाख मीट्रिक टन था। इस गिरावट के साथ प्रदेश देश का सबसे बड़ा चीनी उत्पादक राज्य नहीं रह गया और महाराष्ट्र आगे निकल गया। विशेषज्ञों के अनुसार यह बदलाव पूरे गन्ना अर्थतंत्र के दबाव का संकेत है।

### खांडसारी की ओर झुके किसान

इस सत्र में गन्ना खांडसारी इकाइयों की ओर गया। कारण साफ है कि बेहतर दाम और जल्दी भुगतान। जहां मिलों का राज्य परामर्शित मूल्य करीब 400 रुपये प्रति क्विंटल रहा, वहीं खांडसारी इकाइयों ने 450 रुपये तक कीमत दी। इससे मिलों को पर्याप्त गन्ना नहीं मिला और उत्पादन प्रभावित हुआ।

# बंगाल की पहचान काबा नहीं, मां कालीबाड़ी से : योगी

## पश्चिम बंगाल की चुनावी सभाओं में गरजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कहा- 4 मई को लहराएगा भगवा ध्वज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- टीएमसी आतंक, माफिया राज और भ्रष्टाचार का पर्याय, राज्य का अस्तित्व मिटाना चाहते हैं बुआ-भतीजा : योगी

**अमृत विचार:** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल की चुनावी सभाओं में सत्तारूढ़ ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बंगाल की पहचान काबा से नहीं, मां कालीबाड़ी से है। उन्होंने आरोप लगाया कि बुआ-भतीजा (ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी) राज्य के अस्तित्व को कमजोर कर रहे हैं।

कोलकाता के जोरासांको में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पहले चरण में भाजपा 80 प्रतिशत सीटें जीत रही है और 4 मई को राज्य में "भगवा ध्वज" लहराएगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे बंगाल की अस्मिता के साथ खिलवाड़ करने वालों को लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दें। योगी ने टीएमसी शासन को "आतंक, माफिया राज और भ्रष्टाचार का पर्याय" बताते हुए कहा कि यहां उद्योग बंद हो रहे हैं, नौजवान बेरोजगार हैं और किसान परेशान हैं। उन्होंने बंगाल की सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए रवींद्रनाथ टैगोर और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय जैसे महापुरुषों का नाम लिया और आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में उनकी विरासत का सम्मान नहीं हो रहा।


पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के चकदहा में आयोजित चुनावी जनसभा में आए लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

योगी ने कहा कि "गुरुदेव की धरा पर राजनीतिक कब्जा और प्रतीकों का अपमान बंगाल की आत्मा के खिलाफ है।"

वहीं, नदिया जिले के चकदहा में दूसरी सभा में योगी आदित्यनाथ ने 'डबल इंजन सरकार' का नारा देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की तरह बंगाल में भी विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण संभव है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी बंकिम चंद्र घोष के समर्थन में मतदान की अपील करते हुए कहा कि "कमल निशान पर इतना वोट दीजिए कि विपक्ष की जमानत जब्त हो जाए।"

### भाजपा को रोकने की औकात टीएमसी के गुंडों में नहीं

उदयनारायणपुर में टीएमसी के गुंडों की अराजकता व धमकी के बावजूद हजारों की भीड़ चिलचिलाती धूप में सिर पर गमछा और छाता लिए सीएम योगी को देखने-सुनने के लिए उमड़ पड़ी। योगी ने लोगों को आश्वस्त किया कि भाजपा को रोकने की औकात टीएमसी के गुडों में नहीं है। 4 मई के बाद तृणमूल कांग्रेस के गुंडों की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। योगी मंच पर भाजपा कार्यकर्ता स्व. सुबोध जीत की मां से मिले और उनका दर्द बांटा, फिर कहा कि टीएमसी के गुंडों ने सुबोध को मारकर उनके जैसे हजारों कार्यकर्ताओं को पैदा किया है।

## यूपी बीज निगम कर्मियों को मिलेगा सातवां वेतनमान

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. राज्य बीज विकास निगम के कर्मचारियों को सातवां वेतनमान देने का निर्णय लिया है। इस फैसले से लंबे समय से इसकी मांग कर रहे कर्मियों में खुशी की लहर है।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के प्रयासों से यह निर्णय संभव हो सका। अब तक निगम कर्मियों को सरकारी कर्मचारियों की तरह सातवें वेतन आयोग का लाभ नहीं मिल रहा था। निगम की वित्तीय स्थिति में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वर्ष 2019-20 से लगातार लाभ में चल रहा निगम वित्तीय वर्ष 2025-26 में 40 करोड़ रुपये से अधिक मुनाफा अर्जित करने की स्थिति में है। वहीं 2024-25 तक निगम का कुल संचित लाभ 143.07 करोड़ रुपये पहुंच चुका है।

## न्यूज ब्रीफ

### गोरखपुर में विकास परियोजनाओं का आज लोकार्पण करेंगे योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को सुबह 10 बजे राप्ती इको पार्क में आयोजित कार्यक्रम में गोरखपुर नगर निगम क्षेत्र की 497 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। करीब 1,055 करोड़ की लागत वाली इन परियोजनाओं में नौसड़-मलौनी सड़क मार्ग, कूड़ा निस्तारण व्यवस्था से विकसित राप्ती इको पार्क, सड़क निर्माण, पेयजल, सीवरेज और जल निकासी से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री स्वच्छ स्कूल अभियान के पोस्टर और टूलकिट का भी विमोचन करेंगे। यह कार्यक्रम गोरखपुर में शहरी आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और स्वच्छता व विकास को नई गति देने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

### परिवहन विभाग के कर्मियों का पांच फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने परिवहन विभाग के करीब 14 हजार नियमित अधिकारियों और कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए उनके महंगाई भत्ते (डीए) में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। इस निर्णय से कर्मचारियों के वेतन में 55 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दिया जाएगा। परिवहन विभाग की अपर मुख्य सचिव अर्चना अग्रवाल की ओर से 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ोतरी का आदेश जारी कर दिया गया है। अब निगम के पूर्णकालिक कार्मिकों को 7वें वेतनमान में 55 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किशत के भुगतान की स्वीकृति 1 जनवरी 2026 से दी गई है। महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाने को लेकर गठित एम्पावर्ड कमेटी की ओर से इसकी संस्तुति की गई थी। फिलहाल इसके लिए कोई एरियर अनुमन्य नहीं होगा। भविष्य में भत्ते की बढ़ी किश्तों के लिए पुन: कमेटी के सामने रखा जाएगा।

### कृषि मंत्रियों की जोनल कॉन्फ्रेंस कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभिन्न प्रांतों के कृषि मंत्रियों के लिए राजधानी लखनऊ में 24 अप्रैल को 'जोनल कॉन्फ्रेंस-2026' का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन सुशांत गोल्फ सिटी स्थित द सेंट्रम होटल में होगा, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री करेंगे। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश सहित उत्तराखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के कृषि मंत्री शामिल होंगे। साथ ही चंडीगढ़ और लद्दाख के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। सुबह 9 :30 बजे से शाम 7 :30 बजे तक चलने वाले इस सम्मेलन में कृषि विकास, किसानों के कल्याण और विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से चर्चा होगी। साथ ही क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने पर भी जोर दिया जाएगा।

### केशव मौर्य ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ/प्रयागराज :** प्रयागराज में आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह-2026' में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया। यह कार्यक्रम संस्कृति आईएएस द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग-2024 में चयनित युवाओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक सेवा केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का अवसर है। साथ ही, युवाओं को ईमानदारी, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने प्रयागराज को प्रतियोगी छात्रों का प्रमुख केंद्र बताते हुए कहा कि यहां की पावन भूमि परिश्रम और सफलता की प्रेरणा देती है। इस मौके पर संस्थान के निदेशक अखिल मूर्ति समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा की प्रोविजनल उत्तरकुंजी जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/प्रयागराज

- आपत्तियां दर्ज करने की अंतिम तिथि 28 अप्रैल

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने 18 और 19 अप्रैल को आयोजित सहायक आचार्य लिखित पुनर्परीक्षा की प्रोविजनल उत्तरकुंजी जारी कर दी है। अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध मास्टर सेट उत्तरकुंजी के माध्यम से अपने प्रश्नपत्र का मिलान कर सकते हैं।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने अभ्यर्थियों से सावधानीपूर्वक उत्तरों का मिलान करने की अपील की है। यदि किसी प्रश्न या उत्तर पर आपत्ति हो तो उसे केवल ऑनलाइन माध्यम से ही दर्ज किया जा सकेगा। इसके लिए आयोग ने विशेष लिंक जारी किया है, जहां अभ्यर्थी लॉगिन कर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। आपत्तियां दर्ज करने की अंतिम तिथि 28 अप्रैल 2026 की रात 12 बजे तक निर्धारित की गई है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि ऑफलाइन, ईमेल या डाक से भेजी गई आपत्तियां स्वीकार नहीं होंगी। यह पूरी प्रक्रिया उच्च न्यायालय में विचाराधीन विशेष अपील संख्या-368/2026 के आदेशों के अधीन संचालित की जा रही है।

## 'यदि मरीज के लिए वेंटिलेटर नहीं तो आंकड़े किस काम के'

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट ने दी नसीहत- न्यूनतम मानकों को पूरा कर संतुष्ट न हों
- पूछा, प्राइवेट अस्पतालों की फीस पर नियंत्रण के लिए क्या कोई नियामक व्यवस्था है

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान अस्पतालों में वेंटिलेटर की उपलब्धता को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने कहा है कि यदि मरीजों को आवश्यकता पड़ने पर वेंटिलेटर उपलब्ध ही नहीं हो पा रहे हैं तो वेंटिलेटरों की संख्या के संबंध में प्रस्तुत आंकड़ों का कोई औचित्य नहीं रह जाता। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि चिकित्सा सुविधाओं के लिए कुल बजट का कितना हिस्सा आवंटित किया गया है? अस्पतालों में सुविधाओं की स्थिति क्या है? मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने वी द पीपल संस्था की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। कोर्ट ने कहा कि प्रश्न यह है कि क्या कोई भी अस्पताल इस स्थिति में है कि वह शपथपत्र पर यह कह सके कि जब भी किसी मरीज को वेंटिलेटर की आवश्यकता होती है तो अस्पताल उसे उचित समय के भीतर वेंटिलेटर उपलब्ध करा देगा। यदि ऐसा नहीं है, तो शपथपत्र में दिए गए आंकड़ों का कोई अर्थ नहीं रह जाता। प्रयास यह होना चाहिए कि पर्याप्त संख्या में वेंटिलेटर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वेंटिलेटर की अनुपलब्धता के कारण किसी की मृत्यु न हो। कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रस्तुत आंकड़े इस पहलू पर संतोषजनक नहीं हैं। वस्तुतः ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य में यह निर्धारित करने की कोई व्यवस्था ही नहीं है कि अस्पताल में वेंटिलेटर की मांग क्या है और जीवन बचाने हेतु कितने वेंटिलेटर उपलब्ध होने चाहिए। जब तक यह व्यवस्था विकसित नहीं की जाती, तब तक इस प्रकार के आंकड़े देना निरर्थक होगा। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार इस पूरे विषय पर पुनर्विचार करे और सिर्फ राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानकों जैसे कि अस्पतालों में कुल बेड का 10 से 15 प्रतिशत वेंटिलेटर की उपलब्धता से संतुष्ट न रहे।




कोर्ट ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग और केंद्र सरकार को भी पक्षकार बनाते हुए नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने निजी अस्पतालों व क्लीनिकों के नियमन तथा उनकी फीस और सेवाओं की निगरानी व्यवस्था की जानकारी भी मांगी। न्यायालय ने कहा कि सरकार यह भी स्पष्ट करे कि क्या किसी कानून, नियम या अन्य किसी प्रावधान के तहत निजी अस्पतालों के संचालन को नियंत्रित करने के लिए कोई नियामक व्यवस्था है, विशेषकर मरीजों के उपचार के लिए वसूले जाने वाले शुल्क के संबंध में। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल केवल लखनऊ तक सीमित न रहें, बल्कि अन्य जिलों में भी विकसित किए जाएं। सरकारी डॉक्टरों के कम वेतन के कारण उनके निजी क्षेत्र में जाने की प्रवृत्ति पर भी कोर्ट ने चिंता जताई। कहा कि सरकारी डॉक्टरों को दिए जा रहे वेतन की पर्याप्तता का प्रश्न भी विचारणीय है, विशेषकर निजी अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों को दिए जा रहे वेतन की तुलना में।

## 427 हज यात्रियों की पहली खेप ने भरी उड़ान

### मंत्री दानिश आजाद ने दिखाई हरी झंडी, पहली बार एआई और स्मार्ट वॉच का इस्तेमाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश से हज-2026 की शुरुआत बुधवार को हुई, जब अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने पहली खेप के हज यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहली उड़ान में कुल 427 यात्री सऊदी अरब के लिए रवाना हुए, जिनमें 222 पुरुष और 205 महिलाएं शामिल हैं।

इस मौके पर मंत्री ने यात्रियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह यात्रा शांति, सुकून और आध्यात्मिक अनुभव से भरपूर हो। उन्होंने बताया कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने हज यात्रियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं, ताकि किसी भी स्तर पर कोई असुविधा न हो।



लखनऊ स्थित हज हाउस से हज यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी व अन्य।

इस अवसर पर मौलाना उमैर इलयासी, यासूब अब्बास सहित कई धर्मगुरु और अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने यात्रियों की सफल और सुरक्षित यात्रा की कामना की।

इस वर्ष हज यात्रा में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल किया गया है। यात्रियों को दी गई स्मार्ट वॉच के जरिए अजान का समय, लोकेशन ट्रैकिंग और इमरजेंसी सहायता की सुविधा मिलेगी। वॉच में लगे जीपीएस सिस्टम से खोए हुए यात्रियों को आसानी से ढूंढा जा सकेगा, जबकि इमरजेंसी बटन दबाते ही कुछ ही मिनटों में सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## जनगणना-2027 की तैयारी तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि पहले चरण के तहत हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस 22 मई से 20 जून 2026 के बीच हर हाल में पूरा कराया जाए और इससे पहले एनुमरेटर्स व सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से पूरा हो। साथ ही बताया कि उन्होंने बताया कि 7 से 21 मई के बीच प्रदेश में लोग ऑनलाइन स्व-गणना (सेल्फ एनुमरेशन) फार्म भर सकेंगे। मुख्य सचिव बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर जनगणना-2027 की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा, व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जाए, ताकि अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## मनरेगा श्रमिकों के लिए 1789 करोड़ रुपये जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्र ने पहली किस्त की मंजूर लंबित बकायों का होगा भुगतान
- पारदर्शिता के लिए डिजिटल भुगतान पर जोर

**अमृत विचार :** प्रदेश में मनरेगा श्रमिकों के लिए बड़ी राहत की खबर है। केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत पहली किस्त जारी करते हुए राज्य को 1789.79 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस राशि में पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 के करीब 1129.55 करोड़ रुपये के लंबित भुगतान भी शामिल हैं, जिससे श्रमिकों के बकाये का निपटारा जल्द हो सकेगा।

जारी बजट को विभिन्न श्रेणियों में बांटा गया है। इसमें अनुसूचित जाति के लिए 536.65 करोड़ रुपये, अनुसूचित जनजाति के लिए 45.53 करोड़ रुपये और अन्य श्रेणियों के लिए 1207.60 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी भुगतान तय गाइडलाइंस के अनुसार समय से किए जाएं और किसी भी प्रकार का दोहरा भुगतान न हो। उन्होंने कहा कि खर्च का पूरा विवरण 'मनरेगा सॉफ्ट' पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पूरी धनराशि 'नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड मैनेजमेंट सिस्टम' (एनईएफएमएस) के माध्यम से सीधे श्रमिकों के बैंक खातों में भेजी जाएगी।

## पार्टी का जनाधार बढ़ाएं कार्यकर्ता



**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सभी जिला अध्यक्षों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से कैडर के जरिए पार्टी का जनाधार बढ़ाने और आर्थिक मजबूती पर विशेष ध्यान देने को कहा है।

बसपा प्रमुख ने बुधवार को पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देश दिया कि बैठकों में बीएसपी सरकार के दौरान हुए विकास कार्यों और जनहित योजनाओं को जनसामान्य को प्रमुखता से बताया जाए। उन्होंने बताया कि वह पार्टी कार्य से दिल्ली जा रही हैं और कार्य पूरा होते ही जल्द वापस लौटेंगी। महिला आरक्षण मुद्दे पर धरना-प्रदर्शन न करने की हिदायत देते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि इस मुद्दे पर भ्रम न फैलने दें।

## आरटीई : 25 अप्रैल तक हर हाल में लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शत-प्रतिशत नामांकन को लेकर प्रदेश सरकार सख्त
- डीएम और बीएसए ने लापरवाही की तो कार्रवाई तय

**अमृत विचार:** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत गरीब बच्चों के नामांकन में धीमी प्रगति पर प्रदेश सरकार ने सख्त रुख अपना लिया है। अपर मुख्य सचिव, बेसिक व माध्यमिक शिक्षा सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलाधिकारियों और बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया है कि 25 अप्रैल तक हर हाल में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए।

वर्ष 2026-27 के लिए आरटीई के तहत 1,95,740 बच्चों का आवंटन किया गया है, लेकिन अब तक केवल 1,08,866 बच्चों का ही प्रवेश हो सका है। इस पर सरकार ने गंभीर संज्ञान लेते हुए शेष बच्चों के दाखिले के लिए फील्ड स्तर पर तेज कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निर्देश में स्पष्ट कहा गया है कि जिन बच्चों का अभी तक नामांकन नहीं हुआ है, उनकी सूची तैयार कर तत्काल संबंधित विद्यालयों से समन्वय स्थापित किया जाए और प्रवेश प्रक्रिया पूरी कराई जाए। किसी भी स्तर पर देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। सरकार ने पूरे अभियान की सख्त मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को रोजाना प्रगति की समीक्षा करने को कहा गया है, ताकि तय समयसीमा के भीतर लक्ष्य हासिल किया जा सके।

### अब ऐसे होगी कार्रवाई

- *लंबित बच्चों की सूची तैयार कर तत्काल प्रवेश
- *स्कूलों से समन्वय बढ़ाकर प्रक्रिया तेज
- *रोजाना प्रगति की समीक्षा अनिवार्य
- *समयसीमा से चूकने पर जिम्मेदारी तय

### क्या है आरटीई प्रावधान

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित रहती हैं। इन सीटों पर चयनित बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित कराना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी होती है।

केजीएमयू का मामला — लारी कार्डियोलॉजी से जुड़े संपर्कों की पड़ताल, गंभीर आरोपों पर प्रशासन सतर्क

# फर्जी डॉक्टर प्रकरण में कई विभागों तक फैली जांच की आंच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में पकड़े गए फर्जी डॉक्टर हस्साम अहमद मामले ने तूल पकड़ लिया है। जांच का दायरा लगातार बढ़ रहा है और विश्वविद्यालय के कई विभागों से आरोपी के संपर्क होने की बात सामने आ रही है। हालांकि, कई दावों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

प्रारंभिक जांच में आरोपी की पहुंच विशेष रूप से लारी कार्डियोलॉजी विभाग तक बताई जा रही है। यहां उसके प्रभाव और संपर्कों को लेकर जांच एजेंसियां जानकारी जुटा रही हैं। एक कार्डियक टेक्नीशियन का नाम भी सामने आया है, जिसे कथित तौर पर कार्डियो सेवा फाउंडेशन का को-फाउंडर बताया जा रहा है। इसके अलावा, डीएम कार्डियोलॉजी की पढ़ाई कर चुके एक डॉक्टर से भी आरोपी की करीबी की बात कही जा रही है।


केजीएमयू में फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार, धर्मांतरण रैकेट की आशंका
साजिश
- 12वीं पास आरोपी हस्साम खुद को सीनियर बताकर जमाता था रौब
- फर्जी कॉन्फ्रेंस के नाम पर मेडिकल छात्राओं को दिल्ली ले जाने की कर रहा था तैयारी
व्हाट्सएप पर बनाई फर्जी पहचान

अमृत विचार में बुधवार के अंक में प्रकाशित खबर।

पूरे प्रकरण में ब्रेनवॉश, धर्मांतरण और अन्य गंभीर आरोपों की भी चर्चा है, लेकिन अभी तक इन आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। अधिकारियों का कहना है कि जांच तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर ही आगे बढ़ाई जाएगी।

वहीं, केजीएमयू प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आंतरिक जांच शुरू कर दी है। यदि किसी भी कर्मचारी या छात्र की संलिप्तता पाई जाती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल संदिग्ध टेक्नीशियन की पहचान और भूमिका की जांच जारी है।

### छात्रों के लिए जारी हुई एडवाइजरी

केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि परिसर में मेडिकल छात्र-छात्राओं के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें छात्रों को बाहरी व्यक्तियों के किसी भी झांसे या लालच में न आने की सख्त हिदायत दी गई। छात्रों को सलाह दी गई कि वे अंजान लोगों से दूरी बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। किसी भी संस्थान, कैंप या कॉन्फ्रेंस से जुड़ी जानकारी को आधिकारिक माध्यमों से सत्यापित करना अनिवार्य बताया गया है। प्रशासन ने कहा कि छात्र-छात्राएं किसी भी समस्या की जानकारी हॉस्टल वार्डन, प्रॉक्टोरियल बोर्ड या पुलिस को दे सकते हैं। सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### निजी कॉलेजों तक नेटवर्क की आशंका

पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपी के नेटवर्क में कुछ निजी मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टरों की संलिप्तता की आशंका है। बताया जा रहा है कि शिविरों के माध्यम से छात्रों और डॉक्टरों को जोड़कर प्रभाव बढ़ाया जाता था। हालांकि, पुलिस इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी ने किस तरह अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस और बड़े संस्थानों के नाम पर लोगों को अपने झांसे में लिया। साथ ही, छात्राओं को विदेश भेजने की साजिश के पीछे के उद्देश्य की भी जांच की जा रही है।

## स्किल डेवलपमेंट को रोजगार से जोड़ने पर जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


मंत्री कपिल देव अग्रवाल

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य के तहत सरकार ने कौशल विकास योजनाओं पर फोकस बढ़ा दिया है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने निर्देश दिए कि स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रमों को सीधे रोजगार से जोड़ा जाए, ताकि प्रशिक्षण के बाद युवाओं को तुरंत अवसर मिल सकें।

समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि कौशल विकास केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रहकर युवाओं को इंडस्ट्री-रेडी बनाने पर केंद्रित होना चाहिए। इसके लिए आईटीआई संस्थानों में गुणवत्ता सुधार, आधुनिक तकनीकों को शामिल करने और पाठ्यक्रम को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप अपडेट करने पर जोर दिया गया।

मंत्री ने आईटीआई के आधुनिकीकरण, टाटा टेक्नोलॉजीज के साथ सहयोग और ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग को बढ़ावा देने की बात कही। साथ ही बढ़ते ड्रॉपआउट पर चिंता जताते हुए समाधान लागू करने के निर्देश दिए। 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत न्यू एज टेक्नोलॉजी आधारित कोर्स शुरू कर युवाओं को रोजगार योग्य बनाने पर भी बल दिया गया।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# 'सिटी' की बजी सीटी और गुल हो गई 32 हजार लोगों की बिजली

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** चौक विद्युत उप केन्द्र में मंगलवार रात यार्ड में स्थापित 'सिटी' (करंट ट्रांसफार्मर) यूनिट में अचानक आग लग गई। तेज आवाज के साथ चौक विद्युत उप केन्द्र के अधीन करीब 32 हजार लोगों की बिजली गुल हो गई। कर्मियों के मुताबिक ओवरलोड होने के कारण यह तकनीकि खराबी आई, जिसे बुधवार दोपहर तक दुरुस्त कर लिया गया। बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

विद्युत उप केन्द्र के प्रत्यक्षदर्शी कर्मियों के मुताबिक पहले तेज सायरन जैसी आवाज आई, फिर ट्रांसफार्मर से धुआं निकलने लगा और कुछ ही देर में आग लग गई। आग पर काबू पाते हुए बिजली आपूर्ति ठप कर दी गई, जिससे स्थिति नियंत्रण में आ गई। बताया कि इससे करीब 35 हजार आबादी प्रभावित हुई। रात में अचानक बिजली गुल होने से लोगों को गर्मी और पानी की किल्लत झेलनी पड़ी, बुधवार सुबह तक हालात सामान्य नहीं हो सके, जिससे लोगों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हुई।


चौक विद्युत उपकेन्द्र की सिटी करंट ट्रासफार्मर में आई खराबी ठीक करते बिजलीकर्मी।

- चौक विद्युत उप केन्द्र में मंगलवार देर रात 'करंट ट्रांसफार्मर' में लगी आग
- ठप हुई आपूर्ति, बुधवार दोपहर बाद हुई सुचारू

दोपहर बाद दो बजे इलाके की आपूर्ति सामान्य हुई।

पॉवर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के अनुसार भीषण गर्मी के कारण अंधाधुंध एयर कंडीशन आदि का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे ओवरलोड अधिक हो गया था। इससे पहले भी दो बार ट्रिपिंग हुई लेकिन आपूर्ति सामान्य रही। अवर अभियन्ता नरेश जायसवाल ने बताया कि सुबह तकनीकि टीम को लगा कर दोपहर आपूर्ति सुचारू कर दी गई। विद्युत उप यार्ड को किसी भी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई।

## कैसे काम करता है करंट ट्रांसफार्मर

एक प्रकार का इंस्ट्रूमेंट ट्रांसफार्मर है जो उच्च प्रत्यावर्ती धारा (एसी) को सुरक्षित और मापने योग्य निम्न धारा (आमतौर पर 1एम्पियर या 5 एम्पियर) में बदलता है। यह मुख्य रूप से बिजली ग्रिड, सबस्टेशन और मीटरिंग में उच्च करंट की निगरानी और सुरक्षा के लिए उपयोग किया जाता है। यह विद्युत चुम्बकीय प्रेरण के सिद्धांत पर काम करता है। यह प्राथमिक सर्किट में बहने वाली उच्च धारा को कम करके मीटर, रिले और अन्य उपकरणों को मापने के लिए एक सुरक्षित अनुपात प्रदान करता है।33 केवीए, 11 केवीए लाइन में हजारों एम्पियर करंट होता है। इतना बड़ा करंट सीधे मीटर में नहीं भेज सकते। सिटी उसे घटाकर मीटर तक भेजता है जिससे यूनिट की सही गणना हो सके। जब लाइन में फॉल्ट या शॉर्ट सर्किट होता है तो करंट अचानक 10-20 गुना बढ़ जाता है। सिटी इस बढ़े करंट को सेंस करके प्रोटेक्शन रिले को सिग्नल देता है। रिले तुरंत ब्रेकर ट्रिप करा देता है और आग/ब्लास्ट से बचाता है।

## शासन के एक पत्र ने विभागों में मचाई हलचल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्रदेश शासन से जारी एक पत्रसे विभागों में हलचल शुरू हो गई है। यह पत्र सीएम योगी के जिलों के भ्रमण के साथ स्थलीय निरीक्षण और विकास कार्यों की समीक्षा से जुड़ा है। पत्र तो अभी केवल शिक्षा विभाग में पहुंचा है लेकिन माना जा रहा है कि सभी विभागों से जुड़े कार्य इसके दायरे में होंगे। जारी पत्र में सीएम के दौरे की अभी कोई तारीख नहीं बताई गई है लेकिन निकट भविष्य में संभावना व्यक्त की गई है। कहा गया है भ्रमण, स्थलीय निरीक्षण के दौरान राजकीय इंटर कॉलेज, उच्च प्रथमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया जा सकता है। शासन के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा की ओर से यह पत्र मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशकों, सहायक निदेशकों, जिला विद्यालय निरीक्षकों के साथ सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भेजा गया है। साफ है कि सीएम अपने भ्रमण के दौरान केवल शिक्षा से जुड़े विद्यालयों का ही निरीक्षण नहीं करेंगे। बल्कि विभिन्न विभागों से कराए जा रहे कार्यों, चल रही परियोजनाओं के साथ जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ लाभार्थियों से भी मिल सकते हैं। ऐसे में लगभग सभी विभाग इसके दायरे में होंगे। अब विभागों के अधिकारी से कर्मचारी तक सक्रिय हो रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अभियान में 19 बाइक का चालान

**अयोध्या, अमृत विचार।** परिवहन विभाग व यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे अभियान में बुधवार को मोडिफाइड साइलेंसर, हूटर एवं सायरन एवं प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने वाले 19 वाहनों का चालान किया गया। एआरटीओ प्रशासन डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि टीम ने नाका, देवकाली ओवरब्रिज समेत शहर के कई महत्वपूर्ण चौक चौराहों पर वाहनों की जांच की। हूटर, सायरन व प्रेशर हॉर्न की बिक्री करने वालों के विरुद्ध पुलिस एवं परिवहन विभाग को कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान में एआरटीओ प्रवर्तन गुलाबचंद, यात्री मालकर अधिकारी राजेश कुमार व रानी सेंगर समेत यातायात निरीक्षक विवेक मौर्या शामिल रहे।

### 56 छात्रों का हुआ साक्षात्कार

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय आईईटी संस्थान में मास इंजीनियर्स ने प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। निदेशक प्रो. एस. एस. मिश्र ने बताया मास इंजीनियर्स हैदराबाद स्थित एक प्रमुख इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है। ड्राइव में 56 छात्रों का कंपनी में चयन के लिए लिखित परीक्षा के बाद साक्षात्कार कराया गया। कंपनी के चयन प्रक्रिया का अंतिम निर्णय प्रतीक्षित है। डॉ. वंदिता पांडेय, डॉ. चंदन अरोड़ा, डॉ. मयंक अग्रवाल, डॉ. दिनेश राव सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### श्रद्धालु का गुम हुआ पर्स पुलिस ने लौटाया

**अयोध्या, अमृत विचार।** अयोध्या दर्शन पूजन के लिए आई कश्मीरा बेन पत्नी सुनील भाई पटेल निवासिनी मोटोमाड़ थाना वालम जिला मेहसाणा, गुजरात का रुपये से भरा पर्स हनुमानगढ़ी मंदिर में कहीं गुम हो गया। सूचना पर पहुंचे ड्यूटी पर तैनात मुख्य आरक्षी सत्य प्रकाश ने पर्स को ढूंढकर उनके सुपुर्द किया। पर्स में 22,500 रुपये थे। महिला व उसके परिवार के लोगों ने अयोध्या पुलिस का आभार जताया।

### कॉरपोरेशन अफसरों ने की उद्यमियों के साथ बैठक

**अयोध्या, अमृत विचार :** पॉवर कॉरपोरेशन के अफसरों ने बुधवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय के पीछे विद्युत प्रशिक्षण केंद्र में उद्यमियों के साथ बैठक की।इसमें बिजली समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। ट्रिपिंग के साथ कटौती का मुद्दा उद्यमियों ने उठाया। बैठक में सुरेंद्र सिंह, एसबी सिंह, शंकर लाल जायसवाल, विजय विभोर सिंह, सुमित, के साथ अधिशासी अभियंता के साथ अन्य अफसर मौजूद थे।

### गुमटी में घुसा ट्रैक्टर, बाल-बाल बचा दुकानदार

**पूराबाजार, अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के कोड़री चौराहे पर बुधवार शाम अनियंत्रित ट्रैक्टर पान की गुमटी में घुस गया। गुमटी क्षतिग्रस्त हो गई। दुकानदार मोहतसिमपुर गांव निवासी सुमित गुप्ता पुत्र कुंजलाल गुप्ता बाल-बाल बच गया।वो उस समय लघु शंका के लिए गया था। दो बाइक व पान की गुमटी क्षतिग्रस्त हो गई।

### आग से चार बीघा गेहूं व पराली जलकर राख

**पूराबाजार, अमृत विचार :** महाराजगंज थाना क्षेत्र के द्वारिकापुर में लगी आग से लगभग चार बीघा गेहूं की फसल और 20 बीघा खेत में खड़ी पराली जलकर राख हो गई। थानाध्यक्ष महाराज राजेश सिंह ने बताया कि राजेश गुप्ता व शिवमंगल गुप्ता की लगभग चार बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। वही गांव के ललित प्रताप सिंह के परिवार की लगभग 20 बीघा पराली भी जलकर राख हो गई। ललित ने बताया कि गेहूं निकाल लेने के बाद पराली खेत में खड़ा था जिसका भूसा बनना था।

# ट्रैफिक सिग्नल नहीं तो कहीं लापरवाही से लग रहा जाम

**पड़ताल**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** रिड्यूशिंग ट्रैफिक कंजेशन (आरटीसी) योजना के तहत शहर के 10 मार्गों को जाम व अतिक्रमण मुक्त बनाने की योजना बनाई गई है। इसमें शहर के आठ व ग्रामीण इलाकों के दो मार्गों को चिह्नित किया गया है। इन मार्गों में पूरे वर्ष श्रद्धालुओं से भरी रहने वाले रामनगरी के भी दो मार्ग हैं।

अमृत विचार टीम ने बुधवार को इनमें से कुछ मार्गों की पड़ताल की गई तो हालात उपरोक्त दृश्य की तरह नजर आए। कहीं जाम तो कही अतिक्रमण नजर आया। यह हाल तब है जब 14 अप्रैल को योजना के तहत चलाए गए अभियान में भारी संख्या में वाहनों के चालान किए गए थे। पड़ताल में पाया गया कि देवकाली ओवरब्रिज के नीचे यातायात सिग्नल के अभाव में जाम की समस्या सामने आ रही है। ये चार सीन इसकी बानगी भर हैं:-

### ये 10 मार्ग हुए चिह्नित

1. मनूचा तिराहा से यश पेपर मिल तक।
2. रिकाबगंज चौराहा से मनूचा तिराहा तक।
3. मकबरा तिराहा से मसौधा बाजार तक।
4. बेनीगंज चौराहा से फतेहगंज चौराहा तक।
5. अग्रसेन चौक से मऊ शिवाला तक।
6. दूरदर्शन चौराहा से मऊ शिवाला तक।
7. रायगंज कनीगंज तिराहा से रामघाट चौराहा तक।
8. पोस्ट ऑफिस तिराहा से टेढ़ी बाजार तक।
9. मुकेरीपुर गोसाईगंज बाजार से बाईपास गोसाईगंज तक।
10. पिपरी जलालपुर तिराहा से कस्बा बीकापुर तिराहा तक।

## आरटीसी योजना में चयनित 10 मार्गों का हाल, देवकाली ओवरब्रिज के नीचे हर समय रहता जाम


श्रीराम जन्मभूमि पथ के सामने सड़क किनारे खड़े बाहरी नंबर के वाहन।

### रामपथ के दोनों किनारों पर खड़े वाहन

**सीन-1** यह दृश्य राम मंदिर जाने वाले प्रमुख मार्ग श्रीराम जन्मभूमि पथ के सामने का है। जो आरटीसी योजना में पोस्ट ऑफिस तिराहे से टेढ़ी बाजार मार्ग के बीच में पड़ता है। यहां बाहरी नंबर के वाहन रामपथ के दोनों किनारों पर खड़े हैं। यह यातायात व सुरक्षा दोनों की दृष्टि से ठीक नहीं है। इस मार्ग पर रूट मार्शल की तैनाती भी है लेकिन वह नजर नहीं आए।

## पोस्ट ऑफिस तिराहा से श्रीराम अस्पताल तक के फुटपाथ पर अतिक्रमण का जाल


हनुमानगढ़ी चौराहे के पास फुटपाथ पर अतिक्रमण।

### पटरी दुकानदारों ने किया अतिक्रमण

**सीन-2** आरटीसी योजना में चयनित मार्ग में हनुमानगढ़ी चौराहे के पास दोनों ओर फुटपाथ पर पटरी दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया गया है। जबकि योजना के अनुसार इस मार्ग पर सड़क व फुटपाथ दोनों को अतिक्रमण मुक्त रखना है। फुटपाथ पर कई स्थानों पर स्थानीय दुकानदारों ने अपनी बाइक भी खड़ी कर रास्ते को बाधित कर रखा है।

## रायगंज तिराहे से रामघाट मार्ग पर ऑटो-ई रिक्शा वाहनों का कब्जा


दंतधावनकुंड मार्ग पर सड़क पर प्रतिबंध के बाद भी खड़े ई रिक्शा।

### प्रतिबंध के बावजूद अवैध स्टैंड

**सीन-3** आरटीसी योजना में रायगंज तिराहे से रामघाट चौराहे तक के मार्ग को चिह्नित किया गया है। हाईवे व अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन से राम मंदिर जाने वालों मार्गों में यह प्रमुख मार्ग है। यहां दंतधावनकुंड मोड़ पर ही भारी अतिक्रमण है, साथ यहां ई- रिक्शा वाहनों ने प्रतिबंध के बावजूद अवैध स्टैंड बना रखा है। यहां यातायात कर्मियों की तैनाती भी है, लेकिन वह कार्रवाई करते नजर नहीं आते।

**सीन-4**

### शो पीस बना यातायात सिग्नल

आरटीसी योजना में चयनित मनूचा तिराहा से यश पेपर मिल तक के मार्ग में पड़ने वाले देवकाली ओवरब्रिज शहर में जाम के सबसे बड़े इलाके के रूप में जाना जाता है। यहां यातायात सिग्नल भी नहीं लगा है। मनूचा तिराहे पर लगा है तो वह मात्र शो पीस बना हुआ है। वहीं, इस मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान सड़क के दोनों ओर बनाए डक्ट के सड़क से ऊंचा होने के कारण आवासीय व व्यवसायिक लोगों को अपने वाहन सड़क किनारे ही खड़े करने पड़ते हैं।

देवकाली ओवरब्रिज पर लगा जाम।


### 5ई मॉडल पर कार्रवाई करने की है योजना

जाम कम करने व अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए चयनित 10 मार्गों पर 5ई मॉडल के तहत कार्रवाई की योजना बनाई है। इसमें शिक्षा व जागरुकता, प्रवर्तन कार्रवाई, इंजीनियरिंग व तकनीकी हस्ताक्षेप, अतिक्रमण विरोधी अभियान व ई-रिक्शा संचालन पर नियंत्रण आदि शामिल हैं। योजना में एआई आधारित तकनीक का भी इस्तेमाल करने की भी बात कही जा रही है। जिससे न्यूनतम, अधिकतम और औसत यात्रा समय का विश्लेषण ग्राफ और तालिका के रूप में मिलेगा। नोडल अधिकारी अपने स्मार्टफोन से अपने क्षेत्र के चिन्हित मार्गों की रियल टाइम स्थिति और जाम के बिंदु देख सकेंगे। योजना के तहत प्रत्येक चिह्नित मार्ग पर एक रूट मार्शल नियुक्त किया गया है, जो उस मार्ग पर ट्रैफिक प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालेगा। यह जिम्मेदारी यातायात निरीक्षक या उपनिरीक्षक स्तर के कर्मियों को दी गई है।

> सभी 10 मार्गों पर टीएसआई स्तर के अधिकारी को रूट मार्शल बनाया गया है। इसके साथ ही मार्गों के बीच में पड़ने वाले प्रमुख चौराहों व प्वॉइंटों पर यातायातकर्मी लगाए गए हैं। एक-एक टीआई को तीन से चार मार्गों के सुपरविजन का दायित्व सौंपा गया है। सभी मार्गों की निगरानी की जा रही है। -एपी सिंह, एसपी यातायात।

## कनेक्शन ठीक कर रहे कर्मी की गिरकर मौत

**सोहावल, अमृत विचार:** क्षेत्र के भग्गू का पुरवा स्थित विद्युत उपकेंद्र से जुड़े बनकटवा गांव में लाइन ठीक करने के दौरान संविदा कर्मचारी माता दीन उर्फ गुड्डू (30) पुत्र रामबरन निवासी सिकन्दरपुर ड्योढ़ी बजार विद्युत पोल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जेई काली चरण व अन्य कर्मचारी उन्हें दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। एसडीओ अरशद अली ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है।

## बार एसोसिएशन ने दी जिलाधिकारी को विदाई

**अयोध्या, अमृत विचार :** स्थानांतरित जिला अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे को बार एसोसिएशन ने बुधवार को समारोह पूर्वक विदाई दी। कचहरी स्थित आचार्य नरेंद्र देव सभागार में इस मौके पर बार अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र ने अंगवस्त्रम तथा भगवान राम की मूर्ति देकर उन्हें सम्मानित किया। उनकी कार्यकारिणी ने जिलाधिकारी का माल्यार्पण करके स्वागत किया। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को पुष्प गुच्छ भेंट किया। इस मौके पर जिला जज रणंजय कुमार वर्मा ने कहा कि उन्होंने कई जिलाधिकारियों के कार्यकाल को देखा है, लेकिन निवर्तमान जिलाधिकारी ने अधिवक्ता के प्रति जो आदर भाव और उनकी समस्याओं के निस्तारण के प्रति जो संवेदना दिखाई वह अन्य लोगों में बहुत कम दिखाई पड़ती है। कार्यक्रम को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर समेत अन्य ने संबोधित किया।

# पारदर्शीऔर जनकेंद्रित प्रशासन प्राथमिकता : डीएम

अयोध्या कार्यालय

**नए जिलाधिकारी ने ग्रहण किया पदभार**

**अमृत विचार:** वर्ष 2015-16 बैच के आईएएस शशांक त्रिपाठी ने बुधवार को जिलाधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया। अयोध्या पहुंचने पर राम लला के दर्शन के बाद उन्होंने कोषागार के डबल लॉक में पदभार ग्रहण किया। कलेक्ट्रेट में उन्हें गॉर्ड ऑफ ऑनर का सम्मान दिया गया। अफसरों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। अन्य जरूरी जानकारी ली ।

मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत में कहा कि रामनगरी में कार्य करने का अवसर उनके लिए गौरव की बात है। अयोध्या को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति की नगरी बताते हुए श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर जोर दिया। कहा कि पारदर्शी, जवाबदेह और जनकेंद्रित प्रशासन उनकी प्राथमिकता होगी। विशेष रूप से कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, राजस्व कार्यों में तेजी और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने पर जोर दिया।


कलेक्ट्रट सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी।

विकास कार्यों की प्रगति, स्वच्छता अभियान, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं एवं आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों में गति लाने पर बल दिया। अयोध्या की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए आगंतुकों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस दौरान सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह, सीटीओ ममता सिंह, एडीएम वि./रा. अमित कुमार भट्ट, एडीएम सिटी योगानंद पांडेय, एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# अनट्रेंड व कम पढ़े स्टाफ के भरोसे था मां परमेश्वरी देवी अस्पताल

- जच्चा-बच्चा मौत मामले में निजी अस्पताल के लाइसेंस को लेकर उठे सवाल

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** रिकाबगंज क्षेत्र के बल्लाहाता में स्थित मां परमेश्वरी देवी मेमोरियल अस्पताल में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत का मामला गंभीर लापरवाही का उदाहरण बन गया है। स्वास्थ्य विभाग की अब तक की जांच में सामने आया कि अस्पताल अनट्रेंड और कम पढ़े-लिखे स्टाफ के भरोसे चल रहा था। अस्पताल की संचालिका बीएचएमएस डिग्रीधारक थीं। उनके यहां काम करने वाले स्टाफ के पास कोई औपचारिक डिग्री नहीं थी। इतनी अनियमितताएं मिलने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग की निजी अस्पताल के प्रति नरमी दिख रही है। सवाल उठ रहे है कि लाइसेंस रद क्यों नहीं किया गया।

> मामले की विवेचना की जा रही है। अग्रिम जमानत मिली है या नहीं। इस संबंध में कोई आदेश नहीं मिला है। -श्रीयश त्रिपाठी, सीओ सिटी।

> विभाग की ओर से कार्रवाई चल रही है। मैं छुट्टी पर था। अभी लाइसेंस रद किए जाने की सूचना नहीं है। -डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरया, सीएमओ।

मामला एक अप्रैल की शाम का है, 32 वर्षीय सोनी यादव नामक गर्भवती महिला को प्रसव के लिए इस अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर मौके पर मौजूद नहीं थीं। उन्होंने फोन पर स्टाफ को निर्देश दिए। दाई जैसे अनट्रेंड स्टाफ ने प्रसव कराने की कोशिश की। जटिलताएं बढ़ने के बाद भी उचित चिकित्सकीय सुविधा नहीं दी गई, जिससे मां और नवजात शिशु दोनों की मौत हो गई। परिजनों ने हंगामा किया और पुलिस को सूचना दी।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जांच की। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अस्पताल में पैथोलॉजी लैब का बोर्ड तो लगा था, लेकिन सीलिंग कार्रवाई में कोई पैथोलॉजी उपकरण या सुविधा नहीं मिली। स्टाफ की अयोग्यता और बुनियादी चिकित्सा प्रोटोकॉल की अनदेखी स्पष्ट रूप से सामने आई। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को सील कर दिया और संचालिका के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने भी विवेचना शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, संचालिका को कोर्ट से पहले ही बेल मिल चुकी है। परिजन अभी भी न्याय की दरकार में हैं। उन्होंने सरकारी स्तर पर सख्त कार्रवाई की अपील की।

**आरोप** | विशेष सचिव उच्च शिक्षा द्वारा जारी निर्धारित फीस के आदेश का नहीं हो रहा पालन

# अवध विश्वविद्यालय में तय सीमा से अधिक शुल्क का लगा दाग

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** सरकार के स्पष्ट शासनादेश के बावजूद डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में स्नातक छात्रों से निर्धारित सीमा से अधिक परीक्षा शुल्क वसूले जाने के आरोप लगे हैं। विशेष सचिव उच्च शिक्षा गिरिजेश त्यागी ने 8 अप्रैल 2026 को पत्र जारी कर स्नातक स्तर पर परीक्षा शुल्क की अधिकतम सीमा 800 रुपये तय की थी। पत्र में स्पष्ट निर्देश था कि किसी भी दशा में इससे अधिक शुल्क न लिया जाए।

अभिभावकों का आरोप है कि विश्वविद्यालय में इस आदेश का पालन नहीं हो रहा। बीए-बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों से 900 रुपये और छठे सेमेस्टर के छात्रों से 1450 रुपये परीक्षा शुल्क के नाम पर लिए जा रहे हैं। छात्रों का कहना है कि प्रवेश के समय ही विकास शुल्क, कंप्यूटर शुल्क जैसे अन्य मदों में भी अतिरिक्त पैसा लिया जा चुका है।


विशेष उच्च शिक्षा का जारी पत्र

- बोले, कुलसचिव, पूरे मामले की कराई जा रही जांच
- शासन के आदेशों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है विश्वविद्यालय

एक छात्र ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, सरकार ने 800 रुपये तय किए हैं, लेकिन हमसे 1450 रुपये लिए जा रहे हैं। पूछने पर कॉलेज प्रशासन प्रैक्टिकल और अन्य चार्ज का हवाला देता है। अभिभावक मजदूरी कर फीस भरते हैं। छात्र संगठनों ने इस मामले में जवाब मांगा है। उनका कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन की जानकारी में यह वसूली हो रही है। इस संबंध में कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने कहा विशेष सचिव का पत्र मिला है। पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। सभी महाविद्यालयों से फीस का विवरण मांगा गया है। यदि कहीं अधिक शुल्क लिया गया है तो उसे नियमानुसार वापस कराया जाएगा। विश्वविद्यालय शासन के आदेशों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### क्या कहते हैं उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी

उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 8 अप्रैल के शासनादेश में साफ लिखा है कि 800 रुपये से अधिक परीक्षा शुल्क लेना नियम विरुद्ध है। यदि कहीं इसका उल्लंघन हो रहा है तो संबंधित विश्वविद्यालय के कुलसचिव की जिम्मेदारी है कि वह कार्रवाई करें। विशेष सचिव कार्यालय ने भी कहा है कि शिकायतों पर संज्ञान लिया गया है और रिपोर्ट तलब की गई है।

### छात्रों में नाराजगी, विधार्थी परिषद का आज हल्ला बोल

लगातार फीस वृद्धि और नियमों की अनदेखी से छात्रों में भारी आक्रोश है। छात्र नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द अतिरिक्त शुल्क वापस नहीं किया गया और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे कुलपति कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे।


हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन करते नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव।

## भारत की अस्मिता के रूप में स्थापित हुआ राम मंदिर : नंदकिशोर

**बोले, नागालैंड के राज्यपाल, किये रामलला के दर्शन**

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** नागालैंड के राज्यपाल बनने के बाद नंद किशोर यादव ने पहली बार बुधवार को रामलला के दर्शन किये। कहा कि राम मंदिर भारत की अस्मिता के प्रतीक के रूप में स्थापित हुआ है। जिसके निर्माण के बाद देश में आस्था तेजी बढ़ रही है। इसके पहले राज्यपाल को सर्किट हाउस में गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। जहां अल्पविश्राम के बाद राम मंदिर और हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भव्य मंदिर निर्माण के बाद मैं आ नहीं पाया था। राज्यपाल बनने के बाद मैंने तय किया कि मैं भगवान रामलला के दर्शन जरूर करूंगा। देश के लोगों की अपार श्रद्धा इस मंदिर के प्रति है। जो मैं ने दृश्य देखा है उनकी कोई तुलना नहीं हो सकती है। जहां साक्षात भगवान विराजमान है। यही लोगो के लिए प्रेरणा है। भगवान राम के प्रति देश के लोगों की श्रद्धा पहले से ही रही है। मंदिर के निर्माण के बाद एक बार भगवान राम के दर्शन करने की इच्छा सभी के मन में है। उन्होंने यहां की प्रशासनिक व्यवस्था को देखकर आभार व्यक्त किया।

न्यूज ब्रीफ

### वर व वधू पक्ष में हुआ विवाद पुलिस ने सुलझाया

**अयोध्या, अमृत विचार।** थाना तारुन के ग्राम महरई में एक वैवाहिक समारोह के दौरान लेनदेन को लेकर वर-वधू पक्ष में विवाद हो गया। बात बढ़ने पर दोनों थाने पहुंच गए। जहां थाना प्रभारी देवेंद्र पांडेय ने दोनों को समझा बुझाकर राजी किया। थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार रात थाना तारून के महरई गांव में भोपतपुर मसौधा थाना पूराकलन्दर से बारात आई थी। हिंदू रीति रिवाज से विवाह संपन्न हुआ, बुधवार सुबह खिचड़ी की रस्म के समय दोनों पक्ष में किसी बात को लेकर विवाद हो गया इसकी सूचना डायल 112 के माध्यम से स्थानीय पुलिस को मिली तो दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया। उन्हें समझाया गया तो दोनों पक्ष राजी खुशी से आपस में समस्त वैवाहिक रस्म पूरी करने को सहमत हुए। इसके बाद मिशन शक्ति टीम के देख-रेख में कन्या व वर पक्ष द्वारा बहू की विदाई कराई गई।

### सपा नेता का किया स्वागत

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** बीकापुर विधानसभा क्षेत्र से सपा के पूर्व प्रत्याशी हाजी फिरोज खान उर्फ गब्बर ने रौनाही स्थिति अपने आवास पर बुधवार को सपा के वरिष्ठ नेता लौटन राम निषाद का स्वागत किया। भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर से लिखित संविधान की प्रति भेंट की। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता जगदीश यादव, एजाज अहमद, प्रधान अमरनाथ यादव, आशिक यादव आदि थे।

### वामदलों ने मनाया विरोध दिवस

**अयोध्या, अमृत विचार :** नोएडा में मजदूर आंदोलन के दमन और आन्दोलन को बदनाम करने की सरकार की साज़िश का आरोप लगाते हुए वामदलों ने विरोध दिवस मनाया। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सदर को सौंपा। ज्ञापन में नोएडा में गिरफ्तार सभी मजदूरों, ट्रेड यूनियन नेताओं और गिरफ्तार बुद्धिजीवियों को तत्काल रिहा करने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, माकपा जिला सचिव अशोक यादव, भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद, फारवर्ड ब्लॉक जिला संयोजक हरीशचंद्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाकपा नेता सूर्यकांत पाण्डेय, किसान नेता मया राम वर्मा आदि शामिल थे।

### बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ब्राह्मण का उत्पीड़न

**हैदरगंज, अयोध्या, अमृत विचार।** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा (राम) के प्रदेश अध्यक्ष आशीष तिवारी ने हैदरगंज में उपेंद्र दुबे समाजसेवी से बुधवार को मुलाकात की। कहा कि अब ब्राह्मण का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वह कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के चौरे बाजार स्थित बेनीपुर में ब्राह्मण उत्पीड़न के एक मामले में पहुंचे थे। जहां पीड़ित परिवारों शेषमणि त्रिपाठी आदि के साथ सीओ बीकापुर सुनील कुमार सिंह से मिलकर उन्हें राहत प्रदान किए जाने की वार्ता की। प्रदेश उपाध्यक्ष गुलशन तिवारी, जिलाध्यक्ष अयोध्या अमित ओझा, शैलेंद्र मिश्रा, अखिलेश उपाध्याय, दीपू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### साथी की मौत से शिक्षकों में शोक



अखिलेश यादव (फाइल फोटो)

**अयोध्या, अमृत विचार :** बीकापुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय खिदिरपुर में सहायक अध्यापक अखिलेश यादव की मौत से शिक्षकों में शोक की लहर व्याप्त है। अखिलेश कैंसर जैसी घातक बीमारी से लड़ रहे थे, लेकिन सोमवार की रात जिंदगी की जंग हार गए। वह 2005 में मसौधा ब्लॉक के केशवपुर में शिक्षामित्र की पद पर नियुक्त हुए थे, काफी संघर्षों के बाद 2019 में बीकापुर के प्राथमिक विद्यालय खिदिरपुर में सहायक अध्यापक बने थे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी, महामंत्री चक्रवर्ती सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती, मीडिया प्रभारी अनूप, अनुज सिंह आदि ने गहरा शोक प्रकट किया है।

### कुशहरी के जंगल में मिले शव की नहीं हुई पहचान

**अयोध्या, अमृत विचार।** मवई थाना क्षेत्र स्थित कुशहरी जंगल में मिले 30 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत का मामला अब हत्या में बदल गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार युवक की गला दबाकर हत्या की गई थी। स्थानीय लोगों ने 16 अप्रैल की सुबह कुशहरी जंगल में एक युवक का शव देखा था। मृतक की फोटो सोशल मीडिया पर भी डाली गई लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को 72 घंटे सुरक्षित रखने के बाद उसका अंतिम संस्कार करा दिया था। थाना प्रभारी मवई मनोज यादव ने बताया कि पुलिस की तीन टीमें शव की पहचान करने के लिए लगाई गई है।

# विपक्ष को महिला विरोधी बता भाजपा ने फूंका पुतला

- महिलाओं के नेतृत्व में निकाला गया आक्रोश मार्च

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** नारी शक्ति वंदन अधिनियम की रूपरेखा तय करने के लिए लोकसभा में प्रस्तुत महिला आरक्षण बिल का विरोध करने वाले विपक्षी दलों के खिलाफ भाजपा ने बुधवार को आक्रोश जताया। प्रबुद्ध वर्ग की महिलाओं के नेतृत्व में भाजपा की महिलाओं ने आक्रोश मार्च निकाला। जो गुरुनानक महिला महाविद्यालय से शुरू होकर कोल्ड स्टोर चौराहे तक पहुंचा। कोल्ड स्टोर चौराहे पर पहुंचकर पार्टी ने विपक्ष का पुतला फूंक विरोध जताया।



कोल्ड स्टोर चौराहे पर विपक्षी दलों का पुतला फूंकते विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व पदाधिकारी।



महिला आरक्षण को लेकर आक्रोश मार्च निकालती भाजपा की महिला कार्यकर्ता। अमृत विचार

मार्च के दौरान महिलाएं नारी शक्ति के सम्मान में भाजपा मैदान में और कांग्रेस का हाथ नारी शक्ति के खिलाफ जैसे स्लोगन वाली तख्तियां हाथों में ले रखी थी। सपा, कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ नारेबाजी की। मार्च से पहले जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनैतिक भागीदारी में सशक्त बनाने का मजबूत माध्यम है, लेकिन विपक्ष इसका विरोध कर महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय कर रहा है।

अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि भाजपा हमेशा से महिला सशक्तिकरण के पक्ष में रही है। विपक्ष ने अपनी महिला विरोधी मानसिकता का परिचय दिया। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि विपक्ष हमेशा से नकारात्मक राजनीति करता आया है। आने वाले समय में जनता इसका जवाब देने के लिए तैयार है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि विपक्ष ने इस का विरोध कर अपनी महिला विरोधी मानसिकता उजागर कर दी है। प्रदर्शन में रीना द्विवेदी, शकुंतला त्रिपाठी, स्वाति सिंह, सुधा पांडेय, डॉ. आभा सिंह, शकुंतला मौर्या, अन्नपूर्णा निषाद समेत बड़ी संख्या में महिलाएं और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पार्षद ने महापौर को सौंपा ज्ञापन, अनशन की चेतावनी

**अयोध्या, अमृत विचारः** नगर निगम के वार्ड 29 अशफाक उल्ला खां के पार्षद अखिलेश पांडेय ने महापौर गिरीशपति त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपकर नगर निगम प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके द्वारा दी गई लिखित शिकायतों पर न तो कोई ठोस कार्रवाई की जाती है और न ही संबंधित अधिकारी उनसे संपर्क करते हैं, जिससे वे स्वयं को आहत और उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। पार्षद ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिनों के भीतर उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो वे नगर निगम कार्यालय में महापौर और नगर आयुक्त के कक्ष के बाहर अनशन पर बैठेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि नगर आयुक्त, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी को भी भेजी गई है।



महापौर गिरीशपति त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपते पार्षद अखिलेश पांडेय।

## डीएसी मिला न सिलेंडर, पोर्टल पर बदल गई एजेंसी

- देवकी नगर कॉलोनी निवासी का कनेक्शन सिविल लाइंस से अमानीगंज जा पहुंचा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में एलपीजी संकट के बीच रोज नए-नए मामले सामने आ रहे हैं। अब ताजा मामला एजेंसी बदल जाने का है। देवकी नगर कॉलोनी के चंद्रबीर सिंह का कनेक्शन सिविल लाइंस की जीडी गैस एजेंसी से अमानीगंज गैस एजेंसी पहुंच गया।

चंद्रबीर सिंह ने 18 अप्रैल को घर का इंडेन एलपीजी सिलेंडर रीफिल करने के लिए सिविल लाइंस स्थित जीडी गैस एजेंसी पर ऑनलाइन बुकिंग कराई। तीन दिन तक बुकिंग स्टेटस ओपन दिखता रहा। इनवॉइस जेनरेट हुई न डीएसी नंबर आया। परेशान होकर जब उन्होंने एजेंसी से संपर्क किया तो स्टाफ ने बताया कि अभी तो 10 अप्रैल तक की बुकिंग




उपभोक्ता की ओर से भेजा गया पोर्टल पर आए मैसेज का स्क्रीन शॉट।

का वाउचर और डीएसी नंबर रिलीज हो रहा है। एक हफ्ते बाद फिर कॉल कीजिए, लेकिन असली धमाका मंगलवार को हुआ। भाई बलबीर सिंह ने अमृत विचार को बताया कि दोबारा पोर्टल पर स्टेटस चेक किया तो उनकी आंखें फटी की फटी रह गईं। उनकी बुकिंग अब जीडी गैस एजेंसी की जगह अमानीगंज गैस एजेंसी के नाम शो कर रही थी। रेफरेंस नंबर दोनों जगह एक ही था। एक ही बुकिंग दो अलग-अलग एजेंसियों में कैसे घूम गई? यह सवाल हर किसी के मन में उठ रहा है। बलबीर ने बताया कि बुकिंग हमने सिविल लाइन्स वाली एजेंसी पर की थी, जहां से सालों से कनेक्शन है। अब अचानक अमानीगंज वाली एजेंसी का नाम आ गया है। गैस डिलीवरी कहां से आएगी? हम क्या करें? एजेंसी वालों से पूछा तो कोई साफ जवाब नहीं मिल रहा। ग्राहक आरोप लगा रहे हैं कि कुछ एजेंसियां बुकिंग को इधर-उधर शिफ्ट कर देती हैं, जिससे डिलीवरी में देरी होती है और कभी-कभी सिलेंडर ब्लैक में चला जाता है।

> मेरे पास अभी ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है। उपभोक्ता अगर शिकायत करता है तो उसका संज्ञान ले उचित कार्रवाई की जाएगी।
> -बृजेश मिश्रा, अपूर्ति अधिकारी

## बारात लौटी, टूटी शादी, थाने तक पहुंचा विवाद

**गोशाईगंज, अमृत विचारः** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बेलापुर चंद्रदीप अकारीपुर गांव में एक शादी समारोह उस समय विवाद में बदल गया, जब वर पक्ष ने ऐन मौके पर विवाह से इंकार कर दिया। पीड़ित पक्ष के गोविंद गौड़ ने बताया कि उनकी बहन की शादी अकबरपुर से आए दूल्हे गौरव के साथ तय थी, 21 अप्रैल की रात बारात पहुंची, लेकिन देर रात दूल्हे पक्ष ने अचानक शादी से मना कर दिया।

स्थिति इतनी बिगड़ गई कि दूल्हे के पिता विनोद कुमार समेत कुछ बारातियों को बैठा लिया गया। रातभर दोनों पक्षों में बहस चलती रही। बाद में लड़की ने भी शादी से साफ इनकार कर दिया। मामला लेनदेन से जुड़ा बताया जा रहा है, जिसमें रिश्तेदारों से सुलह कराने की कोशिश भी नाकाम रही। विवाद बढ़ने पर मामला गोसाईगंज थाने पहुंचा। जहां थाना प्रभारी अभिमन्यु शुक्ला ने दोनों पक्षों को समझाकर करीब पांच लाख रुपये के खर्चे पर समझौता कराया। इस घटना के बाद शादी पूरी तरह टूट गई।

## 15 करोड़, 40 लाख से संवारें जायेंगे वार्ड

- नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में निर्णय

रुदौली, अयोध्या।

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद रुदौली की बोर्ड बैठक में लगभग 15 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई। पालिका बोर्ड बैठक में शहर के सभी 25 वार्ड में लगभग 40 लाख रुपये तक के विकास कार्य कराए जाने का निर्णय लिया गया।

नगर पालिका क्षेत्र के राजस्व गांव के बैनामा के समय शहरी निकाय के स्टाम्प शुल्क नियमावली को भी लागू करने की स्वीकृति दी गई है। सभासद राज किशोर सिंह ने नियमित फॉगिंग कराने की मांग की। सभासद आशीष दाऊ ने कहा कि मच्छर जनित बीमारियों से जीवन संकट पूर्ण हो जाता है। सभासद रामराज ने ओवरब्रिज को रंगोली से सजाने का सुझावों रखा। विधायक राम चंद्र यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार के शहरी विकास में दिए बजट से नगर के मार्गो की हालत बदली है। प्रधान मंत्री आवास से गरीबों को छत मिली। पालिका अध्यक्ष जब्बार अली ने कहा कि निकाय से जनता को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। शहर के निरंतर कार्य विकास कार्यो से जन जीवन सुगम बना है। ईओ प्रेम नाथ ने बताया कि बैठक में निर्माण, बिजली, पानी को लेकर निर्णय लिया गया है। सभासद उमाशंकर कसौधन, मुमताज राइन, मोहम्मद शाहिद खा, प्रमोद द्विवेदी, ताज उद्दीन पप्पू समेत अन्य मौजूद रहे।



नगर पालिका परिषद बोर्ड बैठक में मौजूद विधायक रामचंद्र यादव व नगर पालिका अध्यक्ष जब्बार अली। अमृत विचार

## जनगणना ड्यूटी को लेकर शिक्षकों ने जताया विरोध

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में जनगणना कार्य के लिए शिक्षकों की लगाई गई ड्यूटी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की मिल्कीपुर इकाई ने ड्यूटी सूची में विसंगतियों का आरोप लगाते हुए प्रशासन से संशोधन की मांग की है। इस संबंध में संघ के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि 21 अप्रैल को जारी सूची में पदानुसार जिम्मेदारियों का निर्धारण नहीं किया गया है। प्रशासन से मांग की है कि प्रशिक्षण शुरू होने से पहले सूची में आवश्यक संशोधन कर व्यवस्था को संतुलित किया जाए। मिल्कीपुर एसडीएम सुधीर कुमार ने आश्वासन दिया कि शिक्षक संगठन द्वारा उठाई गई आपत्तियों की गंभीरता से जांच कराई जाएगी और यदि आवश्यकता हुई तो सूची में संशोधन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान मंत्री भगवती यादव, कोषाध्यक्ष राजेश तिवारी, अरविंद तिवारी, यास्मीन बानो, अभय कनौजिया, अंजनी यादव समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।



उच्च प्राथमिक विद्यालय रुरुखास में मुख्य अतिथि विधायक अमित सिंह चौहान उत्कृष्ट छात्रा को सम्मानित करते।

## योगी सरकार में बेहतर हुई बेसिक शिक्षा : विधायक

**अयोध्या, अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय रूरूखास में बुधवार को वार्षिकोत्सव आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान और विशिष्ट अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा प्रबंधक रोहित पाठक रहे। विधायक ने कहा कि प्रदेश में योगी सरकार में बेसिक विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था बेहतर हुई है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने कक्षा छह से लेकर आठ तक की प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं एवं नव प्रवेशी को उपहार आदि देकर सम्मानित किया गया। विज्ञान एआर प्रतिभा सिंह ने छात्रा नैंसी मौर्या को स्टूडेंट ऑफ-द- ईयर घोषित किया। अध्यक्षता प्रधानाध्यापक कासिम अंसारी और संचालन मुकेश चंद तिवारी ने किया। इस मौके पर धर्मेंद्र कुमार, अजय सिंह, ऐश्वर्य नारायण, स्वराज शेखर सिंह, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी से बचाव को श्रमिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी के मद्देनजर सहायक श्रमायुक्त नीरज कुमार चौधरी ने श्रमिकों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। श्रमिक संगठनों एवं संस्था को निर्देश दिया है कि इस दौरान बाहर काम करने वाले श्रमिकों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। लू (हीट-वेव) से बचाव के लिए इन बातों पर ध्यान देना जरूरी है।

धूप से बचाव के लिए पूरे आस्तीन के कपड़े पहनें, सिर को गमछा, टोपी या छाते से ढकें। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, नमक-चीनी का घोल, छाछ, नींबू पानी और आम का पना जैसे पेय पदार्थों का सेवन करें, हल्का भोजन एवं हरी सब्जियों का उपभोग करें। बाहर निकलते समय जूते-चप्पल और धूप के चश्मे का प्रयोग करें। दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक बाहर निकलने से बचें एवं दिन में कम से कम दो-तीन बार ठण्डे पानी से नहाएं। श्रम विभाग से निर्माण एजेन्सियों, औद्योगिक इकाइयों के संचालकों, ईंट-भट्ठा निर्माता संघ और व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों को भी जारी किया है। कहा कि दोपहर की तेज धूप में श्रमिकों से कार्य न लिया जाए, कार्यस्थल पर छाया (शेड), ठंडे पेयजल एवं ग्लूकोज/ग्लूकोन-डी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। कार्य के समय में बदलाव कर श्रमिकों के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाए।



कैंडल जलाकर पहलगाम हमले की प्रथम बरसी मनाते कांग्रेस के पदाधिकारी।

### पहलगाम हमले की पहली बरसी पर दी श्रद्धांजलि

**अयोध्या, अमृत विचार :** जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले की बरसी पर शहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कार्यालय पर एकत्र हुए। हाथों में पोस्टर एवं मोमबत्तियां लेकर हमले में शहीद हुए नागरिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि पहलगाम की घटना देश के लिए अत्यंत दुखद और पीड़ादायक थी। पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पूरे देश को एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है। शहीदों की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर सेवादल जिलाध्यक्ष फ्लावर नकवी, कविंद्र साहनी, पंकज सिंह, एनएसयूआई महानगर अध्यक्ष जय प्रताप गुप्ता आदि थे।

## मिल्कीपुर बार एसोसिएशन चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू

मिल्कीपुर, अयोध्या।

**अमृत विचारः** मिल्कीपुर तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव को लेकर बुधवार से नामांकन प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत हो गई। पहले दिन नामांकन पर्चों की बिक्री के साथ ही तहसील परिसर में चुनावी माहौल बनने लगा।



मिल्कीपुर बार एसोसिएशन में नामांकन पर्चा की खरीदारी करते अधिवक्ता।

एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए पहले दिन किसी भी अधिवक्ता ने नामांकन पत्र नहीं खरीदा। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए कुल छह अधिवक्ताओं ने पर्चा खरीदा, महामंत्री पद पर कालिका प्रसाद तिवारी ने न केवल नामांकन पत्र खरीदा, बल्कि उसे दाखिल भी कर दिया है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 23 अप्रैल को भी नामांकन पत्रों की बिक्री और दाखिला जारी रहेगा, 24 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 25 अप्रैल को नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। मतदान 7 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा और इसके बाद दोपहर 2:30 बजे से मतगणना शुरू कर दी जाएगी। उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे। निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी दुर्गा प्रसाद ने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## गौ सेवा ही सुशासन का आधारः महेश

- बोले, आयोग के उपाध्यक्ष, की समीक्षा बैठक

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां निराश्रित गौवंश के भरण-पोषण के लिए सरकार से 50 रुपये की दर से भरण-पोषण की धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। अयोध्या में गौ संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। यहां 97 गौ-आश्रय स्थल क्रियाशील हैं, इनमें 12433 गौवंश का संरक्षण एंव पालन-पोषण किया जा रहा है। इसके अलावा 1441 प्रगतिशील गौपालकों ने सहभागिता योजना के तहत 2571 गौवंश को अपनाकर सामुदायिक सहभागिता कर रहे हैं। ये बातें गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल ने कहीं। वह सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।



सर्किट हाउस सभागार में समीक्षा बैठक करते गोसेवा के आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल व अन्य। अमृत विचार

इससे पहले उन्होंने सदस्य दीपक गोयल के साथ गो संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक सर्किट हाउस के सभागार में की। अध्यक्षता कर रहे उपाध्यक्ष शुक्ल ने कहा कि गोवंशों के संरक्षण के लिए शासन के निर्देशों को धरातल पर लागू किया जाए। डीसी मनरेगा को चरागाह क्षेत्र के विकास के लिए कहा। सभी उप जिलाधिकारी से गोचर भूमि को चिह्नत कर शीघ्र उसे विकसित कराने के निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, अपर निदेशक ग्रेड-दो डॉ. एके वैस, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंद्र देव माहर आदि मौजूद रहे।

निर्वाचन आयोग

नए सिरे से भेजी 5,33,461 लाख संभावित डुप्लीकेट वोटरों की सूची

## सूची में एक से ज्यादा बार अंकित है 1.57 लाख वोटरों के नाम

- बूथ लेवल अफसर घर-घर जाकर करेंगे ऐसे मतदाताओं की पहचान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** राज्य निर्वाचन आयोग ने नए सिरे से 5,33,461 वोटरों को संभावित डुप्लीकेट के रूप में चिंहित किया है। इनमें से 1,57,156 वोटरों का नाम सूची में एक से ज्यादा बार आया है। आयोग ने इन डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन का टास्क सौंपा है। बूथ लेविल अफसर घर-घर जाकर इन मतदाताओं का सत्यापन करेंगे, फिर रिपोर्ट करेंगे। इसके बाद इनका नाम सूची में रखने और डिलीट किए जाने पर विचार होगा।



आयोग ने इसके पहले भी संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची जिलों को भेजी थी। बीएलओ से उनका सत्यापन कराया गया था। उसके बाद उनके नाम डिलीट कर दिए गए थे। सूची के पुनरीक्षण के दौरान आयोग ने पहली बार 2,61,892 संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची यहां भेजी थी। बीएलओ से सत्यापन कराया तो लगभग 79 हजार डुप्लीकेट वोटर सूची में मिले। इनका नाम सूची से डिलीट कर दिया गया। ड्राफ्ट प्रकाशन के बाद एक बार फिर आयोग ने 5,94,968 संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची भेजी। बीएलओ से सत्यापन के बाद डुप्लीकेट मिले 75,838 वोटरों का नाम सूची से डिलीट किया गया।

अब तीसरी बार आयोग ने फिर संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं को सूची से खोजी गई। आयोग ने इस बार 5,33,461 संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची भेजी है। अब बीएलओ से घर-घर जाकर संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन कराया जाएगा। इसके बाद डुप्लीकेट मिले मतदाताओं को सूची से बाहर किया जाएगा। सहायक जिला निर्वचन अधिकारी सूर्य भान ने भी गांव की मतदाता सूची से संभावित डुप्लीकेट वोटरों के सत्यापन की बात कही है।

### ब्लॉक वार संभावित डुप्लीकेट वोटर

| | |
|---|---|
| मसौधा (सदर) | 3533 |
| पूराबाजार | 35576 |
| मयाबाजार | 46194 |
| मसौधा (सोहावल) | 30487 |
| सोहावल | 43436 |
| रुदौली | 59554 |
| मवई | 33243 |
| मिल्कीपुर | 58621 |
| अमानीगंज | 49456 |
| हैरिंग्टनगंज (मिल्कीपुर) | 35226 |
| बीकापुर–53158 | |
| तारून | 67485 |
| हैरिंग्टनगंज (बीकापुर) | 17492 |
| कुल योग | 5,33,461 |

# स्वास्थ्य के लिए पर्यावरण का संरक्षण जरूरी : प्रमाणिक

## कुलपति ने की अपील, कहा- विद्यार्थी अपने आसपास रखें साफ-सफाई

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य के लिए पर्यावरण का संरक्षण एवं साफ- सफाई जरूरी है। सभी विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ पर्यावरण का संरक्षण करें और अपने आसपास साफ-सफाई रखें। ये अपील बुधवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीएस प्रमाणिक ने की। वे पृथ्वी दिवस के अवसर पर परिसर में चलाए गए सफाई अभियान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने समस्त अधिष्ठाता, निदेशक एवं शिक्षकों के साथ परिसर स्थित पशुचिकित्सा महाविद्यालय के आस-पास के जगहों पर छायादार के साथ-साथ फलदार पौधे लगाए।

कुलपति के नेतृत्व में गेट नंबर एक से लेकर नरेंद्र उद्यान और मात्स्यिकी प्रक्षेत्र तथा गेट नंबर दो से लेकर अनोमा छात्रावास तक छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने परिसर की साफ-सफाई की। सभी ने सड़क के दोनों घासों की सफाई की और झाड़ू लगाई। इसी के साथ नरेंद्र उद्यान, म्यूजियम, पशु चिकित्सा महाविद्यालय के आसपास, कालिंदी, वरुणा एवं ब्रह्मपुत्र छात्रावास, कुलपति आवास के मुख्य गेट से लेकर वीआईपी गेस्ट हाउस तक सफाई अभियान चलाया गया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. डी. नियोगी के संयोजन में हुए कार्यक्रम में समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, इंजीनियर, छात्रावास अधीक्षक, सह छात्रावास अधीक्षक, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

### कृषि विवि में पृथ्वी दिवस पर चला पौधरोपण अभियान



पौधरोपण करते कृषि विवि के कुलपति, अधिष्ठाता, निदेशक एवं शिक्षक।

### विद्यार्थियों ने रैली और पौधरोपण से दिया ऊर्जा व पृथ्वी बचाओ संदेश




अयोध्या कार्यालय। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा इंडियन जियोफिजिकल यूनियन के सहयोग से कार्यक्रम किया गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मिलकर मानव श्रृंखला बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही रैली निकालकर विभिन्न स्लोगन और नारों के माध्यम से आमजन को पर्यावरण के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार चौधरी के नेतृत्व तथा डॉ. शशि कांत साह के समन्वय में हुए कार्यक्रम में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव डॉ. एम. रविचंद्रन का प्रेरणादायक ऑनलाइन संदेश प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। पौधरोपण कार्यक्रम के माध्यम से परिसर में हरित आवरण बढ़ाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला, डॉ. महिमा चौरसिया, डॉ. शाजिया, डॉ. अरविंद, डॉ. प्रवीण चन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

### पृथ्वी दिवस पर आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम

सोहावल/ अमानीगंज, अयोध्या।
अमृत विचार : पृथ्वी दिवस के अवसर पर सोहावल और अमानीगंज सहित कई स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पौधरोपण अभियान और पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली निकाली गई। सोहावल के टड़वा गांव में पारस फाउंडेशन से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, पारस फाउंडेशन की टीम, स्थानीय नागरिक, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, किशोरियां और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। अमानीगंज के बांसगांव में आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के कृषि मौसम प्रक्षेत्र इकाई से महारानी सुखमता इंटर कॉलेज में चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सीताराम मिश्रा ने कहा कि पृथ्वी दिवस हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बोध कराता है। डॉ. अनिल कुमार सिंह व डॉ. अमरनाथ मिश्रा ने बदलते मौसम चक्र के कृषि पर पड़ रहे प्रभावों की चर्चा की। प्रतियोगिता में आशी शुक्ला, आफरीन व शक्ति तिवारी-प्रथम, रवि, जांसी व महक बानो-द्वितीय व सुंदरम, अदिति व यशी मिश्रा तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अतिरिक्त 14 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### विधायक ने छात्रावास में किया संपर्क, छात्रों को किया सम्मानित

**अयोध्या, अमृत विचार :** आंबेडकर जयंती सप्ताह के तहत शहर के रानोपाली स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर छात्रावास में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने छात्रों से संपर्क व संवाद किया। रह रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। विधायक ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि सरकार से अनुसूचित वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। शिक्षा के माध्यम से ही समाज को सशक्त बनाया जा सकता है और छात्र देश के भविष्य के निर्माता हैं। छात्रों ने अपनी समस्याएं और सुझाव विधायक के समक्ष रखे। जिनके समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मुकेश तिवारी, राजेश मिश्र सहित बड़ी संख्या में छात्र व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## आवास-विकास परिषद की योजनाओं के लिए अयोध्या में भूमि अधिग्रहण पर लगी रोक

● भू मालिकों को कम कीमत व सुविधाएं देकर जमीनें लेने का नहीं है कोई औचित्य: हाईकोर्ट

**लखनऊ, विधि संवाददाता।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अयोध्या में उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की विभिन्न योजनाओं के लिए की जा रही भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही पर बुधवार को अंतरिम रोक लगा दी है। न्यायालय ने कहा है कि जिन योजनाओं से संबंधित भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को चुनौती दी गयी है, उन सभी में राज्य सरकार सहित सभी पक्षकार मौके पर यथास्थिति बनाए रखेगें। मामले की सुनवायी गुरूवार को भी जारी रहेगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने बुधवार को 11 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए, पारित किया। मामले में कोर्ट के समक्ष काफी समय से सुनवायी चल रही है और बुधवार को विभिन्न याचियों के अधिवक्ताओं ने बहस पूरी कर ली, लेकिन राज्य सरकार व अन्य विपक्षी पक्षकारों के अधिवक्ताओं ने बुधवार को अपनी बहस शुरू करने में असमर्थता जताई। इस पर न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई गुरूवार को होगी और अगर सरकार व आवास विकास की ओर से कोई अधिवक्ता बहस नहीं करता है, तो उसे लिखित बहस दाखिल करने की अनुमति दी जाएगी।

याचिकाओं में कहा गया है कि अयोध्या में आवास विकास परिषद अधिनियम, 1965 के तहत भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रही है, जिसमें लिखा है कि भूमि अधिग्रहण के संबध में सारे प्रावधान भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 के प्रावधानों के अनुरूप होंगे लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यदि अधिग्रहण के समय भू स्वामी को किसी अन्य प्रावधान के तहत अधिक लाभ मिल रहा हो तो उसी प्रावधान के तहत भूमि अधिग्रहीत की जाएगी ताकि भू स्वामियों व किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। याचियों की ओर से तर्क दिया गया कि 1894 के अधिग्रहण अधिनियम के स्थान पर भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 लागू है जो भूमि स्वामियों के लिए अधिक लाभकारी है, जिसमें पुनर्वास, पुनर्स्थापन और सामाजिक प्रभाव आकलन जैसे प्रावधान शामिल हैं। दलील दी गई कि जमीनों का अधिग्रहण राज्य सरकार को 2013 के कानून के तहत करना चाहिए लेकिन अधिग्रहण प्रक्रिया पुराने कानूनों के तहत चलायी जा रही है।

### सीओ सिटी के नवीनीकृत भवन का एसएसपी ने किया लोकार्पण



**अयोध्या, अमृत विचार।** क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय के नवीनीकृत भवन का बुधवार को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने लोकार्पण किया। इस कार्यालय को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि पुराने भवन को तोड़कर नया बनाया गया है। नए कंप्यूटर व वाईफाई से भी आच्छादित किया है। वॉटर कूलर, फर्नीचर आदि भी नया लिया गया है। बताया कि इससे ने केवल पुलिसकर्मियों को कार्य करने में सुगमता होगी बल्कि कार्यालय आने वाले फरियादियों को भी बेहतर वातावरण मिलेगा। इस दौरान एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, नगर कोतवाल अश्वनी पांडे समेत अन्य मौजूद रहे।

## डीटीपी कौशल विद्यार्थियों के लिए रोजगार का नया द्वार: डॉ. गीतिका

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** आज के डिजिटल युग में डीटीपी कौशल विद्यार्थियों के लिए रोजगार के नए द्वार खोलता है। ये बात बुधवार को डॉ.राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट निदेशक डॉ. गीतिका श्रीवास्तव ने कही। वह व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग और डॉ. लोहिया इन्क्यूबेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में डेस्कटॉप पब्लिशिंग विषय पर आयोजित कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहीं थीं।

विशेषज्ञ व्याख्यान देते हुए केएस. साकेत पीजी कॉलेज के सहायक आचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने डीटीपी के व्यावहारिक पहलुओं, डिजाइनिंग सॉफ्टवेयर तथा इंडस्ट्री की मांगों पर विस्तार से चर्चा की। विभागाध्यक्ष एवं डीन प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। निदेशक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने कहा कि इन्क्यूबेशन फाउंडेशन का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार और उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। प्राध्यापक डॉ. संजीत, डॉ. श्याम, डॉ. पावनी, डॉ. पवन, डॉ. राकेश, डॉ. श्रीश अस्थाना समेत विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

## स्कूल में धूमधाम से मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव के साथ मौजूद छात्र-छात्राएं।

**अमृत विचार।** राजकीय हाईस्कूल जहांगीरगंज में विश्व पृथ्वी दिवस विभिन्न कार्यक्रमों के साथ समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि बताते हुए कहा कि इसकी स्थापना 1970 में अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन द्वारा की गई थी, जो आज 192 से अधिक देशों में प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिवस हमें पर्यावरण संरक्षण और जीवन संपदा को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक करता है। इस अवसर पर उन्होंने धरती की हरियाली, जीवन की खुशहाली का संदेश देते हुए सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्पित होने का आह्वान किया। इस मौके पर शिक्षक मुकेश कुमार, राम जतन वर्मा, प्रदीप कुमार एवं शिक्षिका मयंक राय ने विस्तार से विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंतर्गत हमारी शक्ति, हमारा ग्रह थीम पर आधारित क्विज, वाद-विवाद, भाषण, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 9 के छात्र सत्यम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 10 की अंशिका अव्वल रहीं। वाद-विवाद प्रतियोगिता में स्वतन्त्र कुमार एवं चंदन ने बाजी मारी। निबंध में प्रिया सहाय प्रथम और उजाला द्वितीय स्थान पर रहीं।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर ईको क्लब के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय चौहान की बस्ती भियांव में बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर ईको क्लब के तत्वावधान में पृथ्वी दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं पृथ्वी को स्वच्छ व सुरक्षित बनाए रखने के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियां संचालित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाध्यापक राज बहादुर मिश्रा के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण एवं जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से ही धरती को हरा-भरा और सुरक्षित बनाया जा सकता है। ईको क्लब की कार्ययोजना माह अप्रैल के तहत पृथ्वी दिवस समारोह, विद्यालय परिसर में संरक्षण कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान तथा पर्यावरण संरक्षण विषय पर विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नारे, पोस्टर और संदेश प्रस्तुत कर सभी को जागरूक किया तथा पृथ्वी को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राज बहादुर मिश्रा, राजकरन प्रजापति एवं अरशद कमाल सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### सरयू नदी में स्नान करते समय युवक डूबा, तलाश जारी

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र में स्थित कम्हरिया घाट पर सरयू नदी में स्नान करते समय एक युवक डूब गया। हादसे के बाद उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल एसडीआरएफ की टीम युवक की तलाश में जुटी हुई है। डूबे हुए युवक की पहचान गढ़वल पंडित का पूरा गांव निवासी 22 वर्षीय प्रियांशु उर्फ बॉबी गौतम पुत्र मुकेश के रूप में हुई है। प्रियांशु कम्हरिया घाट स्थित एक मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के लिए टेंट लगाने आया था। प्रियांशु सरयू नदी में स्नान करने गया था। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल उसकी तलाश शुरू की, लेकिन प्रियांशु का कुछ पता नहीं चल सका। राजेसुल्तानपुर थानाध्यक्ष अक्षय पटेल ने बताया कि डूबे हुए युवक की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। टीम लगातार नदी में सर्च ऑपरेशन चला रही है।

### आवाज़ दबाना लोकतंत्र के लिए खतरा : इं. सुनील


प्रेसवार्ता को संबोधित करते इं. सुनील

**आज़मगढ़। अमृत विचार :** सपा नेता इंजीनियर सुनील कुमार यादव ने का सोशल अकाउंट सस्पेंड होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए इसे अभिव्यक्ति की आजादी पर खतरा बताया है। इंजीनियर सुनील कुमार यादव ने बुधवार को प्रेसवार्ता कर आरोप लगाया कि उनका सोशल मीडिया अकाउंट पहले सस्पेंड और फिर बिना किसी सुनवाई के डीएक्टिवेट कर दिया गया। यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना विपक्ष का कर्तव्य है और इससे लोकतंत्र मजबूत होता है। यदि किसी नीति से कोई वर्ग प्रभावित होता है, तो उस पर आवाज उठाना जरूरी है। उनका कहना है कि उन्होंने ऐसा कोई कंटेंट पोस्ट नहीं किया, जो प्लेटफॉर्म की गाइडलाइन के खिलाफ हो। उन्होंने आशंका जताई कि संगठित तरीके से उनकी पोस्ट पर रिपोर्ट कराकर अकाउंट बंद कराया गया, हालांकि किसी विशेष संस्था या व्यक्ति का नाम लेने से उन्होंने परहेज किया। मीडिया से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष की आवाज को भी बराबर महत्व मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह अपनी आवाज उठाना जारी रखेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष हवलदार यादव व सपा नेता अजीत राव मौजूद रहे।

### चोरों ने घर में बोला धावा, लाखों का सामान पार

**मालीपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** थाना जैतपुर क्षेत्र के ढाका गांव में बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लगभग पांच लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी बुधवार सुबह होने पर पीड़ित परिवार ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। बता दें कि ढाका ग्राम निवासी अतुल सिंह के घर बीती रात अज्ञात चोरों ने घर में लगे दो जंगले तोड़ दिए और अंदर दाखिल हो गए। इसके बाद चोरों ने अलमारी और बॉक्स को तोडक़र उसमें रखे मंगलसूत्र, अंगूठी, पायल और हार समेत करीब पांच लाख रुपए के जेवरात चोरी कर लिए। घटना के समय अतुल सिंह घर के समीप बैठका में सो रहे थे, जबकि उनकी बीमार मां घर के अंदर मौजूद थीं। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

### नामांकन बढ़ाने के लिए किया जागरूक

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय पीरपुर अकबरपुर के सहायक अध्यापक डॉ. तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु एवं सहायक अध्यापिका स्नेह सुधा द्वारा नवीन नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से गांव में घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों से संवाद स्थापित कर बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा नए सत्र में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया। अभियान के तहत शिवा, रितेश, राज, लकी, मनीष, अंश, साजिया बानो, सूफिया बानो सहित कई बच्चों के अभिभावकों से संपर्क किया गया। साथ ही दिनेश राजभर, कन्हैया, राहुल यादव, प्रेमा देवी, निकहत बानो सहित अन्य अभिभावकों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शिक्षकों ने कहा कि हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

### हंसवर स्टेट के कुंवर देवेंद्र बहादुर सिंह का निधन

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के टांडा विधानसभा क्षेत्र स्थित हंसवर स्टेट के वरिष्ठ सदस्य बाबू कुंवर देवेंद्र बहादुर सिंह उर्फ महेश्वर सिंह का बुधवार को निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे और हृदय गति रुकने से उनका देहांत हुआ। वह बसखारी ब्लॉक प्रमुख कुंवर नरेंद्र मोहन उर्फ संजय सिंह के चाचा थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ पड़ी। सुबह से ही उनके महल पर अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचने लगे। स्थानीय बाजार में भी उनके सम्मान में एक दिन का अवकाश घोषित किया गया, जिसके कारण पूरा बाजार बंद रहा। विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों ने शोक संवेदना व्यक्त की। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, सांसद लालजी वर्मा, पूर्व सांसद रितेश पांडेय, पूर्व जिला अध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी, पूर्व विधायक अनीता कमल, संजू देवी, श्याम बाबू गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्र शामिल रहे। स्वर्गीय महेश्वर सिंह का अंतिम संस्कार महादेव घाट पर किया गया।

### पुलिस पर हिरासत में पिटाई का आरोप

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के देवरिया बुजुर्ग निवासी अंकित तिवारी ने थाना पुलिस पर हिरासत में लेकर अमानवीय व्यवहार और बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने इस पूरे प्रकरण को लेकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने बताया कि बीते सोमवार को एक स्थानीय विवाद के संबंध में पुलिस उन्हें थाने ले गई। वहां उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया गया और पूरी रात बेल्ट से पीटा गया। युवक का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी प्रताडित किया है। उन्हें रातभर जागने पर मजबूर किया गया और लगातार डराया-धमकाया जाता रहा। पीड़ित ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 6 बजे पुलिस ने उनका धारा 151 के तहत चालान किया। इसके बाद जब उन्हें चिकित्सकीय परीक्षण के लिए ले जाया जा रहा था, तो पुलिसकर्मियों ने कथित तौर पर सख्त हिदायत दी। उन्हें चेतावनी दी गई कि यदि उन्होंने इस घटना के बारे में कहीं शिकायत की, तो उन्हें और गंभीर धाराओं में फंसा दिया जाएगा।


विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर डोयन इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षकों और नन्हें मुन्हें बच्चों के साथ मौजूद परम फाउंडेशन के अध्यक्ष धीरेंद्र पांडे।

### नदी संरक्षण और स्वच्छता का समझाया महत्व

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर डोयन इंटरनेशनल स्कूल में तमसा स्वच्छता जागरूकता विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को तमसा नदी के महत्व, उसकी स्वच्छता और संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में परम फाउंडेशन के अध्यक्ष धीरेंद्र पांडे ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नदियों के ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नदियां केवल जल स्रोत ही नहीं, बल्कि सभ्यता के विकास की आधारशिला रही हैं। साथ ही उन्होंने नदी की साफ-सफाई के वैज्ञानिक पहलुओं और इसके दैनिक जीवन पर पडऩे वाले सकारात्मक प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि जल स्रोतों की स्वच्छता सीधे मानव स्वास्थ्य और पर्यावरणीय संतुलन से जुड़ी होती है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह नदियों और जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने में योगदान दे।

### बैंक सखी चयन परीक्षा में 55 अभ्यर्थियों ने लिया भाग

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर विकासखंड परिसर स्थित देवकरा हाल में समूह सखी के चयन के लिए एक परीक्षा का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी दिनेश राम की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कुल 55 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। लिखित परीक्षा के बाद साक्षात्कार प्रक्रिया भी शुरू की गई। अभ्यर्थियों की कार्यक्षमता, व्यावहारिक ज्ञान और ग्रामीण स्तर पर बैंकिंग सेवाएं संचालित करने की समझ का आकलन किया गया। संपूर्ण चयन प्रक्रिया की देखरेख सीएलएफ कम्युनिटी लेवल फेडरेशन जलालपुर द्वारा की गई, ताकि पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। इस दौरान बीएमएम लक्ष्मीकांत तिवारी और कंप्यूटर ऑपरेटर पप्पू यादव सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। बैंक सखी योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को वित्तीय रूप से सशक्त बनाना है। चयनित महिलाएं गांव स्तर पर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराएंगी, जिससे ग्रामीणों को बैंक संबंधी कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

## निजी अस्पतालों के 68 साल के डॉक्टरों को स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जमा करना जरूरी

● नए लाइसेंस लेने व पुराने के नवीनीकरण के लिए प्रमाण पत्र होगा आवश्यक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में निजी अस्पतालों के लिए नए नियम लागू किए गए हैं। इन नियमों के तहतए 68 वर्ष या उससे अधिक आयु के सर्जन, फिजीशियन और एनेस्थेटिस्ट डॉक्टरों को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।

यह प्रमाण पत्र नए लाइसेंस जारी करने और पुराने लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए आवश्यक होगा। यह व्यवस्था नए लाइसेंसों पर भी लागू होगी। इसके अतिरिक्त, निरीक्षण के दौरान पैनल में शामिल डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विभागीय नियमों को और सख्त किया गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल ने बताया कि जनपद में निजी अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटरों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 68 वर्ष या उससे अधिक आयु के चिकित्सकों को स्वास्थ्य प्रमाण पत्र देना अनिवार्य है। इन डॉक्टरों का स्वास्थ्य परीक्षण हर सोमवार को गठित टीम के समक्ष कराया जाएगा। अस्पताल संचालक लाइसेंस प्राप्त करते समय डॉक्टरों का एक पैनल दिखाते हैं, लेकिन लाइसेंस मिलने के बाद वह चिकित्सक संबंधित अस्पताल में अपनी सेवाएं नहीं देते। अब ऐसे अस्पतालों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी की जा रही है। निरीक्षण की जिम्मेदारी पीसीपीएनडीटी के नोडल डॉ. संजय कुमार वर्मा और एसीएमओ डॉ. रामानंद सिद्धार्थ को सौंपी गई है।

तैयारी | प्राची सिंह व आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में बैठक, 25 से 27 अप्रैल तक 9 केंद्रों पर होगी परीक्षा

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने की तैयारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर बैठक करते सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला व साथ में एसपी प्राची सिंह।

**अमृत विचार।** आगामी 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को जनपद के 9 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने किया।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्स्ना बंधु, अपर पुलिस अधीक्षक सहित समस्त सेक्टर, जोनल एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे परीक्षा से संबंधित बोर्ड के दिशा-निर्देशों का गहन अध्ययन कर प्रत्येक प्रक्रिया में उनका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए सभी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि परीक्षा 25, 26 एवं 27 अप्रैल को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक संचालित की जाएगी।

### कार्यदाई संस्था ने कर्मचारियों को किया प्रशिक्षित

बैठक के दौरान कार्यदायी संस्था के जिला प्रबंधक द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परीक्षा संचालन से संबंधित दिशा-निर्देशों का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया, ताकि पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जा सके। अंत में अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराना सुनिश्चित करें।

### अम्बरपुर टोल प्लाजा के पास हादसा, अधेड़ की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** गोरखपुर एक्सप्रेस-वे पर जैतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अम्बरपुर टोल प्लाजा के समीप बीती रात एक दर्दनाक सडक़ हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई, जबकि उसके साथ मौजूद एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बता दें कि कटका थाना क्षेत्र के महंगीपुर निवासी अखंड प्रताप सिंह 55 वर्ष पुत्र राम मिलन अपने साथी मोनू कुमार पुत्र राम प्रसाद के साथ बाइक से अम्बरपुर स्थित घर लौट रहे थे। रात करीब आठ बजे टोल प्लाजा के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सडक़ पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर तैनात टोल प्लाजा पुलिसकर्मियों ने तत्काल दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भियांव पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने अखंड प्रताप सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल मोनू कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### दीवार निर्माण पर लाठी से हमला, दो घायल

सुलतानपुर, अमृत विचार : कूरेभार थाना क्षेत्र में दीवार निर्माण को लेकर विवाद हिंसक हो गया। ग्राम निदूरा निवासी यासिर रजा ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोग लाठी-डंडों के साथ पहुंचे और निर्माणाधीन दीवार को गिराने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान यासिर रजा को सीने में गंभीर चोटें आईं, जबकि उनके रिश्तेदार नवी अहमद का सिर फट गया। दोनों किसी तरह घर में घुसकर अपनी जान बचा सके। पीड़ित का कहना है कि पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है और आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। कूरेभार थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

### नाली विवाद में प्रधान प्रतिनिधि पर हमला

सुलतानपुर, अमृत विचार : कादीपुर कोतवाली क्षेत्र में सरकारी नाली निर्माण के दौरान दबंगई का मामला सामने आया है। ग्राम मलिकपुर नोनरा के प्रधान प्रतिनिधि अशोक तिवारी ने आरोप लगाया कि जब वह नाली व इंटरलॉकिंग का काम करवा रहे थे, तभी गांव के कुछ लोग मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए काम रुकवा दिया। आरोप है कि लाठी-डंडों से लैस हमलावरों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया और उनकी महिंद्रा एक्सयूवी गाड़ी को भी ईट-पत्थर से क्षतिग्रस्त कर दिया। शोर सुनकर ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कादीपुर कोतवाल ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है।

### पूर्व विधायक का केस एमपी-एमएलए कोर्ट स्थानांतरण की मांग

- ग्राम न्यायालय से रिपोर्ट तलब

सुलतानपुर, अमृत विचार : चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े मामले में आरोपित पूर्व विधायक राधेश्याम उर्फ राधेश्याम धोबी ने ग्राम न्यायालय में चल रहे मुकदमे को एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित करने की मांग की है। पूर्व विधायक के वकील विजय तिवारी ने बताया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह की अदालत ने सुनवाई के बाद ग्राम न्यायालय गौरीगंज से रिपोर्ट तलब की है। प्रकरण में अगली सुनवाई दो मई को नियत की गई है। वर्ष 2017 में गौरीगंज थाने मे पुलिस ने पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, मोहम्मद नईम समेत अन्य कांग्रेसियों के खिलाफ चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज किया था।





पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर आयोजित एयर शो में रोमांचक करतब दिखाते फाइटर जेट।



वायुसेना के अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह भेंट करते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक।





हैरतअंगेज करतब दिखाते सेना के जवान। ● अमृत विचार

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर गरजे सुखोई, मिराज, राफेल व जगुआर

## छह घंटे तक चला एयर शो, देर रात तक लोगों ने देखा वायुसेना का शक्ति प्रदर्शन

गोसाईगंज, सुलतानपुर

अमृत विचारः पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बुधवार को भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने आसमान में शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया। दोपहर करीब दो बजे शुरू हुए एयर शो में सबसे पहले सी-295 ट्रांसपोर्ट विमान ने एक्सप्रेस-वे पर बनी हवाई पट्टी पर सफल लैंडिंग की, जिसके बाद जगुआर, सुखोई-30 एमकेआई, मिराज-2000, मिग-29 और राफेल जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों ने टेकऑफ और लैंडिंग कर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। करीब छह घंटे तक चले इस एयर शो को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने एयरस्ट्रिप के आसपास लगभग 5 किलोमीटर के दायरे को सील कर दिया।

शाम छह बजे से रात नौ बजे तक युद्धाभ्यास का दूसरा चरण चलेगा, जिसमें रात में लैंडिंग और टेक ऑफ का परीक्षण किया जाएगा। सुलतानपुर के अरवल कीरी करवत क्षेत्र में बनी 3.2 किलोमीटर लंबी इस इमरजेंसी एयर स्ट्रिप पर वायुसेना का दो दिवसीय अभ्यास चल रहा है। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और बताया कि यह अभ्यास दिन और रात दोनों समय किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक चारू निगम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।

### फाइटर जेट्स ने किया 'टच एंड गो' का अभ्यास

सुलतानपुर : एयरस्ट्रिप पर रिहर्सल के दौरान फाइटर जेट्स ने 'टच एंड गो' का अभ्यास किया, जिसे लोग देखकर दंग रह गए। वहीं सेना के हेलीकॉप्टर से कमांडो ने स्लिथरिंग ऑपरेशन का प्रदर्शन किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर भी एयरस्ट्रिप पर पहुंचे और उन्होंने सेना के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। एयरस्ट्रिप एक्सप्रेस-वे पर बनी यह एयरस्ट्रिप आपातकालीन स्थितियों में बैकअप एयरबेस के रूप में कार्य करती है। युद्ध के समय यह वायुसेना को लचीलापन और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता प्रदान करती है, जिससे दुश्मन के लिए विमानों की गतिविधियों का अनुमान लगाना कठिन हो जाता है। एयर शो को देखने पहुंचे लोगों ने भारतीय वायुसेना की इस क्षमता पर गर्व जताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के आयोजनों से क्षेत्र की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत होती है।

# राहुल मानहानि मामलाः वॉयस सैंपल पर फैसला 2 को

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः राहुल गांधी से जुड़े बहुचर्चित मानहानि वाद में बुधवार को वॉयस सैंपल के मुद्दे पर अदालत में सुनवाई पूरी हो गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने परिवादी व बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद मामले में निर्णय सुरक्षित रखते हुए दो मई की तिथि नियत कर दी है।

सुनवाई के दौरान परिवादी पक्ष की ओर से अधिवक्ता संतोष पांडेय ने प्रस्तुत सीडी में उपलब्ध ऑडियो-वीडियो की सत्यता की जांच के लिए वॉयस सैंपल को आवश्यक बताया। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने इसका कड़ा विरोध करते हुए इसे कानूनी रूप से अनुचित बताया। गौरतलब है कि मामला वर्ष 2018 में बेंगलुरु में आयोजित एक जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित टिप्पणी से जुड़ा है। इस संबंध में भाजपा नेता विजय मिश्र द्वारा चार अगस्त 2018 को सुलतानपुर की अदालत में मानहानि वाद दायर किया गया था। मामले में राहुल गांधी पहले ही अदालत में पेश होकर जमानत ले चुके हैं तथा उनका बयान भी दर्ज किया जा चुका है। अब अदालत द्वारा वॉयस सैंपल के मुद्दे पर दो मई को फैसला सुनाया जाएगा, जिस पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

### कोर्ट के आदेश पर केस न दर्ज होने पर कोर्ट सख्त

कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के एक गांव से दो माह पूर्व किशोरी के अपहरण के मामले मे स्पेशल पॉक्सो एक्ट जज नीरज श्रीवास्तव की अदालत ने बुधवार को कोर्ट के आदेश के बावजूद केस दर्ज न करने पर सख्त रुख अपनाते हुए कोतवाली देहात थाने से रिपोर्ट तलब कर सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख नियत की है। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश के बावजूद 16 दिन बीतने के बाद भी केस न दर्ज होने पर अधिवक्ता अशोक शुक्ल के जरिए कोर्ट में अर्जी दाखिल कर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि धम्मौर थानाक्षेत्र के ग्राम जैतापुर निवासी रामभवन पीड़िता को बहला फुसलाकर और शादी का झांसा देकर को 22 फरवरी को भगा ले गया। पीड़िता के पिता ने जब आरोपी के पिता से सम्पर्क किया तो उसे आरोपी के पिता पुन्नवासी ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट ने बीती छह अप्रैल को थानाध्यक्ष कोतवाली देहात को केस दर्ज करने का आदेश दिया था।

### धोखाधड़ी के मामले में आठ के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश

विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट राकेश पाण्डेय की अदालत ने धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा कराने के गंभीर मामले में कोतवाली नगर थाना प्रभारी को एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है।

कोतवाली नगर थानाक्षेत्र के अमिलिया खुर्द निवासी महादेव ने आरोप लगाया कि उसने केनरा बैंक से लिए गए दो लाख रुपये के ऋण की अदायगी के लिए अपनी आंशिक भूमि बेचने की बात परिचित हरिकेश यादव से कही थी। आरोप है कि हरिकेश यादव समेत अन्य मिलीभगत कर उसे तहसील ले जाकर धोखे से पहले से तैयार दस्तावेजों पर अंगूठा लगवाकर न केवल तय जमीन बल्कि अन्य गाटों की कुल लगभग 0.5460 हेक्टेयर भूमि का बैनामा मात्र तीन लाख रुपये दर्शाकर करा लिया, जबकि वास्तविक कीमत लगभग 24.90 लाख रुपये थी। आरोप है कि भुगतान के लिए दिए गए चेक भी बाउंस हो गए और विरोध करने पर जातिसूचक गालियां व जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न होने पर अदालत का दरवाजा खटखटाया गया।

### पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के सह आरोपित ने दी अग्रिम जमानत अर्जी

- सुनवाई दो मई को

संवाददाता, सुलतानपुर : धोखाधड़ी कर व्यापारी नेता का मकान दूसरे के नाम दर्ज करने के मामले में अमेठी की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी के खिलाफ दायर केस में सह आरोपित लल्लू प्रसाद सोनी ने जिला जज सुनील कुमार की कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल कर गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की है। अर्जी को सेशन जज ने एडीजे द्वितीय राकेश पांडेय की कोर्ट में ट्रांसफर कर सुनवाई के लिए दो मई की तारीख नियत की है। अमेठी के उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष घनश्याम सोनी ने चंद्रमा देवी और मुहल्ले के ही लल्लू प्रसाद सोनी, लालजी सोनी, पुजारी लाल सोनी व संगम लाल सोनी के विरुद्ध कोर्ट में मुकदमा (परिवाद) दायर किया था। घनश्याम का आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष रहने के दौरान चंद्रमा देवी ने धोखाधड़ी कर उनका मकान लल्लू प्रसाद सोनी, लालजी सोनी, पुजारी लाल सोनी व संगम लाल सोनी के नाम दर्ज कर दिया था। आठ फरवरी 2024 को कोर्ट ने आरोपितों को विचारण के लिए तलब किया था। अधिवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि पूर्व नपं अध्यक्ष चंद्रमा देवी मामले में जमानत पर है।

### पूर्व जिला पंचायत सदस्य के केस में वादी की गवाही दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर : नगर पालिका चेयरमैन के कक्ष में सभासदों से अभद्रता, गाली गलौज व दलित उत्पीड़न के मामले में आरोपी नगर पालिका अध्यक्ष के पति और पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार जायसवाल के मुकदमे में बुधवार को विशेष कोर्ट एससी एसटी कोर्ट न्यायाधीश राकेश पांडेय की अदालत में अभियोजन गवाह वादी मुकदमा चन्द्रप्रकाश हाजिर अदालत रहे जिनसे बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने जिरह की। नगर पालिका के अध्यक्ष और कुछ सभासदों के बीच हुए विवाद में दो सितंबर 2020 को शहर की डिहवा निवासी सभासद कुसुमलता के देवर चंद्र प्रकाश ने अपमानित करने व दलित उत्पीड़न के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमें में नगर पालिका अध्यक्ष बबिता जायसवाल, ठेकेदार निर्भय सिंह व अजय सिंह फौजी भी आरोपी हैं।

# एक ही रात में चार घरों से चोरी

- 1.63 लाख नकद व 15 लाख से अधिक के जेवरात ले गए चोर

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के पारसपट्टी गांव में मंगलवार रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए चार घरों में धावा बोल दिया। बदमाश छत के रास्ते घरों में घुसे और बंद कमरों के ताले तोड़कर अलमारियों, बक्सों व अटैचियों में रखी नकदी और लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर फरार हो गए।

भरतलाल यादव के घर समेत चार घरों को चोरों ने निशाना बनाया। पीड़ितों के अनुसार, चोर करीब 1.63 लाख रुपये नकद और 15 लाख रुपये से अधिक के जेवरात ले गए। सबसे पहले चोर फिरोज उर्फ कल्लू के घर पहुंचे, जहां से सोने-चांदी के जेवर और नकदी पार की। इसके बाद भरतलाल यादव के घर में घुसकर सोने का सेट, अंगूठी, मांगटीका और चांदी के आभूषण चुरा लिए। रामसुंदर यादव के घर से भी कई सोने की चेन, अंगूठियां और करीब एक किलो चांदी के जेवर चोरी हुए। सबसे ज्यादा नुकसान संदीप यादव के घर में हुआ, जहां चोर बिजली के केबल के सहारे छत से आंगन में उतरकर चार कमरों के ताले तोड़ गए। यहां से सात सोने की चेन, नौ अंगूठियां, दो सेट झुमके, करीब तीन किलो चांदी और डेढ़ लाख रुपये नकद चोरी हुए। घटना की सूचना पर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। हालांकि वरिष्ठ अधिकारियों के देर से पहुंचने पर ग्रामीणों में नाराजगी भी देखने को मिली।



चोरी के बाद बिखरा सामान। ● अमृत विचार

### घर में घुसकर महिला का दबाया गला

सुलतानपुर, अमृत विचार : लम्भुआ थाना क्षेत्र में एक महिला पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। ग्राम नौगवा निवासी कलावती ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोग घर में घुस आए और उनका गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की। शोर सुनकर पति कल्लू, बेटी रंजना और बहू अनीता बचाने पहुंचे तो हमलावरों ने उन पर भी लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया। घटना के बाद आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। लंभुआ कोतवाल ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### विपक्षियों के हमले में तीन लोग घायल

सुलतानपुर, अमृत विचार : बल्दीराय थाना क्षेत्र निवासी अफजल खान दी गई तहरीर में बताया कि उनके पिता हसमुद्दीन पर बाजार के पास पहले से घात लगाए आरोपियों ने लाठी-डंडा से हमला कर दिया। शोर सुनकर बचाने पहुंचे मोहब्बतदीन व नजमुद्दीन को भी बुरी तरह पीटा गया। बल्दीराय थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# होमगार्ड जवानों के लिए उठाई आवाज

- बहुजन अधिकार सेना ने डीएम को ज्ञापन दे सुविधा देने की मांग की

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप के बीच ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों व होमगार्ड जवानों की सुरक्षा को लेकर सामाजिक संगठन बहुजन अधिकार सेना ने राहत की पहल की है। संगठन के राष्ट्रीय कमांडर विजय राणा चमार ने बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जवानों के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिला मुख्यालय पर जाम से निजात दिलाने के लिए एकल मार्ग व्यवस्था लागू की गई है। जिसमें मुख्यालय के प्रमुख चौराहों पर यातायात व्यवस्था बहाल करने हेतु पुलिस व होमगार्ड तैनात किए गए हैं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि प्रमुख रूप से शहर के व्यस्त चौराहों और ट्रैफिक प्वाइंट्स पर स्थायी छायादार बूथ या केबिन बनाए जाए। ताकि धूप में खड़े जवानों को राहत मिल सके। इसके अलावा, स्वच्छ और ठंडे पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है। संगठन ने हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं से बचाव के लिए प्राथमिक उपचार किट और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई। साथ ही, लगातार कई घंटों तक ड्यूटी कर रहे जवानों को निर्धारित अंतराल पर विश्राम देने की व्यवस्था करने की अपील की गई।



ज्ञापन देने जाते बहुजन अधिकार सेना के पदाधिकारी।

# ग्राम रोजगार सेवकों की हड़ताल जारी

- मांगें न मानी गईं तो अनिश्चित-कालीन आंदोलन की दी चेतावनी

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ, के बैनर तले कुड़वार विकास खण्ड के ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। संघ के जिला अध्यक्ष उमेश चन्द्र तिवारी के नेतृत्व में प्रान्तीय कार्यकारिणी के आह्वान पर कलमबंद हड़ताल जारी है। बीडीओ कुड़वार नीलिमा गुप्ता को हड़ताल के संबंध में ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में बताया गया कि यह हड़ताल 16 अप्रैल से शुरू होकर 25 अप्रैल 2026 तक चलेगी। संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि इस अवधि में उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो सभी ग्राम रोजगार सेवक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। संघ के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) वसीम खान एवं जिला विकास अधिकारी को संबोधित ज्ञापन में अपनी समस्याओं और मांगों को रखा है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित मांगों की अनदेखी की जा रही है, जिससे कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।



बीडीओ कुड़वार नीलिमा गुप्ता को हड़ताल के बारे में ज्ञापन देते रोजगार सेवक।

फूटा गुस्सा

## मारपीट में घायल हुए सिकंदर सिंह की मौत का मामला, निलंबित हुए चौकी इंचार्ज, आरोपी गिरफ्तार

# शव रखकर लगाया जाम, मांगें मानीं तब परिजन हुए तैयार

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः बल्दीराय थाना क्षेत्र के टडरसा मजरा ऐंजर गांव में पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। सोमवार सुबह हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल सिकंदर सिंह की मंगलवार को अयोध्या में इलाज के दौरान मौत हो गई। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गांव पहुंचा, परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने देहली-हैरिंग्टनगंज मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम बल्दीराय प्रवीण कुमार, सीओ आशुतोष कुमार और थाना प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। हालात की गंभीरता को देखते हुए धनपतगंज थाना प्रभारी अंजू मिश्रा और कुड़वार थाना प्रभारी तरुण पटेल भी अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे। काफी देर तक चले गतिरोध के दौरान परिजन अपनी मांगों पर अड़े रहे। उन्होंने मृतक की पत्नी को विधवा पेंशन, बच्चों की शिक्षा व पालन-पोषण के लिए आर्थिक सहायता, नीतू सिंह के नाम समूह के कर्ज की माफी और आरोपियों की संपत्ति की जांच कर बुलडोजर कार्रवाई की मांग की। परिजनों ने अपना मांगपत्र एसडीएम प्रवीण कुमार को सौंपा। प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद परिजन शांत हुए और अंतिम संस्कार के लिए राजी हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना रहा।



मृतक की पत्नी से वार्ता करते एसडीएम व सीओ। ● अमृत विचार

### चौकी इंचार्ज पर गिरी निलंबन की गाज

बल्दीराय क्षेत्र में सिकंदर सिंह हत्याकांड को लेकर पुलिस अधीक्षक ने सख्त रुख अपनाया है। मामले में लापरवाही सामने आने पर पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने वलीपुर चौकी इंचार्ज राकेश कुमार ओझा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। क्षेत्राधिकारी बल्दीराय आशुतोष कुमार ने बताया कि घटना में अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस ने हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त गजेन्द्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, श्याम सिंह और बलिराम सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### 509 किसानों से खरीदा गया 28,500 एमटी गेहूं

सुलतानपुर, अमृत विचार : जनपद में गेहूं खरीद में विपणन शाखा सबसे आगे रही है। इसके 35 क्रय केंद्रों पर 377 किसानों से कुल 1725 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। वहीं पीसीएफ के 26 केंद्रों में से 22 केंद्र सक्रिय हैं, जहां 68 किसानों से 427 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। पीसीयू के 13 केंद्रों में से 8 केंद्रों ने 24 किसानों से 97 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। यूपीएसएस के 14 केंद्रों में से 13 केंद्रों पर 30 किसानों से 56 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। नैफेड के दो क्रय केंद्रों में से एक केंद्र पर 1 किसान से 8 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। मंडी परिषद के एकमात्र केंद्र पर 5 किसानों से 26 मीट्रिक टन खरीद हुई है। वहीं भारतीय खाद्य निगम के 4 केंद्रों में से 2 केंद्रों पर 27 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई है।


अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरी पुत्री का नाम पोस्ट ऑफिस भाग्यनगर औरैया में खाता संख्या 3496643201 में सुनैना नाम से है। और आधार कार्ड हर्षिता नाम से है। तथा माता का नाम स्मृति है। सुनैना एवं हर्षिता एक ही लड़की का नाम है। **हरीओम पुत्र श्री राजेश कुमार निवासी ग्राम कोठीपुर पोस्ट फफूँद जिला औरैया। मो.नं. 8006956615**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी भारतीय जीवन बीमा लि0 पालिसी सं0- 216022222 में मेरा नाम गुन गुन दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम कोमल वर्मा है जो कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड इत्यादि दस्तावेजों में भी दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही हैं एवं मुझे दोनों ही नाम से जाना व पहचाना जाता है। **कोमल वर्मा पुत्री मनोज कुमार नि0 ग्राम रितुकाला पोस्ट मकरन्द नगर परगना व तहसील व जिला कन्नौज।**

**सूचना**

मैं सरताज अहमद खाँ पुत्र स्व0 सरदार अहमद खाँ निवासी मोहल्ला बसारत तरफदार कस्बा व परगना व तहसील मलिहाबाद जनपद लखनऊ अपने पुत्र मोहम्मद शारिक के व्यवहार व कार्यो से क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ अब मेरा व मेरे परिवार का मोहम्मद शारिक से कोई वास्ता व सरोकार नही रह गया है व उनके द्वारा किये गये समस्त कृत्यो के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाणपत्र पर त्रुटिवश नाम दृष्टि पांडेय पिता का नाम सौरभ पांडेय व पता-201 सेक्टर-बी वृंदावन, लखनऊ दर्ज हो गया है। जबकि उसका वास्तविक नाम भव्या पांडेय (BHAVYA PANDEY) पिता का नाम रघुवंश कुमार तिवारी, पता हाउस नं.2 पी नम्बर-108 सेक्टर-जे-3 मड़ियांव, जानकीपुरम, लखनऊ है। अतः भविष्य में उसे वास्तविक नाम पिता का नाम और पते के नाम से जाना पहचाना जाए। **गुंजन पांडेय पत्नी रघुवंश कुमार तिवारी निवासनी- हाउस नं.2 पी नम्बर-108 सेक्टर-जे-3 मड़ियांव, जानकीपुरम, लखनऊ।**

**सूचना**

मेरे भाई जमीरुल हसन पुत्र वरियावन करीब 20 वर्षो से घर से अचानक कहीं लापता हो गए हैं। उनकी हर संभावित जगह तलाश की गई लेकिन उनका पता नहीं चल सका है। उनके लापता होने की सूचना स्थानीय थाने तथा सक्षम पुलिस अधिकारियों को भी दे दी गई है। **मुजीबुल्लाह पुत्र वरियावन ग्राम पोस्ट रामनगर थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम विमलेश कुमार निषाद पुत्र सुंदर लाल सभी अभिलेख में अंकित है। जबकि बीमा में पॉलिसी संख्या 215821726 में नाम निर्मल कुमार दर्ज है। दोनों नाम के एक ही व्यक्ति हैं। **विमलेश कुमार निषाद उर्फ निर्मल कुमार पुत्र सुंदर लाल निवासी वार्ड नंबर 11 नगर पंचायत मिहिपुरवा, बहराइच, यूपी।**

**सूचना**

मेरे बेटे का जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश गोल्डबर्ग पाण्डेय माता का नाम रेखा पाण्डेय व पिता का नाम उपेंद्र पाण्डेय अंकित है। जबकि उसका वास्तविक नाम उज्ज्वल पाण्डेय (UJJWAL PANDEY) माता का नाम रेखा (REKHA) पिता का नाम उपेंद्र कुमार (UPENDRA KUMAR) है। उसके समस्त दस्तावेजों में उज्ज्वल पाण्डेय (UJJWALPANDEY) अंकित किया जाय। **रेखा पत्नी उपेन्द्र कुमार निवासी ग्राम माधवपुर, पोस्ट कुछमुछ जनपद सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व मे मेरा नाम विशन लाल था जिसे बदलकर मैंने विशन लाल मंगलानी कर लिया है भविष्य में मुझे विशन लाल मंगलानी नाम से जाना पहचाना जाये। **विशन लाल मंगलानी पुत्र खट्टू मल पता 35, 36 F समर विहार कॉलोनी , नेशनल पब्लिक स्कूल के पास आलमबाग, लखनऊ, यू0पी0**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं MOHAMMAD SALIM से अपना नाम बदल कर BAGWAN MOHAMMAD SALEEM रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए। **पुत्र IDREES निवासी ग्राम मलदा पोस्ट रमवापुरराउत जिला सिद्धार्थ नगर** का रहने वाला हूं।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी 10वीं यू.पी. बोर्ड की मार्कशीट रोल नं0-2325161 सन् 2015 कहीं पर खो गई है। किसी अन्य के द्वारा इसका उपयोग अवैध होगा। **अजय जायसवाल पुत्र नाथूराम निवासी ग्राम-अजबनगर पोस्ट- बानेपुर थाना-वजीरगंज जनपद -गोण्डा।**

# पोस्टर, भाषण व पौधरोपण के जरिए गूंजा पृथ्वी बचाओ का संदेश

**विश्व पृथ्वी दिवस**

- बच्चों ने दिखाई जागरूकता पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प




पोस्टर के जरिए जागरूकता संदेश देते बच्चे। साथ में शिक्षिका कल्पना तिवारी।




बच्चों को सम्मानित करते शिक्षक। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** विश्व पृथ्वी दिवस पर बुधवार को जिले के कई स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जहां बच्चों ने पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता व पौधरोपण कर पृथ्वी के संरक्षण का संकल्प लिया।

नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय महेशपुर में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर हमारी शक्ति, हमारा ग्रह थीम पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर प्रतियोगिता, मॉडल प्रदर्शन एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। शिक्षिका कल्पना तिवारी ने बच्चों को जल संरक्षण, अधिक से अधिक पौधरोपण, विद्युत बचत, प्रदूषण रोकने एवं प्लास्टिक के उपयोग से बचने के प्रति जागरूक किया। कक्षा की छात्रा अंशिका ने "पृथ्वी बचाओ, जीवन बचाओ" का नारा देते हुए सभी को जागरूक किया। परी ने पौधरोपण का संदेश दिया। आंचल ने प्रदूषण रोकने पर जोर दिया तथा दित्यांश ने जल बचाने का महत्व बताया। कार्यक्रम में माधवी सिंह, वर्षा त्रिपाठी, अनिल प्रजापति, रिंकू यादव सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। परसपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में शिक्षकों ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी। विज्ञान शिक्षक मनोज कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि वर्ष 1970 से हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला यह दिवस हमें प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि आज धरती ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण और संसाधनों की कमी जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है। यदि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देना है तो हमें अभी से सजग होकर अधिक से अधिक पेड़ लगाने, पानी और बिजली की बचत करने तथा प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने की आवश्यकता है। प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार सिंह ने प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन पर चिंता जताते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमारी धरोहर हैं, जिन्हें संरक्षित रखना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर अध्यापक महेश कुमार ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों की सराहना की। कार्यक्रम में अध्यापक अखिलेश कुमार भी उपस्थित रहे। मॉडल प्रतियोगिता में मोनिका, कपिल कुमार, मालवी तिवारी, महेश कुमार व रजनी को मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं ऑनलाइन प्रतियोगिता में भी 35 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। करनैलगंज के कन्हैया लाल इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य मेजर राजाराम के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। भूगोल विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने कहा कि पृथ्वी सौरमंडल का सबसे अनोखा ग्रह है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजधारी सिंह, मनमोहन सिंह, मनोज कुमार, जितेन्द्र कुमार, सीमा वर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के अध्यक्ष बने विजय




पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के विजयी पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** पशुधन प्रसार अधिकारी संघ का द्विवार्षिक चुनाव बुधवार को राजकीय पशु चिकित्सालय परिसर सदर में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी डॉ. राकेश कुमार तिवारी तथा उप निर्वाचन अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार की देखरेख में सम्पन्न कराई गई। निर्वाचन के दौरान अध्यक्ष एवं महामंत्री के पदों के लिए मतदान कराया गया, जिसमें अध्यक्ष पद पर विजय कुमार पांडे तथा महामंत्री पद पर आलोक मिश्रा निर्वाचित घोषित किए गए। अन्य सभी पदों पर सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन हुआ। निर्विरोध चुने गए पदाधिकारियों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में उमाकांत श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष दिनेश आर्य, ऑडिटर ललित कुमार श्रीवास्तव, संगठन मंत्री नितिन सिंह तथा संयुक्त मंत्री विनय मिश्रा शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शुभम सिंह, अजय कुमार श्रीवास्तव, मुक्तेश्वर प्रसाद चौहान, विजय सिंह एवं साधना यादव को चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की मजबूती, सदस्यों के हितों की रक्षा तथा विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और समन्वय उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने सभी सदस्यों के सहयोग से संघ को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का भरोसा जताया। वहीं महामंत्री ने भी संगठनात्मक एकजुटता पर बल देते हुए सभी पदाधिकारियों के साथ मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## अभिषेक के असिस्टेंट कमिश्नर बनने पर खुशी की लहर



अभिषेक का स्वागत करते राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी।

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक परसपुर के संरक्षक चंद्र प्रकाश सिंह के सुपुत्र अभिषेक सिंह ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग पीसीएस परीक्षा में प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त कर ऑडिशनल कमिश्नर जीएसटी के पद पर चयनित होकर क्षेत्र एवं जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परसपुर ब्लॉक सहित पूरे जनपद में खुशी का माहौल है। अभिषेक सिंह की इस सफलता पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने उनके आवास आंटा परसपुर पहुंचकर मिठाई खिलाकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस दौरान जिला संयुक्त महामंत्री आनन्द प्रताप सिंह, परसपुर ब्लाक अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह, मंत्री प्रवीण कुमार तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजनी कुमार शुक्ला, बेलसर ब्लॉक के मंत्री मनोज कुमार शुक्ला, तथा ब्लॉक परसपुर ब्लाक के मीडिया प्रभारी शारदा प्रसाद शर्मा व अजय कुमार यादव सहित अन्य लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कार्यालयों की कार्यप्रणाली पर आयुक्त सख्त, लापरवाही पर दी चेतावनी

### जनता दर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश

संवाददाता गोंडा



निरीक्षण करतीं नवागत आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** देवीपाटन मंडल की नवागत आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने बुधवार को आयुक्त कार्यालय परिसर में स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों की कार्यप्रणाली, साफ-सफाई व्यवस्था तथा अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति का गहन जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने विशेष रूप से कार्यालयों में स्वच्छता बनाए रखने, समय-समय पर रंगाई-पुताई कराने और कार्यस्थलों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित कार्यालय न केवल कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाते हैं, बल्कि आमजन में भी सकारात्मक संदेश देते हैं।

आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सभी मंडलीय एवं जनपदीय कार्यालयों में स्वच्छता और बेहतर कार्यप्रणाली सुनिश्चित करना अनिवार्य है। इसी के अनुरूप सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों की व्यवस्था दुरुस्त रखें। उन्होंने फाइलों के समुचित रखरखाव, अभिलेखों को अद्यतन रखने तथा आवश्यक दस्तावेजों को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संधारित करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही निर्देशित किया कि किसी भी कार्यालयीन कार्य में अनावश्यक विलंब न हो और प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

आयुक्त ने पारदर्शिता और जवाबदेही को शासन की प्राथमिकता बताते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को इसी भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद आयुक्त ने जनता दर्शन कार्यक्रम में भाग लेकर आमजन की समस्याएं सुनीं। विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी शिकायतें उनके समक्ष रखीं, जिन पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण व्यवस्था है और इसमें प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# 48 घंटे बाद भी हमलावरों का नहीं लग सका सुराग

परसपुर, गोंडा

**अमृत विचार Follow UP**

- जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि को अज्ञात लोगों ने मारी थी गोली
- ट्रामा सेंटर में जिंदगी की जंग लड़ रहे भूपेंद्र सिंह

**अमृत विचार :** परसपुर थाना क्षेत्र के डेहरास गांव में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह पर हुई फायरिंग की घटना के 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। मामले का अब तक खुलासा न होने से क्षेत्र में आक्रोश और दहशत का माहौल बना हुआ है।

गंभीर रूप से घायल भूपेंद्र सिंह का इलाज लखनऊ के ट्रामा सेंटर में चल रहा है, जहां उनकी हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। चिकित्सकों की टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है। उधर, घटना के बाद से ही परिजन और समर्थक लखनऊ में डटे हुए हैं। ट्रामा सेंटर में उनसे मिलने वालों की भीड़ लगी हुई है।घटना के पीछे चुनावी रंजिश और आपसी विवाद की बात सामने आने के बावजूद पुलिस अब तक किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। यही कारण है कि लोगों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। लोगों के बीच यह सवाल चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर भूपेंद्र सिंह पर हमला किसने और क्यों किया। स्थानीय ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है, वहीं कई लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल भी खड़े किए हैं। लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होना चिंताजनक है। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि संदिग्धों की तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। राजनीतिक गलियारों में भी इस घटना को लेकर हलचल तेज हो गई है। क्षेत्र में बढ़ते तनाव को देखते हुए पुलिस सतर्कता बरत रही है।

## वेदी पूजन संग शुरू हुई भागवत कथा




कथा सुनाते व्यास व आरती करते यजमान। ● अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** पड़ाव मोहल्ले में मंगलवार सायंकाल मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री के आवास पर श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। कथा व्यास आचार्य डॉ. संत शरण त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वेदी पूजन कर कार्यक्रम का श्रीगणेश कराया। प्रथम दिन आचार्य डॉ. त्रिपाठी ने श्रीमद्भागवत महापुराण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह ग्रंथ मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करने वाला दिव्य मार्गदर्शक है। उन्होंने यह भी कहा कि कथा मनुष्य को धर्म, सदाचार और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।कथा के समापन पर बाबूलाल शास्त्री ने अपनी पत्नी सीता देवी के साथ व्यास पीठ का पूजन कर विधिवत आरती उतारी। इस अवसर पर विधायक रमापति शास्त्री, विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दूबे, जनार्दन तिवारी, नगरपालिका अध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र सिंह, अशोक सिंह उर्फ गिंडू, राम नायक, सूर्यलाल दूबे, रवि श्रीवास्तव, आशीष शास्त्री, सतीश, बाबी सिंह चौहान, विजय यादव, चंदन श्रीवास्तव, अभिषेक पांडे, दीपक चौहान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# 30 हजार बोरे की खेप मिली गेहूं खरीद पकड़ेगी रफ्तार



कृषि उत्पादन मंडी समिति में ट्रक से बोरों को उतारते पल्लेदार।

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले में गेहूं खरीद प्रक्रिया पिछले कुछ दिनों से बोरों की कमी के चलते धीमी पड़ गई थी। कई खरीद केंद्रों पर पर्याप्त बोरे उपलब्ध न होने के कारण केंद्र प्रभारी खरीद में रुचि नहीं दिखा रहे थे। हालांकि अब शासन ने त्वरित कदम उठाए हैं। जिले में 30 हजार बोरो की खेप पहुंच चुकी है, जिन्हें एजेंसियों को आवंटित कर दिया गया है।

बोरों की उपलब्धता सुनिश्चित होने के बाद अब खरीद प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।जिले में किसानों से गेहूं खरीद के लिए करीब 100 क्रय केंद्र बनाए गए हैं, लेकिन बोरों की कमी के चलते अधिकांश केंद्रों पर खरीद प्रभावित हो रही थी। अधिकारियों का कहना है कि बोरों की समस्या दूर होते ही खरीद व्यवस्था पटरी पर लौटेगी और किसानों को समय पर भुगतान भी सुनिश्चित किया जाएगा। जिला खाद्य विवरण अधिकारी एनके पाठक ने बताया कि जनपद में 30 हजार बोरो की खेप आ गई है सभी एजेंसी को आवंटन कर दिया गया है। अब गेहूं खरीद में तेजी आएगी।

## खेतों में लगी आग फसल व भूसा राख

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** लौव्वाबीरपुर में मंगलवार शाम अचानक लगी आग ने कई किसानों की मेहनत को तबाह कर दिया। आग फैलती चली गई और आसपास के खेत इसकी चपेट में आ गए।

लौव्वाबीरपुर के पूरे जोगाराय में उस समय हड़कंप मच गया जब एक खेत में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें तेज हो गईं और कई खेत इसकी जद में आ गए। इस हादसे में रंजीत यादव का करीब 2.5 कुंतल भूसा जलकर नष्ट हो गया, जबकि लगभग 5 बिस्वा गन्ने की खड़ी फसल पूरी तरह जल गई। प्रहलाद यादव पुत्र केश्वराम यादव और राम सजीवन यादव पुत्र मनीराम यादव की फसलें भी जलकर खराब हो गईं, जिससे उनकी मेहनत पर पानी फिर गया।

# समय से पूरा करें कार्य : डीएम




बैठक करतीं डीएम प्रियंका निरंजन व सीडीओ अंकिता जैन। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** बुधवार को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में चल रहे विभिन्न विभागों के भवन निर्माण, बाउंड्री वाल, मंदिरों के सौंदर्यीकरण व स्टेडियम निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं और गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए।

डीएम ने कहा कि जिन निर्माण कार्यों में बजट के अभाव के कारण कार्य बाधित हैं, उनके लिए शीघ्र धनराशि की व्यवस्था कर कार्य पूरा कराया जाए। कार्यदायी संस्थाओं को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में देरी से शासकीय धन की हानि होती है, इसलिए समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन कार्यों में मामूली कमियों के कारण पूर्णता नहीं हो पा रही है, उन्हें तत्काल दूर कर संबंधित विभाग को शीघ्र हैंडओवर किया जाए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, डीएसटीओ एन.के. सिंह, एक्सईएन प्रांतीय प्रमोद त्रिपाठी, एक्सईएन निर्माण खंड-1 सुरेश राम, एक्सईएन ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक डा रामचंद्र, सहायक पर्यटन सूचना अधिकारी वंदना पांडेय बीएसए अमित सिंह समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## परिवहन विभाग की सख्ती, 3 स्कूली वाहन सीज

**गोंडा, अमृत विचार :** जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने सख्त कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में एआरटीओ (प्रशासन) आरसी भारतीत के नेतृत्व में थाना छपिया क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान विद्यालय वाहनों की इंश्योरेंस, प्रदूषण प्रमाणपत्र, परमिट सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की गई। जांच में कुल 9 स्कूल वाहनों पर कार्रवाई की गई, जिनमें से 3 वाहन मानक विहीन पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से सीज कर दिए गए। जांच के दौरान कई वाहनों में फिटनेस प्रमाणपत्र की कमी, ओवरलोडिंग, अग्निशमन यंत्र का अभाव तथा अन्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाई गई। एआरटीओ ने निर्देश दिए कि सभी विद्यालय वाहन स्वामी शासन द्वारा निर्धारित नियमों का शत–प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि मानकों की अनदेखी करने पर संबंधित वाहन मालिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**संरक्षण की अपील** | अप्रैल से जुलाई तक हर साल सैकड़ों हिरन होते हैं कुत्तों के शिकार

# गोंडा में संकटग्रस्त 'पाढ़ा' हिरन पर खतरा

अभिषेक दूबे, नेचर क्लब, गोंडा



गोंडा के टेढ़ी नदी के किनारे झौहना गांव के पास मौजूद हिरन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में पाई जाने वाली दुर्लभ और संकटग्रस्त हिरन प्रजाति 'पाढ़ा' (इंडियन हॉग डियर) इन दिनों गंभीर संकट का सामना कर रही है। यह प्रजाति जहां देश के अधिकांश जंगलों में सीमित संख्या में पाई जाती है, वहीं गोण्डा में इसकी संख्या हजारों में बताई जाती है। इसके बावजूद इनके संरक्षण को लेकर अपेक्षित प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार टेढ़ी और सरयू नदियों के किनारे फैले घास के मैदान पाढ़ा हिरनों के प्रमुख आवास हैं, लेकिन वर्तमान में इन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर घास की कटाई हो चुकी है। साथ ही खेतों में गेहूं और गन्ने की फसल कटने के बाद हिरनों के लिए छिपने के स्थान समाप्त हो जाते हैं। इसके चलते अप्रैल से जुलाई के बीच ये हिरन खुले में भटकने को मजबूर हो जाते हैं। दिन के समय पानी और सुरक्षित स्थान की तलाश में भटकते हुए ये हिरन अक्सर असामाजिक कुत्तों (फेरल डॉग) के हमलों का शिकार हो जाते हैं। हर वर्ष इन महीनों में सैकड़ों हॉग डियर घायल होते हैं, जिनमें से अधिकांश की बाद में मृत्यु हो जाती है। वर्तमान समय में भी ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं। हिरनों के संरक्षण के लिए नेचर क्लब गोण्डा ने आमजन से आगे आने की अपील की है। क्लब के अनुसार लोग बाग और घास के मैदानों के आसपास पानी से भरे नादे रखें, ताकि गर्मी के दिनों में हिरनों को पानी मिल सके। साथ ही अगले वर्ष से नरकुल, सरपत, मूंज, खस और कांस जैसी घासों की कटाई पर नियंत्रण रखा जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर भी 10-20 प्रतिशत से अधिक घास न काटी जाए।

इसके अलावा खाली स्थानों पर झाड़ियों और घासों का रोपण करने, तथा स्थानीय लोगों और युवाओं को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया है। प्रशासन से मांग की गई है कि टेढ़ी और सरयू नदी के किनारे स्थित घास के मैदानों का चिन्हीकरण कर उनके संरक्षण और पुनर्विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। वन विभाग से यह भी अपेक्षा की गई है कि घायल हिरनों का रिकॉर्ड रखने के लिए एक रजिस्टर तैयार किया जाए। नेचर क्लब ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी हिरन दिखाई दे या घायल अवस्था में मिले, तो उसकी जीपीएस फोटो लेकर 8090858671 पर व्हाट्सएप करें, जिससे उनकी जनसंख्या और आवास का आकलन किया जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते संरक्षण के ठोस उपाय नहीं किए गए, तो गोण्डा की यह महत्वपूर्ण जैव विविधता धीरे-धीरे समाप्त हो सकती है।

# छात्रावास निर्माण पूरा, छात्राओं को मिलेगी आवासीय सुविधा



बैठक में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

**तरबगंज, अमृत विचार :** तरबगंज के कस्तूरबा बालिका विद्यालय परिसर में निर्माणाधीन छात्रावास बनकर तैयार हो गया है। अब इस छात्रावास में इंटर तक की पढाई करने वाली छात्राओं को आवासीय सुविधा मिल सकेगी। छात्रावास निर्माण से पूरा होने से महाराजा देवी बक्स सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य गदगद हैं। बुधवार को उन्होने कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन कुमकुम गुप्ता समेत दोनों विद्यालयों के समस्त अध्यापकों के साथ बैठक कर छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अभी तक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में केवल कक्षा 6 से 8 तक की पढ़ाई व आवासीय सुविधा उपलब्ध थी।

अब छात्रावास के माध्यम से कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं के लिए निःशुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था की जाएगी। इससे छात्राओं को आने-जाने की समस्या से मुक्ति मिलेगी और वे सुरक्षित माहौल में पढ़ाई कर सकेंगी। बैठक में संजय सिंह, आभा सिंह नेहा वर्मा, रामकुमार मिश्र, रोशन सहित सभी अध्यापक व अध्यापिकाएं मौजूद रही।

## विवेक बने निरीक्षक, एसपी ने लगाए स्टार

**गोंडा, अमृत विचार :** कई पुलिस कर्मी की पदोन्नति हुई है। जनपद में पदोन्नति के क्रम में एक उपनिरीक्षक को निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने संबंधित अधिकारी के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यूपी112 में तैनात उपनिरीक्षक विवेक कुमार सिंह को निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिलने पर सम्मानित किया गया। एसपी ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पदोन्नति केवल सम्मान ही नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों में भी वृद्धि का संकेत है। उन्होंने नवपदोन्नत निरीक्षक को निर्देशित किया कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ करें। साथ ही आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनते हुए उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि पुलिस के प्रति जनता का विश्वास और मजबूत हो सके।इस दौरान अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे और सभी ने पदोन्नति पर बधाई दी।

## डॉ. आईपी सिंह के पिता का निधन से शोक की लहर

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** चिकित्सक डॉ. आईपी सिंह के पिता रुद्र प्रताप सिंह उर्फ ननकू लंबरदार का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता कि ग्राम पंचायत चरसड़ी निवासी 86 वर्षीय ननकू लंबरदार लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और उनका इलाज चल रहा था। बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। ननकू लंबरदार क्षेत्र की सम्मानित एवं चर्चित हस्तियों में शामिल थे। लोग उन्हें बड़े आदर के साथ 'लंबरदार' कहकर पुकारते थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचने लगे। परिजनों के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार गुरुवार सुबह आठ बजे पैतृक गांव चरसड़ी स्थित बाबाघाट, सरयू नदी के तट पर किया जाएगा।



रुद्र प्रताप सिंह उर्फ ननकू लंबरदार (फाइल फोटो)

# हर पात्र व्यक्ति को मिले योजनाओं का लाभ : कीर्तिवर्धन

## केंद्रीय राज्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित की गयी जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक

**निर्देश**

- **बाढ़ से पूर्व सुरक्षा कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करें**

**संवाददाता, बलरामपुर**



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में मौजूद केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह व अन्य।

**अमृत विचार :** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक बुधवार को केंद्रीय राज्यमंत्री व गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के विकास कार्यों की विभागवार गहन समीक्षा करते हुए सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। बैठक में साकेत मिश्रा, पल्टूराम, कैलाश नाथ शुक्ला, राम प्रताप वर्मा, राम शिरोमणि वर्मा, आरती तिवारी व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

मंत्री ने सड़कों के सुदृढ़ीकरण व चौड़ीकरण को प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए लोक निर्माण विभाग को कार्ययोजना बनाकर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। वहीं बाढ़ से पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी सुरक्षा कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने और पहाड़ी नालों की सिल्ट सफाई तेज करने के निर्देश दिए। विद्युत आपूर्ति की समीक्षा में खराब ट्रांसफार्मरों को समय से बदलने और जरूरत अनुसार क्षमता वृद्धि करने के निर्देश दिए गए, ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिल सके। स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### वैश्विक तनाव जल्द थमेगा, महिला आरक्षण 2029 तक लागू करने का प्रयास



कीर्तिवर्धन सिंह केंद्रीय राज्यमंत्री।

**बलरामपुर, अमृत विचार** दिशा समिति की बैठक में शामिल होने पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री एवं गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी। अमेरिका द्वारा युद्धविराम (सीजफायर) की कोशिशों पर उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देश शांति स्थापना के लिए प्रयासरत हैं और उम्मीद है कि संघर्ष जल्द समाप्त होगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश में जो डर का माहौल बनाया गया था, उसे पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में नियंत्रित रखा गया और किसी भी गंभीर स्थिति को उत्पन्न नहीं होने दिया गया। महिला आरक्षण बिल को लेकर विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कीर्तिवर्धन सिंह ने इसे बहानेबाजी बताया। उन्होंने कहा कि यदि बिल पारित हो जाता तो 2029 के चुनाव में महिला आरक्षण लागू हो सकता था, फिर भी सरकार इस दिशा में प्रयास जारी रखेगी ताकि 2029 तक इसे लागू किया जा सके। पश्चिम बंगाल की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि वर्षों से चली आ रही वोट बैंक की राजनीति ने देश को कमजोर किया है और घुसपैठ जैसी समस्याओं को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि वहां के लोग गुंडागर्दी से परेशान हैं और इस पर प्रभावी रोक लगाना आवश्यक है।

## बैठक में उठीं खराब ट्रांसफार्मर व लो वोल्टेज की समस्या, जेई को हटाने का निर्देश

**संवाददाता, बलरामपुर**

**अमृत विचार :** बुधवार को आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री व गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने जनसमस्याओं को लेकर कड़ा रुख अपनाया। बैठक के दौरान रेहरा बाजार में तैनात विद्युत विभाग के जेई सुनील कुमार मौर्य के खराब व्यवहार की शिकायत सामने आते ही उन्हें तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए, जिससे अधिकारियों में हलचल मच गई।

बैठक में बिजली व्यवस्था को लेकर सबसे अधिक नाराजगी जताई गई। जनप्रतिनिधियों ने खराब ट्रांसफार्मर, लो वोल्टेज और उपभोक्ताओं से दुर्व्यवहार की समस्याएं उठाईं।

इस पर केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने स्पष्ट कहा कि जनता के साथ अभद्रता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी खराब ट्रांसफार्मरों को समयबद्ध ढंग से बदलना सुनिश्चित किया जाए।

सड़क और संपर्क मार्गों की स्थिति पर भी गंभीर चर्चा हुई। लोक निर्माण विभाग को जर्जर सड़कों के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

वहीं, बरसात से पहले बाढ़ सुरक्षा कार्यों को समय से पूरा करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि 18 पहाड़ी नालों की सिल्ट सफाई पूरी हो चुकी है, शेष कार्य भी जल्द शुरू होंगे।

स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि योजनाओं की समीक्षा करते हुए मंत्री ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य कर योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान राम शिरोमणि वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय विकास से जुड़े प्रस्ताव भी रखे। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### सपा मजदूर सभा ने किया प्रदर्शन



डीएम को ज्ञापन सौंपते सपा के जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बलरामपुर अमृत विचार :** समाजवादी मजदूर सभा, बलरामपुर के तत्वाधान में बुधवार को जिलाध्यक्ष विशाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में नोएडा में श्रमिक आंदोलन पर हो रही कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित छह सूत्री ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए सरकार की नीतियों पर नाराजगी जताई। जिलाध्यक्ष विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि श्रमिकों का आंदोलन शोषण और कम वेतन के खिलाफ है, जिसे दबाया जा रहा है। पूर्व प्रत्याशी डॉ भानु त्रिपाठी, ओंकारनाथ पटेल व पूर्व विधायक राम सागर अकेला ने भी सरकार की नीतियों की आलोचना की। इस दौरान राम शिरोमणि वर्मा, राकेश यादव, डॉ सुनील चौधरी, डॉ भानु त्रिपाठी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### छात्रों ने सीखे अनुशासन व नेतृत्व के गुर



शिविर में घेरा गीत प्रस्तुत करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** बी.एड. सत्र 2025-26 के तहत भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय विशेष परिचयात्मक शिविर का द्वितीय दिवस एम.एल.के. पी.जी. कॉलेज, बलरामपुर में उत्साह और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। संचालन कोर्स लीडर इशरत सिद्दीकी एवं सिराजुल हक़ द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. राघवेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्काउटिंग-गाइडिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। द्वितीय दिवस में स्काउटिंग के आधारभूत इतिहास, व्यायाम, सलामी, प्राथमिक उपचार, सुरक्षा-बचाव उपाय, झंडे व वर्दी की जानकारी, टोली विधि, घेरागीत तथा टूप मीटिंग का अभ्यास कराया गया।

## केबल फॉल्ट से 19 घंटे परेशान रहा आधा शहर



भगवती गंज उपकेंद्र का दगा केबल बॉक्स।

- **भीषण गर्मी में बिजली-पानी के लिए मचा हाहाकार**

**बलरामपुर अमृत विचार :** शहर के भगवतीगंज उपकेंद्र से जुड़ी 33 हजार वोल्ट की केबल का बॉक्स दग जाने से मंगलवार रात करीब 1 बजे से बुधवार शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित रही। करीब 19 घंटे चली इस लंबी कटौती ने आधे शहर की रफ्तार थाम दी। भीषण गर्मी के बीच बिजली गुल होने से लोगों को पानी और राहत के लिए जूझना पड़ा।

बिजली न रहने से पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित रही। मोहल्ला आनंदबाग निवासी राजेश गुप्ता ने बताया कि मोटर न चल पाने से पानी की भारी किल्लत हो गई, जिससे परिवार को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। वहीं नगर के निवासी शकील अहमद ने कहा कि रात भर बिना पंखे के रहना पड़ा, बच्चों और बुजुर्गों की हालत खराब हो गई। स्टेशन रोड की गृहिणी सीमा श्रीवास्तव ने बताया कि गर्मी में कूलर-फ्रिज सब बंद रहे, खाने-पीने की चीजें खराब होने लगीं। उधर, दुकानदार मनोज वर्मा ने कहा कि लगातार बिजली न रहने से कारोबार पर भी असर पड़ा। विभागीय कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद फॉल्ट को दुरुस्त कर आपूर्ति बहाल की। अधिकारियों का कहना है कि केबल बॉक्स दग जाने से समस्या आई थी, जिसे ठीक कर लिया गया है।

## बोतल व डिब्बे में पेट्रोल लेने में रोक

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति को पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन ने नई गाइडलाइन लागू कर दी है। डीएम के निर्देश पर जारी इस नियमावली का उद्देश्य कालाबाजारी पर रोक लगाना और आम उपभोक्ताओं को राहत देना है। नई व्यवस्था के तहत जिले के सभी पेट्रोल पंप अब सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक ही संचालित होंगे। हालांकि मेडिकल इमरजेंसी या अन्य आपात स्थितियों में संबंधित अधिकारियों या पुलिस को सूचना देकर आपूर्ति की अनुमति दी जाएगी। सबसे महत्वपूर्ण निर्णय यह लिया गया है कि अब किसी पंप से जेरीकेन, बोतल, गैलन या डिब्बे में पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। कृषि कार्यों के लिए 5 से 10 लीटर तक डीजल पहचान पत्र या किसान रजिस्ट्रेशन के आधार पर निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि सामान्य परिस्थितियों में पेट्रोल-डीजल केवल वाहनों में ही भरा जाएगा।

## भाजपाइयों ने फूंका राहुल का पुतला

- **महिला आरक्षण बिल पर विपक्ष के रुख को लेकर किया प्रदर्शन**

**उतरौला, बलरामपुर**



महिला आरक्षण बिल पर विपक्ष के खिलाफ प्रदर्शन करते भाजपा विधायक व अन्य।

**अमृत विचार :** महिला आरक्षण बिल को लेकर विपक्ष के रुख के विरोध में मंगलवार को उतरौला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। राम प्रताप वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध जताया।

इस दौरान विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। केंद्र सरकार महिलाओं को समान अधिकार और अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन विपक्ष राजनीतिक स्वार्थ के चलते इस महत्वपूर्ण बिल में बाधा डाल रहा है।

उन्होंने कहा कि बिल पारित होने से महिलाओं की राजनीति में भागीदारी बढ़ेगी और उन्हें निर्णय प्रक्रिया में उचित स्थान मिलेगा।

नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप चन्द गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वहीं भाजयुमो जिला अध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर महिला सशक्तिकरण का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया।

जिला उपाध्यक्ष देवानंद गुप्ता ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि महिला आरक्षण बिल का विरोध महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ है।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने तख्तियां लेकर नारेबाजी की। पुलिस की मौजूदगी में कार्यक्रम शांतिपूर्ण रहा। इस मौके पर प्रमुख रूप से रोहित राज गुप्ता, तोताराम वर्मा, कृष्ण कुमार गुप्ता, फणीन्द्र गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कपिल आश्रम से मखौड़ा धाम की ओर बढ़े श्रद्धालु



श्रद्धालुओं का स्वागत करते स्थानीय विधायक रमापति शास्त्री।

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** अयोध्या 84 कोसी परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं के जत्थे ने बुधवार सुबह कपिल आश्रम महंगूपुर से अगले पड़ाव मखौड़ा धाम के लिए प्रस्थान किया। बुधवार की सुबह परिक्रमार्थियों का जत्था भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ा। परिक्रमा प्रमुख सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में विश्व हिन्दू परिषद के हनुमान मंडल से जुड़े श्रद्धालुओं ने यात्रा के दौरान लौव्वाबीरपुर और कस्बे की सीमा पर स्थित प्रसिद्ध पहलवानवीर मंदिर में दर्शन एवं पूजन-अर्चन किए। इसके बाद कस्बे के घंटाघर पर मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री, विहिप पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने फूल-मालाओं के साथ श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दूबे, विवेक तिवारी, अनिल शर्मा, रवि श्रीवास्तव, रितिक तिवारी, जनार्दन तिवारी, सूर्यलाल दूबे और चंदन श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोगों ने परिक्रमार्थियों और संतों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना अध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा। गयाशरण के नेतृत्व में चल रहे श्रद्धालुओं का एक अन्य जत्था भी कपिल आश्रम से निकलकर रेहली पहुंचा, जहां उनका रात्रि विश्राम प्राथमिक विद्यालय में हुआ। वहीं महंथ गयादास के नेतृत्व में चल रहे संतों का जत्था लौवावीरपुर स्थित पहलवानवीर मंदिर पहुंचा।

## बैसाख में जेठ जैसी तपिश से लोग बेहाल



भीषण गर्मी और तेज धूप के कारण सड़क पर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** बैसाख के महीने में ही बलरामपुर जिले में गर्मी ने अपने तेवर कड़े कर लिए हैं। पिछले कुछ दिनों से तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे दोपहर की धूप जेठ जैसी झुलसाने वाली हो गई है। सुबह 9 बजे के बाद ही सड़कों पर सन्नाटा छाने लगता है और दोपहर में तो हालात और भी खराब हो जाते हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं (लू) ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में किसान इस भीषण गर्मी से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। हरैया क्षेत्र के किसान रामनरेश यादव बताते हैं, "पारा 40 के ऊपर पहुंच गया है, ऐसे में खेत में काम करना मुश्किल हो गया है। थोड़ी देर धूप में रहने पर ही चक्कर आने लगता है।" वहीं पचपेड़वा के किसान शरीफ अंसारी का कहना है कि सिंचाई करते समय भी शरीर झुलसने लगता है और पानी की कमी से फसलों पर भी असर पड़ने लगा है। मजदूर वर्ग की परेशानी भी कम नहीं है। निर्माण कार्य में लगे मजदूर सुनील कुमार और राजकुमारी देवी बताते हैं कि तेज धूप में काम करने से शरीर में जलन, सिरदर्द और अत्यधिक थकान महसूस होती है। रोजी-रोटी के लिए काम करना मजबूरी है, लेकिन कई बार लू लगने जैसा महसूस होता है।

बस और ट्रेन यात्रियों को भी गर्मी ने बेहाल कर रखा है। बलरामपुर बस स्टैंड पर मौजूद यात्री अजय मिश्रा और सीमा गुप्ता का कहना है कि बसों के इंतजार में खड़े रहना किसी परीक्षा से कम नहीं है। न पर्याप्त छांव है, न ही ठंडे पानी की व्यवस्था। चिकित्सकों ने इस भीषण गर्मी में सावधानी बरतने की सलाह दी है। विशेषज्ञों के अनुसार दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ लें।

## बैंकों में कैश न होने से बढ़ीं मुश्किलें

**उतरौला बलरामपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में इन दिनों आमजन एक साथ कई संकटों से जूझ रहा है। डीजल-पेट्रोल और रसोई गैस की किल्लत के बीच अब बैंकों में 'नो कैश' के बोर्ड लगने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। बैंकों के बाहर सुबह से ही लोगों की लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन काउंटर पर पहुंचने के बाद 'नो कैश' की सूचना मिल रही है। विनोद गुप्ता और रीना देवी ने बताया कि कई दिनों से बैंक के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन पैसा नहीं मिल पा रहा है। उधर, पेट्रोल पंपों पर भी हालात ठीक नहीं हैं। एक-दो लीटर ईंधन के लिए लोगों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। डीजल की कमी से खेती-किसानी पर असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नकदी, ईंधन और गैस तीनों की कमी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रशासन स्थिति पर नजर रखने की बात कह रहा है।

## बेला गांव में दर्जन भर फूस के घर राख, 6 मवेशियों की मौत

**संवाददाता, बलरामपुर**

**अमृत विचार :** थाना देहात क्षेत्र के बेला गांव में बुधवार दोपहर करीब 12 बजे अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने भारी तबाही मचा दी। आग की लपटों में दर्जन भर फूस के मकान जलकर खाक हो गए, जबकि आधा दर्जन मवेशियों की झुलसकर मौत हो गई। इस अग्निकांड में लगभग 25 लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

ग्राम प्रधान उमेश यादव के अनुसार आग की शुरुआत पूरन पासवान के घर से हुई, जहां अचानक उठीं लपटों ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। घर में रखी बाइक और अन्य सामान जलकर राख हो गए, वहीं बंधी तीन बकरियां भी आग की चपेट में आकर मर गईं।

आग तेजी से फैलते हुए धर्मेंद्र पासवान, भूरे पासवान, अजीत, सनी देओल, अनोखी, रामदुलारी, पारस, जोगिंदर, इंद्रेश और सूरज पासवान के घरों तक पहुंच गई। धर्मेंद्र के घर में रखा जरूरी सामान, कपड़े और नकदी जलकर नष्ट हो गए, जबकि भूरे पासवान की कई बकरियां भी आग में झुलस गईं।

सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

लेखपाल अजय प्रकाश ने बताया कि नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट एसडीएम को भेजी जाएगी और पीड़ितों को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और मातम का माहौल बना हुआ है।

### प्राण-प्रतिष्ठा से पहले निकाली गयी कलश यात्रा



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** बेलसर ब्लॉक अंतर्गत माधवपुर ग्राम पंचायत के गजाधर पुरवा में बुधवार को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। संस्थापक बालक राम तिवारी ने बताया कि कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं शामिल हुईं, जिन्होंने निकटवर्ती नदी से जल भरकर सिर पर कलश धारण किया और विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए मंदिर परिसर तक यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ते रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह राममय हो गया। कलश यात्रा के समापन के बाद मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना शुरू हुई। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और दूर-दूर से श्रद्धालु इसमें शामिल होने पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर राम जनम तिवारी, विद्या भूषण तिवारी, विद्या सागर तिवारी, अतुल शुक्ला, माधवराज तिवारी, ईश्वर दत्त ओझा, मिंटू ओझा, केदार नाथ तिवारी सहित लोग उपस्थित रहे।

**विश्व पृथ्वी दिवस** | विद्यालयों में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए किया गया जागरूक, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

## छात्र और छात्राओं ने लिया स्वच्छ और हरित पृथ्वी का संकल्प



विश्व धरती दिवस पर हरित पृथ्वी का संकल्प लेते बच्चे। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने स्वच्छ और हरित पृथ्वी का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का नेतृत्व प्रबंध निदेशक डॉ. एम.पी. तिवारी, उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय एवं उप प्रधानाचार्य राघवेन्द्र त्रिपाठी ने किया। प्रबंध निदेशक डॉ. एम.पी. तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि पृथ्वी दिवस का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण और जैव विविधता संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी हमें हवा, पानी और भोजन प्रदान करती है, इसलिए इसका संरक्षण सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने चित्रकला, पौधारोपण और अन्य गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूकता दिखाई। शिक्षकों ने भी बच्चों को पृथ्वी के महत्व और संरक्षण के उपायों की जानकारी दी।

अंत में सभी विद्यार्थियों ने "स्वच्छ और सुरक्षित पृथ्वी" का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।



पृथ्वी दिवस पर अपनी कलाकृति दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

### पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पृथ्वी दिवस के अवसर पर बुधवार को स्थानीय विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जहां पृथ्वी को बचाने और स्वच्छ व हरित वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इसके बाद विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों ने पृथ्वी से जुड़े आकर्षक कटआउट तैयार किए। विद्यालय समन्वयक नीला घोष ने अपने संबोधन में कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए आवश्यक हैं और हर व्यक्ति को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की सीख दी।

## दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, साथी गंभीर

**गोंडा, अमृत विचार:** इटियाथोक थाना क्षेत्र के लोहशीशा गांव निवासी उमाशंकर शुक्ल (24) पुत्र बड़े बच्चा शुक्ल की सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं गांव के ही सुधांशु द्विवेदी (22) पुत्र बसंत कुमार द्विवेदी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उनका इलाज गोंडा के एक निजी अस्पताल में चल रहा है और हालत गंभीर बनी हुई है।

उमाशंकर शुक्ल गांव के सुधांशु द्विवेदी के साथ बाइक से विशंभरपुर बारात में शामिल होने गए थे। लौटते समय गांव के बाहर मुख्य सड़क पर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार दोनों युवक सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे। बताया जा रहा है कि दोनों युवक पूरी रात घायल अवस्था में गड्ढे में पड़े रहे। सुबह गांव के लोग जब निकले तो उन्होंने सड़क किनारे क्षतिग्रस्त बाइक और गड्ढे में पड़े दोनों युवकों को देखा। पुलिस ने युवकों की पहचान कराकर परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद घायलों स्थानीय सीएचसी भेजा गया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखकर दोनों को मेडिकल कॉलेज गोण्डा रेफर कर दिया। वहां से उन्हें लखनऊ के लिए रेफर किया गया। लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उमाशंकर शुक्ल की मौत हो गई।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित सम्पत्तियां बैंक से ऋण लिये जाने के सापेक्ष बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा नियांवां अयोध्या के पक्ष में बन्धक है।

1. मैथलीशरण गुप्ता वार्ड सी0 ब्लाक इन्दिरा नगर लखनऊ में स्थित प्लाट नं0 2223 एरिया 2992.81 वर्गमीटर भूमि जो पवन जीवानी व उमेश जीवानी पुत्रगण ओचीराम द्वारा विक्रय विलेख स05784 दिनाकिंत 28.09.2018 द्वारा क्रय भूमि है।
2. ग्राम जनौरा बा0न0पा0 परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या में स्थित प्लाट नं0 313 एरिया 560 वर्गमीटर भूमि जो नीलम ओझा पत्नी रूपेश कुमार ओझा द्वारा विक्रय विलेख सं0 4237 दिनाकिंत 22.09.2003 द्वारा क्रय भूमि है।
3. ग्राम जनौरा बा0 न0पा0 परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या में स्थित प्लाट नं0 313 एरिया 283.68 वर्गमीटर भूमि जो नीलम ओझा पत्नी रूपेश कुमार ओझा द्वारा विक्रय विलेख सं0 3026 दिनाकिंत 26.06.2009 द्वारा क्रय भूमि है।
4. ग्राम मांझा मीरापुर द्वाबा परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या में स्थित भवन सं0 8/4/2/9 प्लाट नं0 56 एरिया 127.50 वर्गमीटर भूमि जो रूपेश कुमार ओझा पुत्र रामअभिलाख ओझा द्वारा विक्रय विलेख सं0 8467 दिनाकिंत 02.11.2015 द्वारा क्रय भूमि है।

यदि इस सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति एक सप्ताह में शाखा में प्रस्तुत कर सकता है।

दिनांक– 22.04.2026

भवदीय
मुख्य शाखा प्रबन्धक
शाखा नियांवां अयोध्या

अमृत विचार



न्यूज ब्रीफ

### एक मई से कोर्ट के समय में होगा बदलाव

**बहराइच।** जनपद न्यायाधीश ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार 01 मई से 30 जून 2026 तक सिविल एवं क्रिमिनल कोर्ट बहराइच, ग्राम न्यायालय नानपारा व महसी तथा इससे सम्बन्धित कार्यालयों की कार्यालय अवधि में परिवर्तन किया गया है। जनपद न्यायाधीश द्वारा जारी आदेश के अनुसार 01 मई से 30 जून 2026 तक सिविल एवं क्रिमिनल कोर्ट प्रात: 07:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक खुलेंगे। जबकि कोर्टो से सम्बन्धित कार्यालय प्रात: 06:30 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक कार्य करेंगे। जारी आदेश के अनुसार पूर्वान्ह 10:30 से 11:00 बजे तक मध्यावकाश रहेगा।

### वाहन की टक्कर से बुजुर्ग समेत दो गंभीर

**इकौना (श्रावस्ती):** नवीन मॉडर्न थाना कटरा क्षेत्र के बेलहा बंजरही गांव निवासी राम कृपाल शुक्ला (65) पुत्र रामलगन बुधवार दोपहर में घरेलू सामान खरीदने साइकिल से वीरपुर चौराहा आए थे। सामान लेकर घर वापस लौटते समय कटरा-वीरपुर मार्ग पर परशुरामपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग राम कृपाल गंभीररूप से घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया। वहीं नवीन माडर्न थाना श्रावस्ती क्षेत्र के राजगढ़ गुलहरिया गांव के पास मंगलवार रात सड़क किनारे लघुशंका कर रहे एक युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में रमवापुर परसिया गांव निवासी युवक पप्पू (19) पुत्र लक्ष्मन गंभीररूप से घायल हो गया। जिसे एम्बुलेंस से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने घायल को जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया।

### आग से फूस के पांच घर जले, सामान राख

**श्रावस्ती:** सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामनगर चराईडीह के मजरा बेलाश में गांव निवासी महंत विश्वकर्मा के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। कुछ ही समय में आग ने पूरे घर को अपनी आगोष में ले लिया। हवाल चलने के कारण काग तेजी से बढ़ी और बगल के मोहम्मद हनीफ, हृदयराम विश्वकर्मा, नाथूराम विश्वकर्मा व मिठाई लाल के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना के दौरान गांव में अफरा तफरी मच गई। लोग आग बुझाने में जुटे रहे लेकिन आग की पलटों के आगे वेबस नजर आए। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय शुक्ला ने पुलिस व दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल टीम ने लोगों के साथ मिलकर आग पर काबू पाया।

### आग ने मचाई तबाही छाया चारे का संकट

**पयागपुर (बहराइच):** क्षेत्र के गांवों में बुधवार को अज्ञात कारणों से लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। पंडित पुरवा, करमोहना और नारायनपुर के सिवान में देखते ही देखते आग फैल गई, जिससे सैकड़ों बीघा गेहूं की नरई जलकर राख हो गई। इस अग्निकांड में किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। आग इतनी भीषण थी कि गजराज यादव के खेत में रखा पंपिंग सेट उसकी चपेट में आ गया और धू-धू कर जल गया। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तेज हवाओं के कारण लपटें बेकाबू रहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए ग्राम प्रधान संतोष कुमार ने तत्काल फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# बाइक-कार भिड़ंत में युवक की मौत, पांच गंभीर

## लखनऊ-बहराइच हाईवे पर ढाबे की ओर जाते समय हुआ हादसा, साथी युवक ट्रॉमा सेंटर किया गया रेफर

जरवल रोड (बहराइच)

**अमृत विचार।** लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार देर रात एक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



शिवा की फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार थाना जरवल रोड क्षेत्र के ग्राम अटवा निवासी शिवा यादव (19) अपने फुफेरे भाई शुभम (18) निवासी लहड़रा, बाराबंकी के साथ रात करीब 2 बजे बाइक से घाघराघाट स्थित एक ढाबे की ओर जा रहे थे। इसी दौरान घाघरा घाट स्थित सिंघानिया ढाबा मोड़ के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से उनकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शिवा यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शुभम गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं कार में सवार चार लोग दीपक (32), दिनेश (26), जयकरन (19) निवासी ठाकुरगंज, लखनऊ तथा अमन (29) निवासी नई बाजार, बलरामपुर भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद ले जाया गया। जहां से शुभम की हालत नाजुक होने पर उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जबकि अन्य घायलों को मेडिकल कॉलेज बहराइच भेजा गया है। बताया जा रहा है कि शिवा अपने चचेरे भाई के तिलक कार्यक्रम में शामिल हुआ था और कार्यक्रम के बाद ढाबे पर जा रहा था। वहीं कार सवार लोग भी एक मांगलिक कार्यक्रम से लौटकर बलरामपुर से लखनऊ जा रहे थे।

वहीं थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** गिलौला कस्बे में मार्ग किनारे घर के सामने खड़ी महिला को मंगलवार देर रात तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल महिला को सीएचसी गिलौला से बहराइच रेफर किया गया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। गिलौला थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा गिलौला निवासी गीता देवी (50) पत्नी लक्ष्मी प्रसाद पटवा अपने घर के बाहर सड़क पर खड़ी थी। रात करीब नौ बजे गिलौला निवासी रजत उर्फ सूरज पुत्र शिव कुमार तेज रफ्तार बाइक से बहराइच की तरफ खूंटेहना चौराहा की तरफ जा रहा था। इस दौरान घर के बाहर खड़ी गीता देवी को अनियंत्रित हो जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर तेज होने के कारण गीता मौके पर ही लड़खड़ा कर गिर गई। घटना में उनके दो हाथ पैर टूट गए, घटना में बाइक सवार को भी चोट आई। स्थानीय लोगों ने दोनों को सीएचसी गिलौला में भर्ती करया। यहां से हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सक ने गीता देवी को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गीता देवी का गिलौला बाजार में ही दो मकान है। वह नए मकान से पुराने मकान के तरफ घर के लिए निकली थी तभी यह हादसा हो गया। गीता की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। इस बारे में थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया की तहरीर मिली है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत, एक गंभीर, बदला चौराहा (श्रावस्ती):** डीजल लेने भंगहा जाते समय कुर्सहा मोड़ के निकट दो बाईकों की आपस में भिड़ंत हो गई। घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि साथ में मौजूद युवक घायल हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के कुर्सहा निवासी विक्रम साहू (22) पुत्र रामशंकर का विवाह तय था। 27 अप्रैल को उसका तिलक होना था। जिसकी तैयारी घर में चल रही थी। बुधवार सुबह विक्रम कोतवाली क्षेत्र के ही भंगही निवासी आशीष पुत्र बुद्धिलाल शर्मा के साथ बाइक से डीजल लेने भंगहा का रहा था। तिलकपुर भंगहा मार्ग स्थित कुर्सहा मोड़ के पास उसकी बाईक की एक अन्य बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक विक्रम व आशीष गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल भिनगा लाया गया, जहां से विक्रम को मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान विक्रम की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। वहीं चिकित्सक की सूचना पर पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने अखिलेश और राहुल गांधी का फूंका पुतला



विपक्षी नेताओं का पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** बीते दिनों सरकार की ओर संसद में लाए गए नारी वंदन अधिनियम के पास न होने को लेकर आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए विपक्ष के नेताओं का पुतला फूंक कर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि महिला हित में लाए गए अधिनियम को विपक्ष के लोगों ने पास नहीं होने दिया, जिसका हम सभी विरोध करते हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे के नेतृत्व में बुधवार को बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा व पार्टी कार्यकर्ता नगर में स्थित किसान डिग्री कालेज के पास पहुंचे जहां पर सभी ने कांग्रेस समाजवादी पार्टी समेत अन्य विपक्षी दलों को महिला विरोधी बताते हुए जमकर प्रदर्शन करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंकते हुए जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि महिलाओं के हक में लाए जा रहे इस कानून का विरोध कर विपक्षियों पार्टियों में ये साबित कर दिया कि वो लोग महिला विरोधी है। इस दौरान भाजपा सांसद आनंद गौड, राजू निगम, सोनी श्रीवास्तव, सभासद अखिलेश गोलू, अर्चना मिश्रा, एकता जायसवाल, हेमा निगम आदि रहीं।

# जिले के दस केंद्रों पर 3600 परीक्षार्थी देंगे होमगार्ड भर्ती परीक्षा

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आगामी 25, 26 और 27 अप्रैल को आयोजित होने वाली होमगार्ड्स एनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को पूरी तरह स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जाए। डीएम ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया है कि वे समय रहते परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां के बुनियादी इंतजामों का जायजा ले लें।

जनपद के कुल 10 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और द्वितीय पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। परीक्षार्थियों की संख्या का विवरण देते हुए डीएम ने बताया कि आर्य कन्या इण्टर कालेज व जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर में 240-240, जबकि आजाद इण्टर कालेज, राजकीय बालिका, राजकीय बालक, महाराज सिंह और वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज में 384-384 परीक्षार्थी बैठेंगे। इसके अलावा चौधरी सियाराम इण्टर कालेज फखरपुर और सरस्वती इण्टर कालेज रिसिया में सर्वाधिक 480-480 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इस प्रकार कुल 3600 परीक्षार्थी इस भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित होने जा रहे हैं।

बैठक में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, एडीएम अमित कुमार, एएसपी नगर आयुष विक्रम सिंह और जिला विद्यालय निरीक्षक सहित सभी सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

# लूट का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** भिनगा नगर निवासी सर्राफा व्यापारी से 17 मार्च को हुई लूट के मुख्य आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसे जिला अस्पताल ले जाया गया।



जिला अस्पताल में भर्ती बदमाश से पूछताछ करते एसपी राहुल भाटी। अमृत विचार

- भिनगा जंगल के अंटा तिराहे पर हुई मुठभेड़, पैर में लगी गोली

भिनगा कोतवाली पुलिस को मंगलवार सूचना मिली कि सर्राफा व्यापारी से लूट की घटना से संबंधित अभियुक्त अंटा तिराहे के पास देखा गया है। पुलिस ने उसे घेरने का प्रयास किया तो आरोपी ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी अमरेश यादव के पैर में गोली लगी और उसे पकड़ लिया गया। बाद में उसे जिला अस्पताल भिनगा ले जाया गया। आरोपी की पहचान इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम मध्यनगर मनोहरपुर के मजरा मध्यनगर निवासी अमरेश यादव उर्फ अमरेंद्र पुत्र काशीराम यादव के रूप में हुई है। उसके खिलाफ लूट सहित आठ अन्य आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। आरोपी 17 मार्च को भिनगा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भिनगा के मोहल्ला टंडवा निवासी सर्राफा व्यापारी अंकित सोनी पुत्र कैलाश सोनी के साथ हुई लूट में शामिल था। अंकित ने बताया था कि तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी गाड़ी रोककर धारदार हथियार से उसके सिर पर वार कर उसे बेहोश कर दिया था। इसके बाद लूट की घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस एसओजी व सर्विलांस टीम के साथ तभी से बदमाशों को तलाश रही थी। एसपी राहुल भाटी ने जिला अस्पताल जाकर आरोपी का हाल जाना। एसपी ने बताया कि शेष आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे।

### डीजल-पेट्रोल की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त, 4 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बहराइच।** जिले में अवैध रूप से डीजल और पेट्रोल की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है और जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर जिला पूर्ति विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना रामगांव में 4 व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि पिछले दिनों बिना लाइसेंस अवैध रूप से ईंधन बेचने के तीन अलग-अलग मामले सामने आए थे जिसमें महसी तहसील के नौतला निवासी इसराइल के पास से करीब 130 लीटर पेट्रोल और मापन यंत्र बरामद हुए जबकि नेवादा मोड़ पर बृजेश कुमार और अमित गुप्ता के पास से 200 लीटर डीजल व पेट्रोल बरामद किया गया तथा एक अन्य मामले में नौतला बाजार से धीरेन्द्र जायसवाल को भी 200 लीटर अवैध ईंधन और कीप व नपने के साथ पकड़ा गया है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए सभी पंप मालिकों को निर्देशित किया है कि ईंधन का वितरण केवल वाहनों में ही किया जाए और बोतल, डब्बा या पीपिया में पेट्रोल देना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा जबकि किसानों को 5 से 10 लीटर डीजल केवल किसान बही या फार्मर रजिस्ट्री देखने और पुष्टि करने के बाद ही दिया जाएगा। डीएम ने कहा कि गांवों में ऊंचे दामों पर तेल बेचने की शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है और कालाबाजारी में संलिप्त पाए जाने वाले दोषियों के विरुद्ध भविष्य में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून यानी रासुका के तहत भी कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वाले पेट्रोल पंप मालिकों और प्रबंधकों की जवाबदेही तय करते हुए उन पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राम बाल संरक्षण समिति ने ली 'बाल मित्र ग्राम' बनाने की शपथ



समिति की बैठक में मौजूद लोग।

**संवाददाता, बहराइच, अमृत विचार।** बेरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खलीलपुर के पंचायत भवन में बुधवार को देहात संस्था के तत्वाधान में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके सुरक्षित परिवेश को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे ग्राम प्रधान रंजीत दास ने हितधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे गांव की नींव हैं और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को समाज से जड़ से मिटाना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि गाँव में कहीं भी कम उम्र में शादी की सूचना मिलती है तो समिति उसमें तत्काल हस्तक्षेप करेगी। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि स्कूल छोड़ चुके बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से दोबारा जोड़ने के लिए घर-घर जाकर अभिभावकों को प्रेरित किया जाएगा। साथ ही देहात टीम के सहयोग से बाल श्रम पर प्रभावी रोक लगाने और ईंट-भट्ठों या दुकानों पर काम करने वाले बच्चों को चिह्नित कर उनका नामांकन विद्यालय में कराने की बात कही गई। बैठक में ग्राम प्रधान रंजीत दास, पंचायत सचिव दर्शिता श्रीवास्तव, आशा चंद्रकला सिंह, आंगनबाड़ी संगीता देवी व बेबी सोनी, सहायक अध्यापक सुनील कुमार और देहात टीम से अमरेश राणा व देवेश तिवारी सहित कई अन्य हितधारक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर गाँव को बाल मित्र ग्राम बनाने की शपथ ली।

### अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार किया

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिले में पेट्रोल व डीजल न मिलने की समस्या से परेशान माडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन श्रावस्ती तथा न्यू माडर्न बार एसोसिएशन तहसील जमुनहा के अधिवक्ताओं ने बुधवार को न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। इस दौरान अधिवक्ता सम्पूर्ण दिवस सामूहिक अवकाश पर रहे। यह जानकारी माडल डिस्ट्रिक्ट बार के महामंत्री सतीश कुमार मौर्य ने दी।

### जिला कमांडेंट ने होमगार्ड के साथ की बैठक

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** होमगार्ड के जिला कमांडेंट शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को होमगार्ड कार्यालय भिनगा के सभागार में बैठक की। इसमें शांति व्यवस्था ड्यूटी, हमराह, प्रशासनिक, यातायात व इमरजेंसी ड्यूटी में लगे होमगार्ड जवानों का हाल जाना। साथ ही प्लाटून कमांडर व सभी सुपरविजन अधिकारी को होमगार्ड जवानों की देखरेख, उनके सुख-सुविधाओं का ख्याल रखने तथा गर्म हवाओं से बचाव रखने संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने प्लाटून कमांडर को सही समय पर ड्यूटी चेकिंग करने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में बीओ रहमत अली, संपूर्णानंद शुक्ला, योगेंद्र प्रसाद मिश्रा, एडीसी अरुण कुमार शुक्ला, प्लाटून कमांडर रामसूरत गोस्वामी, दिनेश प्रताप तिवारी, लाल साहब शुक्ला, सहायक कंपनी कमांडर अमेरिका प्रसाद यादव, धनीराम यादव, प्लाटून कमांडर वकील अहमद, सुरेश चंद तिवारी रहे।

### डीएम से की मांग, अधिवक्ताओं के लिए हो पेट्रोल व डीजल की व्यवस्था

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** तहसील व न्यायालय आने के लिए अधिवक्ताओं को डीजल व पेट्रोल की कमी बाधा बन रही है। इसे लेकर बुधवार को अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधि मंडल ने माडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री के नेतृत्व में मुलाकात किया। इस दौरान डीएम को एक ज्ञापन भी सौंपा। डीएम अन्नपूर्णा गर्ग को सौंपे ज्ञापन में माडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री सतीश मौर्य ने कहा है कि जिले के सभी पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल व डीजल की किल्लत बनी हुई है। यदि किसी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल व डीजल उपलब्ध में रहता है तो घण्टों लाइन में खड़े होकर प्रतीक्षा करनी पड़ती है। इससे अधिवक्ताओं को समय से न्यायालय पहुंचने में परेशानी हो रही है। ऐसे में जिले में अधिवक्ताओं को न्यायालय जाने तथा वापस आने के समय बिना लाइन में लगे पेट्रोल व डीजल दिलाने के लिए पेट्रोल पम्प संचालकों को आदेश दिया जाना जरूरी है। ऐसे में डीएम से अधिवक्ताओं को सुचारू रूप से पेट्रोल व डीजल की उपलब्ध कराने के लिए जिले के सभी पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देशित करने की मांग की है। इस दौरान कई अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# नेपाल सरकार की सख्ती से सीमावर्ती क्षेत्रों में उबाल

रूपईडीहा/बहराइच

**अमृत विचार।** पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल में नई सरकार के गठन के बाद जनता को जिस राहत और सुगमता की उम्मीद थी, वह अब कड़े नियमों की भेंट चढ़ती दिखाई दे रही है। नेपाल सरकार द्वारा दशकों पुराने उस नियम को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें सीमा पार से 100 रुपये से अधिक मूल्य का सामान लाने पर सीमा शुल्क (कस्टम ड्यूटी) अनिवार्य कर दिया गया है। इस निर्णय ने न केवल भारतीय सीमा से सटे नेपाली नागरिकों की दैनिक जरूरतों पर प्रहार किया है, बल्कि सरहद के इस पार उत्तर प्रदेश के प्रमुख व्यापारिक केंद्र रूपईडीहा बाजार में भी सन्नाटा पसरा दिया है।

जानकारी के अनुसार, बांके, बर्दिया, कंचनपुर, कैलाली और सुदूर पश्चिम के पहाड़ी जिलों से आने वाले हजारों नेपाली नागरिक अब सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों की

- 100 रुपये से अधिक का सामान लाने पर सीमा शुल्क लगाया गया



बेटी की लगन के लिए ले जा रहे स्टील की पराती को छीनते नेपाली सुरक्षाकर्मी।

सख्ती से खासे परेशान हैं। आलम यह है कि जो लोग वर्षों से सस्ती दरों के कारण भारतीय बाजारों से राशन और सब्जियां ले जाते थे, उन्हें अब एक दर्जन केले या छोटे-छोटे घरेलू सामानों के लिए भी सीमा शुल्क चुकाना पड़ रहा है या फिर उनके सामान को जब्त किया जा रहा है।

इस प्रशासनिक सख्ती का सीधा और नकारात्मक असर रूपईडीहा सहित आसपास के भारतीय बाजारों के व्यापार पर पड़ा है। व्यापारियों का कहना है कि उनकी दुकानों पर ग्राहकों की संख्या में भारी गिरावट आई है, जिससे करोड़ों रुपये का टर्नओवर प्रभावित हो रहा है। वहीं, नेपाल के भीतर भी इस पुराने कानून के खिलाफ राजनीतिक सुर तेज हो गए हैं। बांके के नवनिर्वाचित सांसद इश्तियाक राई ने इस नियम को अव्यवहारिक बताते हुए सरकार से समीक्षा की मांग की है। उन्होंने तर्क दिया कि 35 साल पहले 100 की क्रय शक्ति और आज की महंगाई में जमीन-आसमान का अंतर है। सांसद ने हवाई मार्ग से आने वाले यात्रियों को दी जाने वाली भारी छूट और जमीनी सीमा के गरीब नागरिकों के बीच होने वाले इस भेदभाव को अनुचित ठहराया है। सीमावर्ती क्षेत्रों के निवासियों और व्यापारियों ने सामूहिक स्वर में मांग की है कि वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए कस्टम शुल्क की इस न्यूनतम सीमा को तत्काल बढ़ाया जाए, अन्यथा दोनों देशों के बीच होने वाली पारंपरिक आर्थिक गतिविधियां पूरी तरह ठप हो जाएंगी।

### सीमा पर 6 लोगों के पास नेपाली व भारतीय मुद्रा बरामद, जांच जारी



एसएसबी जवानों और पुलिस की हिरासत में आरोपी।

**संवाददाता, बहराइच, अमृत विचार।** भारत नेपाल सीमा से लगे रूपईडीहा चेकपोस्ट पर एस एस बी व रूपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान छह लोगों के पास से भारी मात्रा में नेपाली व भारतीय मुद्रा बरामद हुई है। ये लोग भारतीय मुद्रा लेकर उसे नेपाली मुद्रा में परिवर्तित करते थे। रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश रावत उपनिरीक्षक अब्दुल कादिर आरक्षी अभिषेक राय, अभिषेक सिंह, सुविन्द्र यादव, विकास प्रजापति व एस एस बी की टीम के साथ चेकपोस्ट पर आने जाने वाले लोगों की तलाशी के रहे थे। इसी दौरान 6 लोगों की गतिविधि संदिग्ध देख उन्हें रोककर तलाशी ली गई तो उनके पास से 68 लाख नेपाली व 16 लाख 50 हजार रुपए की भारतीय मुद्रा बरामद हुई ये लोग कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके जिसके बाद बरामद रुपयों को सीज कर इसकी सूचना आयकर विभाग को दी। भारी मात्रा में मुद्रा बरामद होने पर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी रमेश रावत ने बताया कि नेपाल के रहने वाले राजेंद्र सोनकर, प्रताप जायसवाल समेत रूपईडीहा थाना क्षेत्र के रहने वाले विजय अग्रवाल, रामगोपाल, मोतीलाल व दीपक के पास से रुपए बरामद हुए है। ये लोग भारतीय मुद्रा लेकर उसे नेपाली मुद्रा से बदल नेपाल भेजने का कार्य करते थे। स्थानीय जांच एजेंसियां इन सभी लोगों के पूछताछ कर रही है।

जागरूकता कार्यक्रम

परसिया आलम में विश्व पृथ्वी दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

# बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया पृथ्वी को बचाने का संदेश

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आज उच्च प्राथमिक विद्यालय परसिया आलम में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रतियोगिता, वाद-विवाद और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता पैदा करना था। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छ पर्यावरण, वृक्षारोपण और जल संरक्षण जैसे विषयों पर आकर्षक एवं संदेशपूर्ण पोस्टर बनाए।

कड़ी धूप और गर्मी को देखते हुए विद्यालय परिसर में एक अनूठी पहल की गई। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर पेड़ों पर पानी से भरे मटके लटकाए, ताकि पक्षियों को पेयजल उपलब्ध हो सके। यह कदम बच्चों को प्रकृति के साथ जुड़ाव महसूस कराने के लिए काफी सराहनीय रहा प्रभारी प्रधानाध्यापक नवल कुमार पाठक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की

पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है और इसकी रक्षा करना किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का नैतिक दायित्व है। हमें आज से ही छोटे-छोटे बदलाव कर अपनी धरती को सुरक्षित बनाना होगा कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं और उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों की सराहना की गई इस अवसर पर संध्या रानी, उमा प्रसाद मौर्य, अनिल कुमार, एसएमसी अध्यक्ष, विभिन्न अभिभावक और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल बच्चों की रचनात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम बना, बल्कि उन्हें प्रकृति के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी दे गया।



विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रकृति के प्रति आभार जताते शिक्षक व छात्र। अमृत विचार

### पृथ्वी दिवस पर मदरसे में किया गया पौधरोपण

**जरवलरोड (बहराइच)।** हरचंदा स्थित मदरसा तालीमुल कुरआन (इंग्लिश मीडियम स्कूल) में पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए रैली निकाली गई। बच्चों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर 'पेड़ लगाओ, पृथ्वी बचाओ' और 'स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली के उपरांत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने स्वयं पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। शिक्षकों ने बच्चों को पृथ्वी के महत्व के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। विद्यालय प्रशासन ने सभी से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की अपील की। इस अवसर पर प्रिंसिपल नाजिया बनो, शिक्षक शरीफ अहमद, सुऐब अहमद, नदीम अहमद, फरीदा शेख, हितांशी, लुकमान अहमद, मोहम्मद जाफिर, रहीद अहमद उपस्थित रहे।

# कैम्पस



## वर्ड स्मिथ

### News शब्द की उत्पत्ति

'News' शब्द की उत्पत्ति के बारे में एक दिलचस्प कहानी प्रचलित है, जिसे लोग अक्सर सुनते और साझा करते हैं। कहा जाता है कि 'News' शब्द चार दिशाओं-North (उत्तर), East (पूर्व), West (पश्चिम) और South (दक्षिण) के पहले अक्षरों से मिलकर बना है। इस व्याख्या के अनुसार, दुनिया के चारों कोनों से आने वाली सूचनाओं को एकत्र करके लोगों तक पहुंचाया जाता था, इसलिए इसे 'News' कहा गया। यह विचार सुनने में आकर्षक है और समाचार के व्यापक दायरे को भी दर्शाता है। हालांकि भाषाविज्ञान के अनुसार यह व्याख्या पूरी तरह सही नहीं मानी जाती। वास्तव में 'News' शब्द अंग्रेज़ी के शब्द 'New' से बना है, जिसका अर्थ है 'नया'। मध्यकालीन अंग्रेजी में 'newes' या 'new things' जैसे शब्दों का प्रयोग ताजा घटनाओं और नई जानकारियों के लिए किया जाता था। समय के साथ यह शब्द विकसित होकर 'news' बन गया और इसका अर्थ हो गया नई या ताजा सूचनाएं। इतिहास में जब छपाई कला का विकास हुआ और समाचार पत्रों का प्रचलन बढ़ा, तब 'news' शब्द का उपयोग और भी व्यापक हो गया। लोग दूर-दराज की घटनाओं के बारे में जानने के लिए समाचार पत्र पढ़ने लगे, और यह शब्द जनसंचार का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया। इस प्रकार, 'News' शब्द के पीछे की असली कहानी 'नवीनता' से जुड़ी है, जबकि चार दिशाओं वाली कहानी एक रोचक किंवदंती के रूप में प्रचलित है, जो इस शब्द को और भी यादगार बना देती है।



# जॉब-रेडी एजुकेशन : टेक और स्किल का संगम

समय के साथ शिक्षा और करियर की दिशा तेजी से बदल रही है। अब युवा ऐसे कोर्स की ओर रुख कर रहे हैं, जो सीधे रोजगार और स्किल डेवलपमेंट से जुड़े हों। टेक्नोलॉजी, डिजिटलाइजेशन और नई शिक्षा नीतियों के प्रभाव से 2026 में कई नए कोर्स तेजी से उभरकर सामने आए हैं। इन कोर्सों की खास बात यह है कि इनकी मांग केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी इनकी जरूरत बढ़ रही है। ऐसे में सही कोर्स का चुनाव युवाओं के भविष्य को नई दिशा दे सकता है।



डॉ. अनुराग तिवारी
डायरेक्टर बीबीडी आईटीएम, लखनऊ



### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन लर्निंग

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज लगभग हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है। हेल्थकेयर से लेकर फाइनेंस और ई-कॉमर्स तक, हर सेक्टर में AI का उपयोग बढ़ रहा है। कंपनियां ऐसे प्रोफेशनल्स की तलाश में हैं, जो ऑटोमेशन और डेटा आधारित निर्णय लेने में सक्षम हों। यही वजह है कि एआई और मशीन लर्निंग के कोर्स तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। इंजीनियरिंग संस्थानों के अलावा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी इनकी पढ़ाई आसान हो गई है।

### डिजिटल मार्केटिंग

इंटरनेट और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव ने डिजिटल मार्केटिंग को एक मजबूत करियर विकल्प बना दिया है। आज हर कंपनी अपने प्रोडक्ट और सर्विस को ऑनलाइन प्रमोट करना चाहती है। SEO, सोशल मीडिया मार्केटिंग, कंटेंट क्रिएशन और इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग जैसे कोर्स युवाओं को कम समय में स्किल्ड बनाते हैं और उन्हें फ्रीलांसिंग से लेकर जॉब तक कई विकल्प प्रदान करते हैं।

### स्किल बेस्ड और शॉर्ट टर्म कोर्स

आज के छात्र पारंपरिक लंबी अवधि वाले कोर्स की बजाय स्किल आधारित और शॉर्ट टर्म कोर्स को प्राथमिकता दे रहे हैं। कम समय में जॉब-रेडी बनने के लिए Communication Skills, Personality Development, Coding Bootcamp और एआई आधारित सर्टिफिकेट कोर्स तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। ये कोर्स छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान देते हैं, जिससे वे तुरंत रोजगार के लिए तैयार हो जाते हैं। वर्तमान समय में करियर के विकल्प पहले से कहीं अधिक विविध और अवसरों से भरपूर हैं। जरूरत है सही जानकारी और अपनी रुचि के अनुसार कोर्स का चयन करने की। यदि छात्र समय के साथ बदलते ट्रेंड को समझकर निर्णय लेते हैं, तो वे न केवल बेहतर करियर बना सकते हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान भी स्थापित कर सकते हैं।

### डेटा साइंस और डेटा एनालिटिक्स

डिजिटल युग में डेटा को सबसे मूल्यवान संसाधन माना जा रहा है। बड़ी कंपनियां अपने बिजनेस को बेहतर बनाने के लिए डेटा का गहराई से विश्लेषण कर रही हैं। ऐसे में डेटा साइंटिस्ट और डेटा एनालिस्ट की मांग लगातार बढ़ रही है। इस कोर्स में छात्रों को डेटा कलेक्शन, प्रोसेसिंग, एनालिसिस और विजुअलाइजेशन की ट्रेनिंग दी जाती है, जो उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करती है।

### साइबर सिक्योरिटी

इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर अपराधों में भी तेजी आई है। ऐसे में कंपनियां और संस्थान अपने डेटा को सुरक्षित रखने के लिए साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट्स पर निर्भर हो गए हैं। एथिकल हैकिंग, नेटवर्क सिक्योरिटी और इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी जैसे कोर्स युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। इस क्षेत्र में करियर न केवल सुरक्षित है, बल्कि इसमें अच्छी सैलरी के अवसर भी मौजूद हैं।

### क्लाउड कंप्यूटिंग

आज के समय में ज्यादातर कंपनियां अपने डेटा और सर्विसेज को क्लाउड प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट कर रही हैं। क्लाउड कंप्यूटिंग और DevOps जैसे कोर्स आईटी सेक्टर में तेजी से उभर रहे हैं। इन कोर्सों के जरिए छात्र क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, सर्वर मैनेजमेंट और एप्लिकेशन डिप्लॉयमेंट की जानकारी हासिल करते हैं। यह क्षेत्र करियर ग्रोथ और आकर्षक वेतन के लिए जाना जाता है।



## नोटिस बोर्ड

### परीक्षा कार्यक्रम जारी



डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने चालू शिक्षा सत्र की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 5 मई से 5 जून तक आयोजित होंगी। परीक्षा प्रतिदिन तीन पालियों सुबह 8:30-10:30, स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं वर्णनात्मक (डिस्क्रिप्टिव) होंगी, जबकि अन्य स्नातक एवं परास्नातक की सेमेस्टर परीक्षाएं बहुविकल्पीय प्रश्न पैटर्न पर आयोजित की जाएंगी। परीक्षा का कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### 29 अप्रैल से परीक्षाएं

रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली ने सेमेस्टर परीक्षा हेतु परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 अप्रैल से 26 मई तक होंगी, जबकि छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 अप्रैल से 13 जून तक निर्धारित हैं। द्वितीय सेमेस्टर की डेटशीट बाद में जारी की जाएगी। छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक एक निश्चित समय स्लॉट में होंगी। 29 अप्रैल को शुरुआती दिन ही संगीत, कोरियोग्राफी और पर्शियन जैसे कौशल-आधारित विषयों को प्राथमिकता दी गई है। इसके अतिरिक्त, इंडस्ट्रियल माइक्रोबायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी और पर्यावरण विज्ञान जैसे व्यावसायिक विषयों को भी पहले चरण में शामिल किया गया है। विवि की वेबसाइट से छात्र परीक्षा कार्यक्रम जारी कर सकते हैं।

## कैंपस का पहला दिन | अजनबी माहौल से अपनेपन तक का सफर

कैंपस का पहला दिन सचमुच किसी नई दुनिया में कदम रखने जैसा होता है-उत्साह, डर, जिज्ञासा और अनगिनत आशंकाओं से भरा हुआ। इंटरमीडिएट के बाद जब मैंने डिग्री कॉलेज में प्रवेश लिया, तो मन में कई तरह के विचार उमड़-घुमड़ रहे थे। मैं स्वभाव से थोड़ा शर्मीला और संकोची रहा हूं, इसलिए नए माहौल में खुद को ढालना मेरे लिए आसान नहीं था। पहले दिन जब कॉलेज पहुंचा, तो ऐसा लगा जैसे मेरे कदम मेरा साथ नहीं दे रहे हों। सब कुछ आंखों के सामने होते हुए भी धुंधला-सा लग रहा था।



सक्षम सिन्हा
छात्र

कैंपस के बारे में पहले से सुनी बातें-यूनियनबाजी, गुटबंदी और झगड़े-मन में डर पैदा कर रही थीं। क्लास में जाने का साहस ही नहीं जुटा पा रहा था। तभी मैदान में कुछ सीनियर्स ने रोक लिया और वहीं मेरी 'क्लास' लग गई। किसी ने मेरे चश्मे और बालों में तेल देखकर मजाक उड़ाते हुए 'चम्पू' कह दिया। उस क्षण मैं बेहद असहज और छोटा महसूस करने लगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंची और मन भीतर तक आहत हो गया। उस दिन मैं बिना कुछ किए ही घर लौट आया और बिस्तर पर औंधे मुंह लेटकर देर तक रोता रहा। लगा जैसे यह दुनिया मेरे लिए नहीं बनी है। लेकिन अगले ही दिन हालात बदलने लगे। कुछ पुराने दोस्त घर आए, जिन्होंने उसी कॉलेज में दाखिला लिया था। उनसे खुलकर बात करने पर मन हल्का हुआ और भीतर कहीं हिम्मत जागी। उनके साथ कॉलेज जाना शुरू किया तो सब कुछ धीरे-धीरे आसान लगने लगा। साथ में क्लास करना, लंच शेयर करना और कैंपस में घूमना-इन छोटी-छोटी बातों ने मेरे अंदर आत्मविश्वास भर दिया। समय के साथ मैंने समझा कि हर नई जगह शुरू में कठिन लगती है, लेकिन धैर्य और सही साथ से सब सरल हो जाता है। कॉलेज की आजादी का अपना अलग ही आनंद है। यहां न सिर्फ पढ़ाई, बल्कि व्यक्तित्व विकास के भी कई अवसर मिलते हैं। मैंने धीरे-धीरे नए लोगों से बातचीत शुरू की, शिक्षकों से जुड़ाव बनाया और गतिविधियों में हिस्सा लेना भी शुरू किया। इससे मेरा आत्मविश्वास और बढ़ा। आज जब पीछे मुड़कर देखता हूं, तो एहसास होता है कि वही डरावना पहला दिन मेरे जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ था। अगर दोस्तों का साथ और उनका हौसला न मिलता, तो शायद मैं खुद को कभी इस माहौल में ढाल नहीं पाता। सच तो यह है कि अच्छे दोस्त न सिर्फ मुश्किल समय में सहारा बनते हैं, बल्कि जीवन के सफर को खूबसूरत और यादगार भी बना देते हैं। कॉलेज की यह यात्रा मेरे लिए सिर्फ शिक्षा नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, दोस्ती और जीवन को समझने का एक अनमोल अनुभव बन गई।



## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में भारत की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 'प्रज्ञा' नामक उन्नत उपग्रह इमेजिंग प्रणाली को शामिल किया गया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित इस प्रणाली को गृह मंत्रालय (एमएचए) को सौंप दिया गया है। यह प्रणाली सुरक्षा एजेंसियों के लिए वास्तविक समय की निगरानी और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाएगी।
- हाल ही में रक्षा क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारत और रूस ने अप्रैल 2026 में पारस्परिक रसद विनिमय समझौते (आरईएलओएस) को लागू किया। मूल रूप से इस पर फरवरी 2025 में हस्ताक्षर किए गए थे और यह समझौता दोनों देशों को एक-दूसरे के सैन्य अड्डों, बंदरगाहों और हवाई अड्डों तक पहुंच के साथ-साथ सैनिकों और संसाधनों की तैनाती की अनुमति देता है। यह कदम द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने और भारत की वैश्विक रणनीतिक पहुंच को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, विशेष रूप से आर्कटिक जैसे उभरते क्षेत्रों में।
- हाल ही में पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश में भारत का उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति कूटनीतिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है, क्योंकि पूर्व राजनेता इस पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। वे भाजपा के पूर्व सांसद रह चुके हैं और पश्चिम बंगाल के बैरकपुर से आते हैं। उनकी नियुक्ति से भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध मजबूत होने की उम्मीद है।
- हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला क्रिकेट को नया रूप देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। उसने रवांडा में पहली महिला टी-20 इंटरनेशनल चैलेंज ट्रॉफी 2026 का शुभारंभ किया है। यह टूर्नामेंट 18 अप्रैल से रवांडा के किगाली में शुरू होगा। यह पांच देशों का टूर्नामेंट है, जो उभरते हुए क्रिकेट खिलाड़ियों को एक साथ लाता है और इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को बहुमूल्य अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और प्रतिस्पर्धा प्रदान करना है।

## जॉब अलर्ट

### पंजाब नेशनल बैंक (PNB)

- पद का नाम-अधिकारी- JMG स्केल I में सिविल इंजीनियर/ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/ मैकेनिकल इंजीनियर
- कुल पद -30
- स्केल-JMG स्केल I
- योग्यता- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल / इलेक्ट्रिकल / मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 60% अंकों के साथ B.E./B.Tech
- अनुभव- संबंधित क्षेत्र में योग्यता प्राप्त करने के बाद कम से कम 1 वर्ष का कार्य अनुभव
- आयु सीमा-(01.01.2026 तक) न्यूनतम 20 वर्ष - अधिकतम 30 वर्ष
- ऑनलाइन https://pnb.bank.in/ पर
- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि-05-05-2026
- ऑनलाइन टेस्ट-27 मई 2026

### जम्मू और कश्मीर बैंक लिमिटेड

- पद का नाम- अपरेंटिस (NATS - राष्ट्रीय अपरेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना के तहत)
- कुल रिक्तियां-614 पद
- प्रशिक्षण की अवधि-12 महीने
- योग्यता- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक (01.01.2022 को या उसके बाद उत्तीर्ण)
- पंजीकरण की अंतिम तिथि- 26-04-2026
- वेबसाइट https://www.jkb.bank.in

### कर्मचारी चयन आयोग (SSC)

- पद- SSC के विभिन्न क्षेत्रों में मैट्रिक, हायर सेकेंडरी (10+2) और ग्रेजुएशन व उससे ऊपर के स्तरों पर विभिन्न पद
- कुल रिक्तियां- 2919 पद (संशोधित, क्षेत्र-वार)
- वेतनमान- 7वें CPC Pay Matrix के अनुसार Pay Levels 1 से 8 तक, User Department की आवश्यकताओं के अनुसार पद-वार अलग-अलग
- नौकरी की श्रेणी-केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/ कार्यालयों में
- नौकरी का स्थान- पूरे भारत में
- आयु सीमा (कुल मिलाकर)- पद-वार सीमाएं: 18–25, 18–27, 18–28, 18–30, 18–35, 20–25, 20–30, 21–27, 21–28, 22–28, 23–28 वर्ष (निर्धारित तिथि के अनुसार)
- आवेदन का तरीका- SSC वेबसाइट और mySSC मोबाइल ऐप के माध्यम से
- वेबसाइट-www.ssc.gov.in

## 10वीं के बाद स्ट्रीम चयन: करियर प्लानिंग की पहली सीढ़ी

10 वीं कक्षा के बाद सही स्ट्रीम का चयन हर छात्र के जीवन का एक महत्वपूर्ण निर्णय होता है। अक्सर विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि उनके अभिभावक भी इस बात को लेकर असमंजस में रहते हैं कि आगे की पढ़ाई के लिए साइंस, कॉमर्स या आर्ट्स में से कौन-सा विकल्प बेहतर रहेगा। सही स्ट्रीम का चुनाव न केवल आपकी रुचि और क्षमता पर निर्भर करता है, बल्कि यह आपके करियर की दिशा भी तय करता है, इसलिए इस निर्णय को सोच-समझकर लेना बेहद जरूरी है। हम आपको तीनों स्ट्रीम्स की विशेषताओं और उनके करियर विकल्पों के बारे में सरल भाषा में जानकारी दे रहे हैं, ताकि आपकी उलझन कम हो सके।

- **साइंस स्ट्रीम**- साइंस स्ट्रीम उन छात्रों के लिए उपयुक्त मानी जाती है, जिन्हें विज्ञान और तकनीकी विषयों में गहरी रुचि होती है। यदि आपको प्रयोग करना, नई चीजों की खोज करना और गणितीय समस्याओं को हल करना पसंद है, तो यह स्ट्रीम आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकती है। इसमें मुख्य रूप से फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी और मैथ्स जैसे विषय शामिल होते हैं। ये विषय तार्किक सोच और विश्लेषणात्मक क्षमता को विकसित करते हैं। इस स्ट्रीम को चुनने के बाद इंजीनियरिंग, मेडिकल, आईटी, रिसर्च, डेटा साइंस और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में करियर बनाया जा सकता है।



### आर्ट्स (ह्यूमैनिटीज) स्ट्रीम

आर्ट्स स्ट्रीम उन छात्रों के लिए सबसे उपयुक्त है, जो रचनात्मकता और सामाजिक विषयों में रुचि रखते हैं। यदि आपको इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, साहित्य या समाजशास्त्र जैसे विषय पसंद हैं, तो यह स्ट्रीम आपके लिए सही हो सकती है। यह स्ट्रीम न केवल ज्ञान का विस्तार करती है, बल्कि सोचने और समझने की क्षमता को भी विकसित करती है। इसके माध्यम से पत्रकारिता, सिविल सेवा, कानून, शिक्षण, मनोविज्ञान, डिजाइन और सामाजिक कार्य जैसे क्षेत्रों में करियर बनाया जा सकता है।



- **कॉमर्स स्ट्रीम**- कॉमर्स स्ट्रीम उन विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त है, जिन्हें व्यापार, वित्त और अर्थव्यवस्था से जुड़ी चीजों में रुचि होती है। यदि आप यह समझना चाहते हैं कि पैसा कैसे काम करता है, बाजार कैसे चलता है और बिजनेस कैसे बढ़ता है, तो कॉमर्स एक अच्छा विकल्प है। इसमें अकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडीज और इकोनॉमिक्स जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं, जो व्यावसायिक समझ को मजबूत बनाते हैं। इस स्ट्रीम के माध्यम से चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA), कंपनी सेक्रेटरी (CS), बैंकिंग, फाइनेंस, मार्केटिंग और बिजनेस मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में करियर के अवसर मिलते हैं।

### ऐसे चुनें सही स्ट्रीम

- उन विषयों को चुनें, जिनमें आपकी पकड़ मजबूत हो और जिन्हें पढ़ने में आपको आनंद आता हो।
- हर स्ट्रीम में उपलब्ध भविष्य के अवसरों को समझें, ताकि सही दिशा तय कर सकें।
- विशेषज्ञ वर्तमान जॉब मार्केट के अनुसार सही मार्गदर्शन दे सकते हैं।
- उनका अनुभव और आपकी समझ आपको बेहतर निर्णय लेने में मदद करेगा।
- किसी दबाव में न आएं, अपनी रुचि, योग्यता और लक्ष्यों के आधार पर ही स्ट्रीम चुनें।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 78,516.49 | 24,378.10 |
| गिरावट | 756.84 | 198.50 |
| प्रतिशत में | 0.95 | 0.81 |

सोना 1,57,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,55,000 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, गुरुवार,23 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



# शेयर बाजार में तीन दिन की तेजी पर विराम, सेंसेक्स 757 अंक फिसला

## होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहने से बाजार पर दबाव बना रहा, ब्रेंट क्रूड के दाम बढ़े

मुंबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया संकट जारी रहने से कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी और आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार में तीन दिनों से जारी तेजी बुधवार को थम गई। सेंसेक्स में करीब 757 अंकों की गिरावट रही जबकि निफ्टी 198 अंक टूट गया।

विश्लेषकों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी और पश्चिम एशिया में लंबे समय तक अस्थिरता की आशंका से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 756.84 अंक यानी 0.95% टूटकर 78,516.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 831.03 अंक तक लुढ़क गया था।

इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 198.50 अंक यानी 0.81 प्रतिशत गिरकर 24,378.10 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.26 प्रतिशत बढ़कर 99.72 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 1,918.99 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.76 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.04 प्रतिशत की गिरावट रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में आईटी खंड में सर्वाधिक 3.66 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि फोकस आईटी खंड में 3.54 प्रतिशत, वित्तीय सेवा खंड में 0.64 प्रतिशत और निजी बैंक सूचकांक में 0.64 प्रतिशत की गिरावट रही।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट बढ़त के साथ बंद हुए जबकि हांगकांग का हैंग सेंग नुकसान में रहा। यूरोप के बाजार मिलेजुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे, जबकि अमेरिकी बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए।इससे पहले मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 753.03 अंक चढ़कर 79,273.33 अंक और एनएसई निफ्टी 211.75 अंक बढ़कर 24,576.60 अंक पर बंद हुए थे।




### अमेरिका-ईरान वार्ता ठप होने से बढ़ा दबाव

लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक एवं शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने कहा कि अमेरिका-ईरान वार्ता ठप होने के साथ ही कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहने से मुद्रास्फीति और मुद्रा स्थिरता पर दबाव बढ़ा है। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने से बाजार पर दबाव बना रहा।

### गिरावट वाले शेयर

एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक

### ये रहे लाभ में

हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, ट्रेंट

## बिजनेस ब्रीफ

### आसुस ने लॉन्च किया एआई-संचालित 'एक्सपर्टबुक अल्ट्रा'

नई दिल्ली। आसुस ने बुधवार को भारत में अपने नये एआई-संचालित फ्लैगशिप लैपटॉप 'एक्सपर्टबुक अल्ट्रा' को लॉन्च करने के साथ ही एक्सपर्टबुक पी-सीरीज पोर्टफोलियो का विस्तार किया। कंपनी ने बताया कि एक्सपर्टबुक अल्ट्रा एक कोपायलट लैपटॉप है, जिसे विशेष रूप से वरिष्ठ कॉर्पोरेट अधिकारियों और व्यवसाय से जुड़े पेशेवरों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। एक्सपर्टबुक अल्ट्रा का वजन लगभग 0.99 किलोग्राम से शुरू होता है और इसे एज़ी31बी मैग्नीशियम-एल्यूमिनियम मिश्र धातु से बनाया गया है, जो आमतौर पर एयरोस्पेस और फॉर्मूला-1 अनुप्रयोगों में इस्तेमाल होती है। आसुस एक्सपर्टबुक अल्ट्रा की बिक्री 29 अप्रैल से शुरू होगी।

### चौथी तिमाही में टेक महिंद्रा का मुनाफा 1,354 करोड़

मुंबई। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी टेक महिंद्रा को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में समेकित आधार पर 1,354 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है जो सालाना आधार पर 16 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के निदेशक मंडल की बुधवार को हुई बैठक में वित्तीय परिणामों को मंजूरी प्रदान की गयी। इसके अनुसार, चौथी तिमाही में राजस्व 12.6 फीसदी बढ़कर 15,076 करोड़ रुपये पर रहा। प्रति शेयर आय 15.24 रुपये रही। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का राजस्व 56,815 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 4,811 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। इनमें एक साल पहले के मुकाबले क्रमशः 7.2 प्रतिशत और 13.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। निदेशक मंडल ने 36 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश की भी घोषणा की।

### टेस्ला ने भारत में लांच की इलेक्ट्रिक एसयूवी

मुंबई। दिग्गज इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माता टेस्ला ने बुधवार को अपना छह सीटों वाला इलेक्ट्रिक एसयूवी मॉडल 'वाईएल' भारत में पेश किया जिसकी कीमत 61.99 लाख रुपये है। यह अमेरिकी कंपनी की भारत में दूसरी पेशकश है। कंपनी ने पिछले साल मॉडल 'वाई' के साथ भारतीय बाजार में कदम रखा था। टेस्ला इंडिया के महाप्रबंधक शरद अग्रवाल ने कहा कि कंपनी ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप चार्जिंग अवसंरचना को विकसित करेगी और वाईएल मॉडल के जरिए प्रीमियम एसयूवी खंड में पकड़ मजबूत करने का लक्ष्य है। कंपनी चालू तिमाही में सेवा और बॉडी शॉप नेटवर्क का विस्तार करते हुए पश्चिम बंगाल और हैदराबाद, चेन्नई एवं अहमदाबाद शहरों में अपनी उपस्थिति बढ़ाएगी। भारत में चार्जिंग नेटवर्क कंपनी की प्राथमिकता है। आने वाले महीनों में दिल्ली, चंडीगढ़, जयपुर, अहमदाबाद, पुणे, बेंगलुरु और चेन्नई को सुपरचार्जर नेटवर्क से जोड़ा जाएगा।

## छह साल बाद फिर शुरू होगा लिपुलेख दर्रे से भारत-चीन सीमा व्यापार

संवाददाता, पिथौरागढ़

अमृत विचार: दो देशों के बीच छह साल के लंबे अंतराल के बाद व्यापार शुरू होने की अच्छी खबर सामने आयी है। इस वर्ष लिपुलेख दर्रे से भारत-चीन व्यापार फिर से शुरू होगा। व्यापारियों को लिपुलेख तक जाने के लिए इनर लाइन परमिट जारी किए जाएंगे, जबकि आगे तकलाकोट मंडी तक पहुंचने के लिए ट्रेड पास अनिवार्य होगा।

भारत-चीन सीमा व्यापार को वर्ष 2026 में पुनः प्रारंभ किए जाने के संबंध में बुधवार को पिथौरागढ़ कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में इस पर फैसला लिया गया।

विदेश मंत्रालय द्वारा लिपुलेख दर्रे के माध्यम से सीमा व्यापार पुनः प्रारंभ करने पर अनापत्ति मिलने के बाद प्रस्तावित व्यापार सत्र की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए विस्तृत चर्चा भी की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि व्यापार अवधि जून के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ होकर सितंबर तक प्रस्तावित है। मौसम की अनुकूलता के आधार पर इस अवधि को बढ़ाने का प्रस्ताव भी शासन को भेजा जा सकता है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पूर्व की भांति ही व्यापार संचालन की व्यवस्था निर्धारित की जाएगी तथा समस्त कार्य विदेश मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपादित किए जाएंगे। डीएम ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सीमा व्यापार प्रारंभ होने से पूर्व इन्फ्रास्ट्रक्चर, सड़क, संचार, बैंकिंग, सुरक्षा एवं आवासीय व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। खासतौर से बीएसएनएल को सीमा क्षेत्र में नेटवर्क सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।



बैठक में डीएम और अन्य अधिकारी।

- जून से सितंबर तक चलेगा सत्र
- मिलेगा इनर लाइन परमिट
- विदेश मंत्रालय ने दी अनुमति

> छह वर्षों के अंतराल के बाद भारत-चीन सीमा व्यापार लिपुलेख दर्रे से फिर शुरू हो रहा है। विदेश मंत्रालय ने भी अनुमति दे दी है। इस व्यापार को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। -आशीष भटगांई, जिलाधिकारी, पिथौरागढ़

## पूर्वांचल के फॉरएवर ग्रुप ने खरीदी मीरगंज चीनी मिल

संवाददाता, बहेड़ी (बरेली)

- 305 करोड़ में हुआ मिल का सौदा, नई कंपनी ने संचालन अपने हाथ में लिया
- कृषि किसानों को गन्ने का भुगतान कर चुकी थी मिल
- मिल में लगा है 19 मेगा पावर का पावर जनरेशन प्लांट
- धामपुर ग्रुप की इस मिल की पेराई क्षमता 90 हजार कुंतल

अमृत विचार : बरेली के मीरगंज क्षेत्र में संचालित धामपुर बायो आर्गेनिक ग्रुप की मीरगंज चीनी मिल बिक गई है। पूर्वांचल के फॉरएवर ग्लोबल इंटरप्राइजेज लिमिटेड 305 करोड़ रूपये में मिल खरीदकर इसका संचालन अपने हाथ में ले लिया है। बिक्री एकमुश्त अदायगी के बेस पर की गई है।

फॉरएवर ग्रुप की केसर शुगर मिल, बहेड़ी को खरीदने की बातचीत चल रही थी, लेकिन अचानक यह खबर सामने आई कि फॉरएवर ग्रुप ने मीरगंज चीनी मिल का सौदा कर लिया। धामपुर बायो आर्गेनिक लिमिटेड ने 20 अप्रैल को अपनी मीरगंज चीनी मिल फॉरएवर ग्रुप के हाथ बेचने का एलान कर दिया। मिल का 2025 में टर्न ओवर 423.24 करोड़ का था। धामपुर ग्रुप की इस मिल की गन्ना पैराई क्षमता 90 हज़ार कुंटल प्रति दिन की है। इसमें 19 मेगा पावर का पावर जनरेशन प्लांट है। बीते सीजन में मीरगंज चीनी मिल ने 80.19 लाख कुंटल गन्ना पैराई की थी और गन्ना मूल्य का 314.39 करोड़ रुपया किसानों को अदा किया।

फॉरएवर ग्रुप अभी तक डिस्टलरी उद्योग में सक्रिय था। गोरखपुर-देवरिया में उनकी डिस्टलरी यूनिट हैं। जानकारी मिली है कि फॉरएवर ग्रुप के तन्मय मोदी ने मंगलवार को मीरगंज चीनी मिल पर कब्ज़ा भी ले लिया।

## सरकारी बैंकों में कार्यकारी निदेशक पद के लिए निजी क्षेत्र से भी आवेदन आमंत्रित

नयी दिल्ली, एजेंसी। सरकारी बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों का चयन करने वाली संस्था एफएसआईबी ने चालू वित्त वर्ष के दौरान राष्ट्रीयकृत बैंकों में कार्यकारी निदेशकों (ईडी) की नियुक्ति के लिए निजी क्षेत्र सहित पात्र उम्मीदवारों से आवेदन मांगे हैं। निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों को शामिल करना तय प्रक्रिया से अलग एक बदलाव है। यह पहली बार है जब वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) चालू वित्त वर्ष के दौरान सृजित होने वाली ईडी की आधा दर्जन से अधिक रिक्तियों के लिए निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों पर भी विचार करेगा। ब्यूरो के पात्रता मानदंडों के अनुसार निजी क्षेत्र के आवेदक के पास कम से कम 18 वर्ष का अनुभव होना चाहिए, जिसमें 12 वर्ष का बैंकिंग अनुभव शामिल हो। इसमें बोर्ड स्तर से ठीक नीचे के उच्चतम स्तर पर तीन वर्ष का अनुभव (मूल पद के आधार पर) होना अनिवार्य है। एफएसआईबी ने सार्वजनिक सूचना में कहा कि यदि किसी अधिकारी ने अपने करियर में दो या अधिक बड़े दंडों का सामना किया है, तो वह राष्ट्रीयकृत बैंकों के ईडी पद के लिए आवेदन करने का पात्र नहीं होगा।

बदलाव

1966 के गन्ना नियंत्रण आदेश को एक व्यापक नए नियामक ढांचे से बदला जाएगा, सरकार ने 20 मई तक मांगे सुझाव

# सरकार का गन्ने से जुड़े छह दशक पुराने कानून में बड़े बदलाव का प्रस्ताव

नयी दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने 1966 के गन्ना नियंत्रण आदेश को एक व्यापक नए नियामक ढांचे से बदलने का प्रस्ताव किया है। इसमें पहली बार एथनॉल उत्पादन, डिजिटल अनुपालन और कारखानों की मंजूरी के लिए एक औपचारिक व्यवस्था को एक साथ लाया गया है। सरकार ने इस मसौदे पर 20 मई तक लोगों से सुझाव मांगे हैं।

केंद्रीय खाद्य मंत्रालय के गन्ना (नियंत्रण) आदेश 2026 के मसौदे में पुराने कानून की बुनियादी संरचना को बरकरार रखा गया है। इसमें उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) के नियम, गन्ने की आवाजाही पर नियंत्रण, 14 दिनों के भीतर भुगतान की समय सीमा और देरी से भुगतान पर 15 प्रतिशत सालाना ब्याज शामिल है।

हालांकि इसमें पूरी तरह बदल चुके उद्योग के अनुरूप एक नया ढांचा तैयार किया गया है।

वर्ष 1966 के कानून से सबसे महत्वपूर्ण बदलाव एथनॉल को गन्ना नियामक ढांचे में स्पष्ट रूप से शामिल करना है और मसौदे में चीनी कारखाने की परिभाषा का विस्तार कर इसमें गन्ने के रस, सिरप, चीनी और मोलासेस से एथनॉल उत्पादन को भी शामिल किया गया है। इसके लिए एक ठोस रूपांतरण सूत्र पेश किया गया है, जिसके तहत उत्पादन गणना करते समय 600 लीटर एथनॉल को एक टन चीनी के बराबर माना जाएगा। केवल एथनॉल बनाने वाली इकाइयां, जो अपने परिसर में गन्ना नहीं पेरती हैं, उन्हें प्रदर्शन बैंक गारंटी की आवश्यकता से छूट दी गई है।

यह एकीकृत चीनी-सह-एथनॉल मिलों पर नियंत्रण हल्का किए बिना एकल एथनॉल क्षमता बढ़ाने के लिए एक सोची-समझी नीतिगत पहल है।

मसौदे की धारा 6ए से 6जी में ऐसे प्रावधान शामिल किए गए हैं, जो पुराने आदेश में नहीं थे। इसमें नए कारखानों के लिए औपचारिक आईईएम-आधारित मंजूरी प्रक्रिया, न्यूनतम दूरी के नियम, प्रदर्शन बैंक गारंटी को बढ़ाकर दो करोड़ रुपये करना और प्रभावी कदमों तथा व्यावसायिक उत्पादन के लिए कड़ी समय सीमा तय करना।

नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक प्रकाश नाइकनवारे ने कहा कि 1966 का आदेश एथनॉल अर्थव्यवस्था से काफी पहले का था, इसलिए नए कानून की जरूरत थी। दूसरी ओर ऑल इंडिया शुगर ट्रेड एसोसिएशन के चेयरमैन प्रफुल्ल विथलानी ने बताया कि मसौदे में खांडसारी इकाइयों पर भी निगरानी सख्त करने का प्रावधान किया गया है।



### एथनॉल उत्पादन बढ़ाने की पहल

- 600 लीटर एथनॉल को एक टन चीनी के बराबर माना जाएगा
- केवल एथनॉल बनाने वाली इकाइयां, जो अपने परिसर में गन्ना नहीं पेरती हैं, उन्हें प्रदर्शन बैंक गारंटी से छूट
- चीनी कारखाने का विस्तार कर इसमें गन्ने के रस, सिरप, चीनी और मोलासेस से एथनॉल उत्पादन को भी शामिल किया गया है

## नौ करोड़ के पार पहुंची अटल पेंशन योजना के सदस्यों की संख्या

नई दिल्ली, एजेंसी। पेंशन कोष नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) संचालित केंद्र सरकार की प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजना... अटल पेंशन योजना (एपीवाई)के अंशधारकों की संख्या नौ करोड़ से अधिक हो गई है। योजना की बढ़ती पहुंच और प्रभाव के चलते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सकल नामांकन 1.35 करोड़ सदस्यों से अधिक हो गया है। यह योजना की शुरुआत के बाद से किसी एक वित्त वर्ष में सबसे अधिक नामांकन है। पीएफआरडीए ने एक बयान में कहा कि योजना मुख्य रूप से गरीबों, वंचितों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर केंद्रित है।



पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव **महासंग्राम**



# पश्चिम बंगाल में साफ दिखाई दे रही बदलाव की लहर : योगी

कोलकाता, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कोलकाता के जोरासांको में पहली जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि जब चार मई को चुनाव परिणाम घोषित होंगे, तो राज्य में भाजपा का 'भगवा ध्वज' शान से लहरायेगा।

सभा में बड़ी संख्या में समर्थक ऐसे पोस्टर लेकर पहुंचे थे, जिन पर लिखा था-योगी जी, बुलडोजर लाइए, हम आपके साथ हैं।.. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा 23 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान में करीब 80 प्रतिशत सीटें जीतने के लिए तैयार है और राज्य में बदलाव की लहर साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल की पहचान के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। उन्होंने लोगों से अपने वोट का सोच-समझकर इस्तेमाल करने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी ने आरोप लगाया कि तृणमूल बंगाली पहचान के साथ खिलवाड़ कर रही है। कहा-बंगाल की पहचान काबा से नहीं, बल्कि मां कालीबाड़ी से है। उन्होंने ममता बनर्जी और अभिषेक पर भी परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए उन्हें 'बुआ और भतीजा' कहा और कहा कि वे राज्य के अस्तित्व को कमजोर कर रहे हैं। जोरासांको में रवींद्रनाथ टैगोर की 'ठाकुरबाड़ी' का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र बंगाल की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कार्यकर्ताओं ने जबरन ममता बनर्जी की तस्वीर वहां लगा दी जहां गुरुदेव और भारत माता की तस्वीरें होनी चाहिए थीं, जो बंगाल की अस्मिता का अपमान है।



कोलकाता के जोरासांको में चुनावी जनसभा को संबोधित करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। यहां 29 अप्रैल को मतदान होना है। • अमृत विचार

## छेड़छाड़ माना जाएगा ईवीएम बटन पर इत्र या गोंद लगाना, आपराधिक कार्रवाई संभवः आयोग

नयी दिल्ली,एजेंसी

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बटन पर इत्र या गोंद लगाने जैसी हरकतों को 'छेड़छाड़' माना जाएगा, जो एक चुनावी अपराध है।

यह टिप्पणी उन दावों के बीच आई है जिनमें कहा गया था कि कुछ राजनीतिक कार्यकर्ता यह जानने के लिए ईवीएम बटन पर इत्र लगाते हैं कि वोट उनके पक्ष में पड़ा है या नहीं। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को विधानसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान से पहले अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि यदि किसी मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी को ऐसी कोई शरारत दिखती है, तो उसे सेक्टर अधिकारी या रिटर्निंग अधिकारी को सूचित करना होगा।

आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि आयोग आपराधिक कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगा और पुनर्मतदान का आदेश भी दे सकता है। अधिकारियों ने कहा कि सभी बूथों के पीठासीन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि ईवीएम पर सभी प्रत्याशियों के बटन स्पष्ट रूप से दिखाई दें और किसी भी बटन पर टेप, गोंद या अन्य सामग्री न लगी हो।

उन्होंने कहा कि मतपत्र इकाई के प्रत्याशी बटन पर कोई रंग, स्याही, इत्र या अन्य रसायन नहीं लगाया जा सकता, जिससे मतदान की गोपनीयता भंग हो। यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है तो पीठासीन अधिकारी तुरंत सेक्टर अधिकारी या रिटर्निंग अधिकारी को सूचित करेगा।

## पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु में चुनाव आयोग की कार्रवाई में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती

नयी दिल्ली, एजेंसी

चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि इस समय चल रहे विधानसभा चुनाव और उपचुनाव को धन और प्रलोभन से मुक्त रखने के लिए छापे और जब्ती की कार्रवाई के दौरान पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में मंगलवार को 1072 करोड रुपए से अधिक की नकदी, महंगी धातुएं, शराब, मादक द्रव्य तथा उपहार के सामान जब्त किए गए हैं। आयोग ने बताया कि 15 मार्च से अब तक पश्चिम बंगाल में 27.48 करोड रुपए नकदी, 102.45 करोड रुपए की 39.31 लाख लीटर शराब, 108.11 करोड रुपए के ड्रग्स 55.88 करोड रुपए की कीमती धातुएं तथा 178.83 करोड़ रुपए मूल्य की उपहार की वस्तुएं समेत अब तक कुल 472.89 करोड़ रुपए की नकदी और सामान जब्त किया गया है। इसी तरह तमिलनाडु में 100.19 करोड रुपए की नकदी, 3.85 करोड रुपए की 1.18 लाख लीटर शराब, 76.72 करोड के ड्रग्स, 159.31 करोड के कीमती धातुएं और 259.14 करोड के उपहार के सामान जब्त किए गए हैं।




# पश्चिम बंगाल में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी कांग्रेस : शाह

कोलकाता,एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पायेगी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का इस पार्टी से जुड़ाव उन्हें राजनीतिक रूप से और कमजोर करेगा। शाह ने न्यू बैरकपुर के निकट दमदम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि कांग्रेस कई राज्यों में करारी हार की ओर बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि तमिलनाडु और पुडुचेरी में कांग्रेस दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पायेगी। पश्चिम बंगाल में तो आप अपना खाता भी नहीं खोल पाएंगे और असम में कांग्रेस को अब तक की सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ेगा। बनर्जी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि ममता दीदी, आप इसी कांग्रेस के साथ बैठी हैं। आपकी स्थिति भी बदतर होने वाली है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर राहुल गांधी की संगति में आकर राजनीतिक संवाद का स्तर गिराने का भी आरोप लगाया। कहा-राहुल गांधी, आप मोदी जी को जितने अधिक अपशब्द कहेंगे, कमल उतना ही अधिक खिलेगा... राहुल गांधी के साथ रहकर खरगे जी की भी भाषा बिगड़ने लगी है। शाह ने कहा कि किसी विधायक को चुनने या केवल भाजपा सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि घुसपैठियों से मुक्त बंगाल बनाने के लिए वोट डालें।



रोड शो करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

## मतदाताओं को डराने-धमकाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे पुलिस : बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी

कोलकाता,एजेंसी। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने बुधवार को पुलिस को मतदाताओं को डराने-धमकाने और चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने में कथित रूप से संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल निवारक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को भेजे गए एक पत्र में, सीईओ कार्यालय में तैनात पुलिस पर्यवेक्षक ने कई विधानसभा क्षेत्रों और पुलिस थाना क्षेत्रों के कथित उपद्रवियों की एक सूची आवश्यक कार्रवाई के लिए साझा की

## तृणमूल का लोगों पर केंद्रीय बलों के हमले का दावा

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि पूर्वी मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में केंद्रीय बलों के जवानों ने स्थानीय लोगों पर अत्यधिक बल का प्रयोग किया। हालांकि, निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि शिकायत की जांच की गई, लेकिन ऐसी कोई घटना सामने नहीं आई। तृणमूल ने आरोप लगाया कि निष्पक्ष मतदान कराने को तैनात सीआरपीएफ कर्मियों ने 21 अप्रैल को बिना किसी उकसावे के लोगों पर हमला करके अपने पद का घोर दुरुपयोग किया, जिसके परिणामस्वरूप लोगों को चोटें आईं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ट्रंप ने की आठ ईरानी महिलाओं को रिहा करने की अपील

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जनवरी 2026 के विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए ईरान में मृत्युदंड की सजा का सामना कर रही आठ महिलाओं को रिहा करने का आह्वान किया है और कहा है कि उनकी रिहाई शांति वार्ताओं की एक शानदार शुरुआत होगी। ट्रंप की यह अपील ईरान के साथ एकतरफा युद्धविराम के विस्तार की घोषणा करने से एक दिन पहले आई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा, मैं इन महिलाओं की रिहाई की बहुत सराहना करूँगा। कृपया उन्हें कोई नुकसान न पहुंचाएं! यह हमारी बातचीत की एक शानदार शुरुआत होगी।

### होर्मुज सुरक्षा को काम कर रहे ब्रिटेन-फ्रांस

**लंदन।** ब्रिटेन और फ्रांस करीब 30 देशों के सैन्य योजनाकारों को एक मंच पर लाने की कोशिश में जुटे हुए हैं ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित मिशन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा सके। यह मिशन तब लागू होगा जब प्रमुख समुद्री मार्ग फिर से खुल जाएगा। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि लंदन स्थित एक कमांड एवं नियंत्रण केंद्र में आयोजित दो दिवसीय बैठक का उद्देश्य कूटनीतिक सहमति को विस्तृत सैन्य योजना में बदलना है। योजना के तहत एक अंतर्राष्ट्रीय मिशन के जरिए वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा, समुद्र में बिछी बारूदी सुरंगों को हटाने और क्षेत्र में आपसी विश्वास बहाल करने का काम किया जाएगा।

### लेबनान में ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत

**बेरूत।** पूर्वी लेबनान के एक गांव में बुधवार को हुए ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। सरकारी 'नेशनल न्यूज एजेंसी' की खबर से यह जानकारी मिली। यह स्पष्ट नहीं है कि जब्बूर गांव में हुए इस ड्रोन हमले के पीछे किसका हाथ है। इजराइली सेना ने इलाके को निशाना बनाकर कोई भी हमला करने से इनकार किया है। पिछले शुक्रवार को इजराइल और लेबनान के बीच हुए 10 दिन के संघर्ष–विराम के बाद से इजराइल ने कई हमले किए हैं, जबकि हिज्बुल्ला ने मंगलवार को पहला हमला करने का दावा किया।

### मोसाद से संबंध रखने में एक को दी फांसी

**दुबई।** ईरान ने बुधवार को एक व्यक्ति को इज़राइल की खुफिया एजेंसी मोसाद से कथित संबंधों को लेकर फांसी दे दी। ईरान में युद्ध के दौरान और जनवरी में हुए राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के बाद लगातार फांसी की घटनाएं सामने आ रही हैं। ईरान की न्यायपालिका की समाचार एजेंसी 'मिजान न्यूज एजेंसी' ने मेहदी फरीद की फांसी की पुष्टि की। एजेंसी के अनुसार, फरीद एक संवेदनशील सरकारी संगठन में कार्यरत था और उसने इज़राइली खुफिया एजेंसी को जानकारी मुहैया कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि फरीद को ईरान के कोम प्रांत में दोषी ठहराया गया था। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि ईरान में कई मामलों में बंद कमरे में सुनवाई होती है और आरोपियों को बचाव का अवसर नहीं मिल पाता।

### सिख महिला से दुष्कर्म में अपराध कबूला

**लंदन।** ब्रिटेन में 32 वर्षीय एक व्यक्ति ने सिख महिला से दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को अदालत में दोष स्वीकार कर लिया। आरोपी जॉन अशबाय पर बर्मिंघम क्राउन कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। उसने वॉल्सॉल में एक सिख महिला के साथ दुष्कर्म के आरोप में यह स्वीकारोक्ति की। पिछले साल अक्टूबर में हुई इस घटना के कुछ दिनों बाद गिरफ्तार किए गए आरोपी ने शुरू में यौन उत्पीड़न सहित सभी आरोपों से इनकार किया था।

## कर्नाटक में अमेरिकी महिला का यौन उत्पीड़न, दो गिरफ्तार

**कोडागु, एजेंसी**

- होमस्टे का कर्मचारी और मालिक हैं आरोपी

कर्नाटक के कोडागु जिले के एक होमस्टे के एक कर्मचारी ने अमेरिकी महिला का यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना एक सप्ताह पहले कोडागु के कुट्टा गांव स्थित एक होमस्टे में हुई थी।

झारखंड के मूल निवासी एक कर्मचारी को इस संबंध में गिरफ्तार किया गया है। वह होमस्टे के आतिथ्य विभाग में काम करता था। होमस्टे के मालिक को भी गिरफ्तार किया गया है क्योंकि महिला द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकायत किए जाने पर उसने पुलिस को जानकारी नहीं दी। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पेय पदार्थ में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया गया और फिर होमस्टे में कर्मचारी द्वारा उसका यौन उत्पीड़न किया गया। पुलिस के अनुसार बाद में, जब उसने इस घटना के बारे में होमस्टे के मालिक को बताया तो उसने मामले को दबाने की कोशिश की और तीन दिनों के लिए वाई-फाई सेवा बंद कर दी, ताकि वह किसी से संपर्क नहीं कर सके। बाद में इंटरनेट पहुंच प्राप्त होने पर महिला ने मैसूरु जाने का बहाना कर परिसर छोड़ा और अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों से सम्पर्क किया

## वीडियो में एआई का लेबल पूरे समय साफ दिखना चाहिए

### सरकार ने दिया सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से संबंधित नियमों-प्रावधानों को और सख्त करने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) संबंधी नियमों को और सख्त करने का प्रस्ताव दिया है और इस बार खास तौर पर जोर दिया गया है कि उपयोगकर्ता एआई से बनी सामग्री की पहचान ऑनलाइन कैसे कर सकते हैं। इस बारे में जानना जरूरी है कि इस नए प्रस्ताव में क्या शामिल है, यह क्यों जरूरी है, और डिजिटल अधिकार समूहों द्वारा आईटी नियमों में किए जा रहे संशोधनों पर क्या चिंताएं जताई जा रही हैं, जिन पर अभी विचार चल रहा है।

फिलहाल आईटी नियमों के मुताबिक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से निर्मित सामग्री पर लेबल या निशान साफ-साफ दिखने चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने मंगलवार को आम लोगों की राय जानने के लिए संशोधनों का जो मसौदा जारी किया है, उसमें साफ-साफ दिखने वाली शर्त को बदलकर यह नियम लागू करने की बात कही गई है कि लेबल स्क्रीन पर पूरे समय लगातार और साफ-साफ दिखते रहने चाहिए।

आसान शब्दों में कहें तो, इसका मतलब यह है कि एआई से बनी सामग्री की पहचान बताने वाला वॉटरमार्क या लेबल सिर्फ़ वीडियो की शुरुआत या आखिर में ही नहीं दिखना चाहिए; बल्कि यह पूरे वीडियो के दौरान स्क्रीन पर बने रहना चाहिए। प्रस्तावित नियम के अनुसार ऐसी स्थिति नहीं होगी जिसमें लेबल कभी दिखे, कभी न दिखे। मंत्रालय यह सुनिश्चित करना चाहता है कि अगर कोई वीडियो एआई से बनाया गया है, तो देखने वाले को, यह बात वीडियो के पहले सेकंड से लेकर आखिरी सेकंड तक पता रहे।

**ऐसा क्यों किया जा रहा:** इसकी मुख्य वजह है एआई का बढ़ता दुरुपयोग। मंत्रालय का मानना है कि ऑनलाइन दिखने वाले ऐसे वीडियो जो असली जैसे लगते हैं, लेकिन असल में नकली होते हैं, उनसे गलत जानकारी फैलती है और उपयोगकर्ता गुमराह होते हैं। इसलिए, एआई टूल से बनी ऐसी सामग्री को शुरू में ही लेबल लगाकर या निशान लगाकर पहचानना जरूरी है। हमेशा दिखने वाला लेबल अनिवार्य करके, सरकार यह पक्का करना चाहती है कि अगर कोई देखने वाला वीडियो को बीच में से भी देखना शुरू करे या क्लिप के किसी भी हिस्से में देखे, तो उसे तुरंत पता चल जाए कि यह कंटेंट असली नहीं, बल्कि एआई से बनाया गया है। मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि पहले के नियम के मुताबिक 'साफ-साफ दिखने वाले' लेबल को लेकर अनुपालन संतोषजनक नहीं था। कल्पना कीजिए, पांच मिनट का एआई से बना एक वीडियो है, जिसमें लेबल सिर्फ शुरुआती 5 सेकंड के लिए ही दिखता है। अगर आप वीडियो को दो मिनट बाद देखना शुरू करते हैं, तो आप एआई का निशान देख ही नहीं पाएंगे और हो सकता है कि आप उसे सच मान लें।

अधिकारियों का तर्क है कि 'हमेशा दिखते रहने वाला' निशान ज़्यादा व्यावहारिक है और इसमें ज़्यादा पारदर्शिता भी है। सोशल मीडिया मंच-एक्स, यूट्यूब और मेटा को यह सुनिश्चित करना होगा कि ये लेबल हमेशा बने रहें। एआई से सामग्री विकसित करने के टूल बनाने वाली कंपनियों को यह सतत लेबलिंग प्रणाली अपनानी होगी।

## 'नागरिक देवो भव' हर निर्णय के पीछे का हो मूलमंत्र : प्रधानमंत्री

### मोदी ने एक करोड़ से अधिक लोक सेवकों को पत्र भेजकर जनसेवा का किया आह्वान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक करोड़ से अधिक लोक सेवकों को पत्र लिखकर कहा है कि 'नागरिक देवो भव' (नागरिक ही भगवान है) का सिद्धांत हर निर्णय का मूलमंत्र होना चाहिए और सरकार को अपनी क्षमता के अनुसार जनता की सेवा करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने लोक सेवकों को यह भी बताया कि शासन करुणा पर आधारित होना चाहिए और सार्वजनिक सेवा की जिम्मेदारी निभाने वालों को आजीवन सीखते रहने का एक सर्वोत्तम उदाहरण बनना चाहिए।

सिविल सेवा दिवस से एक दिन पहले 20 अप्रैल को लिखे गए ये पत्र 12 भाषाओं - हिंदी, अंग्रेजी, मराठी, ओडिया, गुजराती, बांग्ला, कन्नड़, पंजाबी, असमिया, मलयालम, तेलुगु और तमिल में जारी किए गए। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी बड़ी चुनौतियों के साथ-साथ अवसरों का भी समय है और रुझान हर दिन बदल रहे हैं, नई प्रौद्योगिकियां उभर रही हैं और लगातार नए नवाचार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों और दुनिया दोनों को देश से बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि सरकार की सेवाएं और कार्य संस्कृति इस ऐतिहासिक युग का अधिकतम लाभ उठाने के लिए अनुकूल हों। इस दिशा में 'आईगॉट कर्मयोगी' जैसे मंचों के उपयोग से आजीवन सीखने को आदत बनाना महत्वपूर्ण है। आप बेहतर बनने का चुनाव कर रहे हैं ताकि भारत बेहतर बन सके।

प्रधानमंत्री ने लोक सेवकों को कर्मयोगी कहकर संबोधित किया और कहा कि उन्होंने यह पत्र उन्हें एक बहुत ही विशेष समय पर लिखा है, क्योंकि भारत के कई हिस्सों में त्योहारों का मौसम है। उन्होंने कहा कि रोंगाली बिहू, विशु, पुथंडू, पोइला बोइशाख, महा बिशुबा पाना संक्रांति और बैसाखी के उत्साह से पूरा वातावरण सराबोर है। मोदी ने कहा कि ये त्योहार आशा और नई शुरुआत के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में, आप सीखने और विकास के एक उत्सव - 'साधना सप्ताह' का हिस्सा बन गए हैं। भारत के कोने-कोने से लोक सेवकों को एक साथ लाने वाले इस अनूठे प्रयास का हिस्सा बनने के लिए मैं आपको बधाई देता हूं।

### जिज्ञासा की भावना को रखें जीवित

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह लोक सेवकों के सेवाभाव के प्रति गहरी सराहना व्यक्त करना चाहते हैं, इसी सेवाभाव के कारण वे इस प्रयास का हिस्सा बन सके। उन्होंने कहा कि मेरा हमेशा से यह मानना रहा है कि ऐसे मंच व्यक्तिगत विकास और पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आवश्यक हैं। मोदी ने कहा कि कुछ नया खोजना जीवन के सबसे बेहतरीन अनुभवों में से एक है और हर किसी को जिज्ञासा की इस भावना को जीवित रखना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी लोक सेवकों को यह याद रखना चाहिए कि पहले बेहतर प्रदर्शन को मापदंड माना जाता था, लेकिन अब सभी प्रयासों का मूल्यांकन 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के आधार पर किया जाना चाहिए।

### आईगॉट कर्मयोगी मंच केंद्र सरकार का सबसे महत्वाकांक्षी प्रयास

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे प्रयासों की गति, व्यापकता, दिशा और तीव्रता इसी दृष्टिकोण से निर्देशित होनी चाहिए... नागरिक देवो भव का सिद्धांत हर निर्णय के केंद्र में होना चाहिए। मोदी ने कहा कि 'आईगॉट कर्मयोगी' मंच, जिस पर लोक सेवक अब प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं हमारी सरकार की मानव पूंजी को रूपांतरित करने का सबसे बड़ा और सबसे महत्वाकांक्षी प्रयास है और आप इसके मूल में हैं। उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया था कि साधना सप्ताह के तीन उद्देश्य हैं : तकनीकी रूप से तैयार होना, अपनी परंपराओं को समझना और नागरिक केंद्रीयता पर आधारित ठोस परिणाम प्राप्त करना। ये वास्तव में आदर्श सिद्धांत हैं और जब इन सभी सिद्धांतों को एक साथ पिरोया जाता है, तो शासन आधुनिक, संस्कृति में निहित और 'जन सेवा' में दृढ़ता से निहित बन जाता है। यह याद रखना होगा कि भारत की प्रगति हर राज्य और हर विभाग में मिली सामूहिक जीत का योग है।

## अगले चार-पांच दिन देश के कई हिस्सों में चलेगी लू

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को कहा कि अगले चार से पांच दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिमी, मध्य और पूर्वी भारत के अधिकतर हिस्सों में उष्ण लहर की स्थिति बने रहने की संभावना है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के कुछ इलाकों में 24 और 25 अप्रैल को उष्ण लहर की स्थिति रह सकती है। आईएमडी के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 23-25 अप्रैल; पूर्वी उत्तर प्रदेश में 22 - 26 अप्रैल; राजस्थान में 24-26 अप्रैल; मध्य प्रदेश में 23-26 अप्रैल, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में 24 से 27 अप्रैल और पश्चिम बंगाल के गंगा मैदानी क्षेत्र, बिहार तथा झारखंड में 22 से 23 अप्रैल तक की अवधि में उष्ण लहर की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि 22 से 25 अप्रैल के बीच ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश, यानम, पश्चिम बंगाल के गंगा मैदानी क्षेत्र, तमिल नाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे, तटीय कर्नाटक और गुजरात के तटीय क्षेत्रों के कुछ इलाकों में गर्म और आर्द्र स्थिति बनी रह सकती है। इस दौरान हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, ओडिशा, कोंकण और गोवा के कुछ इलाकों में रात के दौरान गर्मी बढ़ने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार, पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में इस सप्ताह गरज के साथ बारिश हो सकती है।

## जांच के दौरान मुख्यमंत्री का हस्तक्षेप लोकतंत्र को खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आई-पैक छापेमारी में ममता की भूमिका पर सुप्रीम टिप्पणी





कोलकाता में आई-पैक के कार्यालय पर ईडी द्वारा की गई छापेमारी के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा कथित तौर पर बाधा डाले जाने के मामले की बुधवार को उच्चतम न्यायालय ने गहन पड़ताल की और कहा कि यदि कोई मुख्यमंत्री जांच में हस्तक्षेप करता है तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाता है।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एनवी अंजारी की पीठ ने कहा कि यह केंद्र और राज्य के बीच का विवाद नहीं है। किसी भी राज्य का कोई भी मुख्यमंत्री किसी जांच के बीच में आकर लोकतंत्र को खतरे में डालता है और फिर आप कहते हैं कि यह केंद्र और राज्य के बीच का विवाद है। न्यायालय ने यह टिप्पणी तब की जब पश्चिम बंगाल के एक वरिष्ठ अधिकारी की ओर से अदालत में पेश हुईं वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने ईडी की याचिका की वैधता पर सवाल उठाते हुए कहा कि विवाद मूल रूप से केंद्र और राज्य के बीच है। न्यायमूर्ति मिश्रा ने टिप्पणी की, यह (कथित अवरोध) स्वतः ही एक ऐसे व्यक्ति द्वारा किया गया कृत्य है जो संयोगवश एक राज्य का मुख्यमंत्री है, जिससे पूरी व्यवस्था और लोकतंत्र खतरे में पड़ गया है। न्यायालय ईडी की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें आरोप लगाया गया है कि धनशोधन जांच के सिलसिले में 8 जनवरी को कोलकाता में राजनीतिक परामर्श फर्म इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के कार्यालय की तलाशी के दौरान बनर्जी और राज्य के अन्य अधिकारियों ने बाधा डाली थी।

न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि लेकिन उनमें से किसी ने भी कभी ऐसी स्थिति की कल्पना नहीं की होगी कि इस देश में एक दिन ऐसा आएगा जब एक मौजूदा मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रवेश करेगा...। गुरुस्वामी ने कहा कि मैं इस मामले के गुण-दोष पर हूं... कोई दुर्व्यवहार नहीं हुआ, किसी अधिकारी को धमकाया नहीं गया। पीठ इस दलील से सहमत नहीं हुई कि मामले में उठाए गए प्रश्नों को एक बड़ी पीठ के पास भेजा जाना चाहिए। कहा कि हम तय करेंगे कि अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं।

## साड़ी के बजाय नाइट ड्रेस पहनने पर पत्नी को जलाया

- कर्नाटक के बेलगावी जिले में मंगलवार को हुई घटना

**बेलगावी, एजेंसी।** कर्नाटक के अपनी पत्नी के साड़ी के बजाय बेलगावी जिले में एक व्यक्ति ने 'नाइटड्रेस' पहनने पर आपत्ति जताते हुए कथित तौर पर उसमें आग लगा दी। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना मंगलवार रात खानापुर तालुका के नंदगढ़ गांव में हुई। पुलिस के अनुसार, आरोपी कृष्णा पाटिल (34) को अपनी 32 वर्षीय पत्नी मंजुला पाटिल के घर में 'नाइटड्रेस' पहनने पर आपत्ति थी और वह अक्सर इस मुद्दे पर उससे बहस करता था। पुलिस ने बताया कि इसी बात को लेकर दंपति के बीच बहस हुई, जिसके बाद आरोपी ने अपनी पत्नी पर कथित तौर पर मिट्टी का तेल छिड़क कर उसे आग लगा दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महिला करीब 80 प्रतिशत झुलस गई है। पहले उसे बेलगावी आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया था लेकिन हालत गंभीर होने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए गोवा के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि इस संबंध में नंदगढ़ थाने में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच जारी है।

## सेप्टिक टैंक की जहरीली गैस से दम घुटने से तीन मज़दूरों की मौत

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के कदवा थाना क्षेत्र में बुधवार को शौचालय की टंकी की सफाई के दौरान जहरीली गैस से दम घुटने से तीन मज़दूरों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि इस क्षेत्र के खैरपुर गांववासी ज्वाला यादव के घर मे निर्मित शौचालय की टंकी सफाई के लिए तीन मजदूर अंदर घुसे। इस दौरान जहरीली गैस से दम घुटने तीनों बेहोश हो गए। गृहस्वामी ने अन्य लोगों के सहयोग से टंकी के दीवार को तोड़वाया और बेहोशी की हालत तीनों मजदूरों को नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान लक्ष्मिनिया गांव निवासी बमबम मंडल, श्री लाल मंडल एवं जननंदन मंडल के रूप में की गयी है।

## दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एक महिला से दो लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में एंटी-नारकोटिक्स सेल (द्वारका) में तैनात दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल अजय को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि शिकायतकर्ता को झूठे मामले में न फंसाने के बदले 15 लाख रुपये की मांग की गई थी, पहली किस्त में पांच लाख रुपये 21 अप्रैल तक देनी थी।

## प्रवासी भारतीय जर्मनी व भारत के बीच मजबूत सेतु

**बर्लिन, एजेंसी**

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया प्रवासी भारतीयों से संवाद



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी में रहने वाले करीब तीन लाख भारतीय प्रवासियों को दोनों देशों के बीच सबसे मजबूत सेतु बताते हुए कहा है कि उन्होंने व्यापार, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

उन्होंने भारतीय प्रवासियों से अपनी विरासत से जुड़े रहते हुए भारत-जर्मनी साझेदारी को और मजबूत बनाने में अपना योगदान जारी रखने का आग्रह किया। तीन दिन की यात्रा पर यहां आए सिंह ने पहले दिन भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ संवाद किया। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि रक्षा मंत्री ने जर्मनी में मौजूद भारतीयों से वैश्विक स्तर पर भारत के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने का आग्रह किया। सिंह ने कहा कि वर्ष 2026 जर्मनी के साथ राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूर्ण होने का प्रतीक है, जो विश्वास, आपसी सम्मान और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं। उन्होंने भारतीय प्रवासियों से आग्रह किया कि वे अपनी विरासत से जुड़े रहते हुए भारत-जर्मनी साझेदारी को और मजबूत बनाने में अपना योगदान जारी रखें। उन्होंने भारतीय प्रवासियों को सरकार के निरंतर समर्थन और सुरक्षा का आश्वासन दिया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज जल्दबाजी में प्रतिक्रिया देना आपके लिए नुकसानदेह हो सकता है। किसी भी बात को समझकर ही जवाब दें।

**वृष** – आज अनावश्यक खर्च से बचें और जरूरी कामों को प्राथमिकता दें। सही योजना बनाने से आगे का समय आसान होगा।

**मिथुन** – आज आप सक्रिय रहेंगे और कई काम एक साथ करने की कोशिश करेंगे। सही दिशा में प्रयास करने पर अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

**कर्क** – आज भावनाओं में बहकर कोई निर्णय लेने से बचें। घर या परिवार से जुड़ा कोई विषय महत्वपूर्ण हो सकता है।

**सिंह** – आज लोगों से जुड़कर काम करने से फायदा मिलेगा। किसी संपर्क या मित्र के जरिए नया अवसर मिल सकता है।

**कन्या** – आज काम को टालने से बचें। जो जिम्मेदारी आपके पास है, उसे समय पर पूरा करना जरूरी होगा। अनुशासन बनाए रखने से ही संतोषजनक परिणाम मिलेंगे।

**तुला** – आज आपको अपने सोचने का तरीका थोड़ा बदलना पड़ सकता है। नई परिस्थिति के अनुसार खुद को ढालना ही सही रहेगा।

**वृश्चिक** – आज किसी स्थिति में अचानक बदलाव आ सकता है। आपको हर कदम सोच–समझकर रखना होगा।

**धनु** – आज रिश्तों और सहयोग का महत्व बढ़ेगा। किसी के साथ मिलकर किया गया काम बेहतर परिणाम देगा।

**मकर** – आज काम का दबाव रहेगा और आपको लगातार व्यस्त रहना पड़ेगा। प्राथमिकताएं तय करके चलेंगे तो दिन संभाल लेंगे।

**कुंभ** – आज आपको अपने तरीके से काम करने का मौका मिलेगा। रचनात्मक सोच से आप अलग पहचान बना सकते हैं।

**मीन** – आज किसी बात को सुलझाने का सही समय है। संतुलन बनाए रखेंगे तो मन भी शांत रहेगा और काम भी सही होंगे।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 23 अप्रैल, गुरुवार 2026 संवत–2083, शक संवत 1948 मास– वैशाख, पक्ष–शुक्ल पक्ष, सप्तमी 20 .49 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**दिशाशूल**–दक्षिण, **ऋतु**– ग्रीष्म। **चन्द्रबल**– मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। **ताराबल**–भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**–पुनर्वसु 08 .57 तक तत्पश्चात पुष्य।

### सुडोकू - 127 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 4 | 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 | 7 | 4 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 | 2 | 8 |

### सुडोकू -128

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | 1 | 5 | | | 6 |
| | | 2 | | 3 | 7 | | 5 | |
| | 1 | | | | | 3 | 2 | |
| | 9 | | 8 | | | 5 | | |
| | | 6 | | | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | | 1 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 2 | | 1 | 6 | | | | |
| 4 | 7 | | | | | | | 3 |

**संवाद** | यूएनएसजी उम्मीदवार बाचेलेत ने कहा–स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में होना चाहिए अधिक प्रतिनिधित्व

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वास्तव में सुधार की आवश्यकता

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद की उम्मीदवार मिशेल बाचेलेत ने कहा है कि सुरक्षा परिषद में वास्तव में सुधार और स्थायी तथा अस्थायी दोनों श्रेणियों में अधिक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता है और इसे प्राप्त करने की दिशा में वह काम करेंगी।

चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बाचेलेत संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के चार उम्मीदवारों में से एक हैं। वर्तमान संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस 31 दिसंबर को अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। उन्होंने लगातार पांच वर्ष के दो कार्यकाल में दुनिया के शीर्ष राजनयिक के रूप में सेवाएं दी हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों और भारत जैसे विकासशील देशों की स्थायी सदस्य के रूप में इस शक्तिशाली मंच पर मौजूदगी के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में बाचेलेट ने मंगलवार को यहां कहा कि मुझे लगता है कि सुरक्षा परिषद में सुधार की वास्तव में आवश्यकता है।

भारत वर्षों से सुरक्षा परिषद में सुधारों की मांग करने में अग्रणी रहा है, जिसमें इसके स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों का विस्तार शामिल है। भारत का कहना है कि 1945 में स्थापित 15 देशों की परिषद 21वीं सदी के लिए उपयुक्त नहीं है और समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है। बाचेलेत ने कहा कि सुरक्षा परिषद में सुधार का निर्णय संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों को लेना है। उन्होंने 2024 में विश्व नेताओं द्वारा अपनाए गए भविष्य के समझौते का जिक्र करते हुए कहा कि लेकिन मुझे लगता है कि एक अवसर है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त रह चुकीं बाचेलेत ने कहा कि जब दुनिया भर के लोग संयुक्त राष्ट्र को देखते हैं, तो वे सुरक्षा परिषद को देखते हैं, वे एक ऐसे निकाय को देखते हैं जो समस्या का समाधान नहीं कर रहा है, जो पंगु है, जिसमें लाखों लोग पीड़ित हैं। मंगलवार को यहां तीन घंटे चले संवाद सत्र में बाचेलेत से सदस्य देशों और सिविल सोसायटी ने महासचिव पद को लेकर उनकी सोच तथा यह पूछा कि वे इस पद के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार क्यों हैं।

### भारत ने बाचेलेत से पूछे सुधार-विकास के लक्ष्य

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और ग्लोबल साउथ के विकास लक्ष्यों का मुद्दा उठाते हुए चिली की पूर्व राष्ट्रपति तथा संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद की उम्मीदवार मिशेल बाचेलेत से पूछा कि अगर वह इस वैश्विक संगठन के नेतृत्व के लिए चुनी जाती हैं तो इन मुद्दों पर उनकी क्या योजना होगी। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) राजदूत सिबी जॉर्ज ने संवाद के दौरान कहा, आपके दृष्टिपत्र में संयुक्त राष्ट्र में जारी सुधारों को बनाए रखने और आगे बढ़ाने की बात कही गई है। बताएं कि इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए आप कौन से कदम उठाएंगी।

## आतंकवाद से लड़ाई में भारत के साथ इजराइल

**यरूशलम।** इजराइल ने बुधवार को आतंकवाद के हर रूप से दृढ़तापूर्वक लड़ने का संकल्प लेते हुए पहलगाम हमले की पहली बरसी पर भारत के प्रति एकजुटता व्यक्त की। पिछले साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे। इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने एक्स पर कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर, हम जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को याद करते हुए इजराइल की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।



> अभिषेक शर्मा का रन-आउट और कैच छोड़ना हमें भारी पड़ा। मैं बॉलर्स से भी यही कह रहा था, कि अगर तुमने अच्छा एग्जीक्यूट किया, और उसके बाद भी उसने अच्छा शॉट मारा, तो तुम कुछ नहीं कर सकते। तुम्हें पता है, तुम्हें आगे बढ़ना होगा।
>
> –अक्षर पटेल


# स्टेडियम

अयोध्या, गुरुवार, 23 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

मुंबई इंडियंस

बनाम

चेन्नई सुपर किंग्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

# लखनऊ सुपर जाएंट्स ने घातक गेंदबाजी से राजस्थान रायल्स को 159 रनों पर रोका

## आईपीएल-2026 : वैभव सूर्यवंशी बना पाए महज 8 रन, रवींद्र जडेजा ने बचाई लाज

लखनऊ, एजेंसी

मोहम्मद शमी और मोहसिन खान की अगुवाई में लखनऊ सुपर जाएंट्स के भारतीय गेंदबाजों के आक्रमण ने आईपीएल में बुधवार को यहां राजस्थान रॉयल्स की मजबूत बल्लेबाजी को छह विकेट पर 159 रन पर रोक दिया।

यह लगातार तीसरा मैच है जब राजस्थान रॉयल्स का शीर्ष क्रम पूरी तरह विफल रहा है, जिससे टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही है। अनुभवी गेंदबाज शमी (चार ओवर में 30 रन पर दो विकेट) एक बार फिर अपने कौशल के बूते सबसे अलग नजर आए, जबकि लंबे कद के मोहसिन (चार ओवर में 17 रन पर दो विकेट) बेहद अनुशासित रहे। उन्होंने शानदार स्विंग और उछाल भरी गेंदों से बल्लेबाजों को परेशान किया। दोनों गेंदबाजों ने मिलकर राजस्थान के चार प्रमुख बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। शमी ने यशस्वी जायसवाल (22) और ध्रुव जुरेल (शून्य) को लगातार गेंदों पर आउट किया, जबकि मोहसिन ने वैभव सूर्यवंशी (11 गेंदों पर आठ रन) और शिमरॉन हेटमायर (18 गेंदों पर 22) को अलग-अलग स्पेल में आउट किया। तेजी से उभरते प्रिंस यादव (चार ओवर में 29 रन पर दो विकेट) ने भी अपनी स्विंग गेंदों से आक्रमण को मजबूती दी जबकि लंबे समय के बाद वापसी कर रहे मयंक यादव (चार ओवर में बिना किसी सफलता के 56 रन) लय में नहीं दिखे और सबसे महंगे साबित हुए। रॉयल्स के शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद कप्तान रियान पराग एक बार फिर बल्ले से प्रभावित करने में नाकाम रहे। उनके लचर प्रदर्शन ने उनकी कप्तानी को लेकर भी चिंता बढ़ा दी है। सुपर जायंट्स के गेंदबाजों ने बड़ी संख्या में डॉट गेंदें डालकर रॉयल्स को कम स्कोर पर रोक दिया। शमी (15 डॉट गेंदें) और मोहित (11 डॉट गेंदें) ने मिलकर 26 डॉट गेंदें फेंकी, वहीं प्रिंस यादव ने भी 13 डॉट गेंदों का शानदार योगदान दिया। शमी ने यशस्वी जायसवाल को तेज बाउंसर पर फंसाया। जायसवाल ने अचानक उछाल लेने वाली गेंद पर हुक शॉट खेलने की कोशिश की और विकेटकीपर ऋषभ पंत ने एक हाथ से शानदार कैच लपक लिया। उन्होंने अगली गेंद पर जुरेल को चलता किया। इस बार फुल लेंथ की गेंद विकेट के सामने टप्पा खाने के बाद थोड़ी बाहर की ओर निकली और जुरेल के बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए पंत के दस्तानों में चली गई। मोहसिन ने शानदार तरीके से सूर्यवंशी को फंसाया। उन्होंने लगातार पांच डॉट गेंदें डालने के बाद अंतिम गेंद पर 142 किमी/घंटा की तेज कटर डाली, जिस पर बल्लेबाज ने गलत टाइमिंग से शॉट खेला और गेंद बल्ले के ऊपरी किनारे से हवा में लहरा गई। दिग्वेश राठी ने उलटी दिशा में दौड़ते हुए शानदार कैच लपका। रॉयल्स की पारी इसके बाद कभी भी गति नहीं पकड़ सकी। रियान पराग ने एक बार फिर दबाव में हेलीकॉप्टर शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन उनकी असफलता टीम पर भारी पड़ती रही। अनुभवी रविंद्र जडेजा (29 गेंदों में नाबाद 43 रन) और युवा शुभम दुबे (11 गेंद में नाबाद 19 रन) ने 26 गेंद में 49 रन की अटूट साझेदारी कर टीम के स्कोर को 159 रन तक पहुंचाया।



लगातार दो विकेट लेने के बाद जश्न मनाते मोहम्मद शमी।

### राजस्थान रॉयल्स

**159/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का पंत बो शमी | 22 |
| वैभव सूर्यवंशी का राठी बो मोहसिन | 08 |
| ध्रुव जुरेल का पंत बो शमी | 00 |
| रियान पराग का पूरन बो प्रिंस | 20 |
| शिमरोन हेटमायर का प्रिंस बो मोहसिन | 22 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 43 |
| डोनोवन फरेरा का मोहसिन बो प्रिंस | 20 |
| शुभम दुबे नाबाद | 19 |

**अतिरिक्त** : 05, **विकेट पतन** : 1-32, 2-32, 3-32, 4-62, 5-77, 6-110

**गेंदबाजी** : शमी 4-0-30-2, प्रिंस 4-0-29-2, मोहसिन 4-1-17-2, मयंक 4-0-56-0, राठी 4-0-26-0

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 3. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 | 0.820 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 0.599 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.130 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.821 |
| 7. | मुंबई इंडियंस | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | 0.067 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -0.780 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -1.173 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |

### कमिंस की वापसी के बाद भी ईशान किशन ही करें सनराइजर्स हैंददाबाद की कप्तानी

**हैदराबाद।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगड़ ने कहा कि पैट कमिंस की चोट से उबरकर वापसी करने के बाद भी ईशान किशन को ही सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करनी चाहिए। कमिंस अपनी पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाए थे और उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र के शुरुआती मैचों से भी बाहर रहना पड़ा था। वह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शनिवार को जयपुर में होने वाले मैच में वापसी कर सकते हैं। भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच बांगड़ ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, ' ' ' 'एक कप्तान के तौर पर ईशान किशन ने दिखाया कि वह अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल करने के मामले में रणनीतिक रूप से बहुत कुशल हैं। उन्हें पता है कि किस बल्लेबाज के खिलाफ किस गेंदबाज का इस्तेमाल करना है। इससे स्पष्ट होता है वह खेल की कितनी अच्छी समझ रखते हैं। वह दबाव में नहीं आते, जल्दबाजी नहीं करते और मैदान पर सही फैसले ले रहे हैं। उन्होंने कहा दिल्ली के खिलाफ जिस तरह से उन्होंने अपने स्पिनरों का इस्तेमाल किया, वह प्रभावशाली था। इसलिए मेरा मानना है कि भले ही पैट कमिंस वापसी कर लें, ईशान किशन को ही सनराइजर्स की कप्तानी करनी चाहिए। बांगड़ ने कहा अमूमन देखा गया है कि भारतीय कप्तान होने से टीम को स्थिरता मिलती है। पैट कमिंस जैसे काबिल गेंदबाज की हाल की चोटों को देखते हुए यह कहना मुश्किल है कि वह आईपीएल के बाकी मैचों में कितने फिट रहेंगे। उन्होंने कहा कि किशन को ही कप्तान बनाए रखना सनराइजर्स के सर्वोत्तम हित में होगा। बांगड़ ने कहा ईशान को कप्तान बनाए रखने से खिलाड़ियों को भी अपले प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में मदद मिलेगी। मुझे लगता है कि हैदराबाद के लिए यही सही होगा। इस बीच किशन ने कहा कि उनकी सफलता का राज असफलता के भय पर काबू पाना, आगे बढ़ते रहना और मैचों के बीच टीम को नए सिरे से आगे के लिए तैयार करना है। किशन ने कहा इस स्तर पर, कौशल का स्तर काफी हद तक समान होता है। असली अंतर मानसिकता में आता है। मेरे लिए यह महत्वपूर्ण था कि मैं मैचों के बीच खुद को नए सिरे से कैसे तैयार करूं। उन्होंने कहा लगातार ध्यान केंद्रित रखना, जीतने की ललक रखना और मानसिक रूप से वर्तमान में रहना ही सफलता की कुंजी है।



### ऑरेंज कैप





- **अभिषेक शर्मा** हैदराबाद-323 रन
- हेनरिच क्लोसेन हैदाराबाद -320
- शुभमन गिल गुजरात -265 रन

### पर्पल कैप





- **अंशुल कंबोज** चेन्नई - 13 विकेट
- इशान मलिंगा हैदाबाद- 12 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात - 12 विकेट

### हाईलाइट

#### जापान का माचिदा एशियाई चैंपियंस लीग के फाइनल में

**जेद्दा।** जापान के क्लब माचिदा जेलविया ने संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल-अहली को 1-0 से हराकर एशियाई चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। युकी सोमा के पहले हाफ में किए गए गोल से जापान के क्लब ने जीत दर्ज की। शनिवार को होने वाले फाइनल में उसका मुकाबला सऊदी अरब के क्लब और मौजूदा चैंपियन अल-अहली सऊदी से होगा। सोमा ने 12वें मिनट में गोलकीपर हमाद अल-मेकबाली को छकाकर गोल दागा जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। अल-अहली सऊदी ने सोमवार को जापान के विसेल कोबे को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई थी। जेद्दा स्थित इस क्लब ने पिछले साल मई में फाइनल में जापान के कावासाकी फ्रंटेल को 2-0 से हराया था।

#### टीम माहौल के मुताबिक ढलना मेरी जिम्मेदारी : वेंकटेश अय्यर

**बेंगलुरु।** वेंकटेश अय्यर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की एकादश में नियमित तौर पर जगह बनाना चाहते हैं, लेकिन यह हरफनमौला खिलाड़ी टीम की उन परिस्थितियों को भली-भांति समझता है जिनकी वजह से उन्हें बेंच पर बैठना पड़ रहा है। वह टीम मैनेजमेंट द्वारा दी गई भूमिका की स्पष्टता से संतुष्ट हैं। आईपीएल 2024 में केकेआर के विजयी अभियान का हिस्सा रहे वेंकटेश आईपीएल 2026 से पहले आरसीबी से जुड़े, पर अब तक उन्हें केवल एक ही मैच खेलने का मौका मिला है, क्योंकि बेंगलुरु टीम के शीर्ष और मध्यक्रम में कड़ी प्रतिस्पर्धा है। वेंकटेश ने मीडिया से बातचीत में कहा मुझे बाहर बैठने की आदत नहीं है, पर ये एक टीम का माहौल है। एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में जो टीम को सबसे ऊपर रखता है, मेरा कर्तव्य है कि मैं इस माहौल का पालन करूं।

# अभिषेक की परिपक्वता पर कोई सवाल नहीं : एरोन

हैदराबाद, एजेंसी

- **बोले- उन जैसे खिलाड़ी को कुछ छूट देना जरूरी**

सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच वरुण एरोन ने कहा कि अभिषेक शर्मा जैसे 'ज्यादा जोखिम, ज्यादा इनाम' की रणनीति पर चलने वाले खिलाड़ी का बीच में खराब प्रदर्शन करना अपरिपक्वता का संकेत नहीं है। एरोन ने कहा कि परिपक्व हुए बिना कोई भी दुनिया का नंबर एक टी20 बल्लेबाज नहीं बन सकता और उनके जैसे असाधारण खिलाड़ी को कुछ छूट मिलनी चाहिए।

अभिषेक ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शुरू से लेकर आखिर तक बल्लेबाजी करते हुए 68 गेंद पर नाबाद 135 रन बनाए जिससे उनकी टीम ने यह मैच 47 रन से जीता। इस सलामी बल्लेबाज की टी20 विश्व कप में शुरुआत निराशाजनक रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने लय हासिल कर ली थी।

एरोन ने पत्रकारों से कहा मेरा मानना है कि वह शुरू से ही परिपक्व खिलाड़ी रहे हैं और पिछले कुछ वर्षों में यह बात और भी स्पष्ट हो गई है। परिपक्व हुए बिना आप दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज नहीं बन सकते। वह विपक्षी टीम के आक्रमण और पिच को देखकर ही अपना खेल खेलते हैं। एरोन ने कहा कि अभिषेक ने दिखाया कि उनके पास क्रिकेट की बहुत अच्छी समझ है। उन्होंने शुरू में सावधानी से बल्लेबाजी की। उन्होंने कहा यह पिच ऐसी नहीं थी कि आप हर गेंद पर लंबे शॉट लगा सको। आपको विरोधी टीम का सम्मान करना होता है। आपको पिच का सम्मान करना होता है और उन्होंने (अभिषेक ने) ऐसा ही किया। जब आप ज्यादा जोखिम, ज्यादा इनाम की रणनीति पर चलते हैं तो कभी-कभी यह कारगर साबित नहीं होता है लेकिन आपको अभिषेक जैसे खिलाड़ी को ऐसी छूट देनी पड़ती है।

युवा तेज गेंदबाज साकिब हुसैन ने दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजों को नियंत्रण में रखा और एक विकेट लिया। श्रीलंका के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ईशान मलिंगा ने चार विकेट हासिल किए। एरोन ने इन दोनों की प्रशंसा करते हुए कहा उनके पास ऐसे कौशल हैं जो उन्हें किसी भी अन्य गेंदबाज से अलग करते हैं। अगर हम मलिंगा की बात करें, तो वह गेंद को रिवर्स स्विंग कराते हैं। हमने आज 11वें, 12वें ओवर से रिवर्स स्विंग देखी जिससे विपक्षी टीम के लिए मुश्किल हो जाती है क्योंकि सफेद गेंद से आप वास्तव में यह नहीं देख सकते कि चमकदार साइड कौन सी है।



अभिषेक शर्मा।

# निरंतरता बनाए रखने के लिए टकराएंगे मुंबई-चेन्नई

मुंबई, एजेंसी

- **पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी की वापसी की संभावना**

अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम गुरुवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में आमने-सामने होंगी तो वे अपने पूर्व कप्तानों रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी की संभावित वापसी पर नजर रखकर अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेंगी।

रोहित (हैमस्ट्रिंग) और धोनी (पिंडली में खिंचाव) वापसी की राह पर हैं, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या इनमें से कोई भी इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर उतरेगा। रोहित ने मंगलवार को वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक एक भी मैच नहीं खेलने वाले धोनी ने जमकर अभ्यास किया। इससे उनकी इंपैक्ट प्लेयर के रूप में वापसी की संभावना बन गई है। इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की वापसी इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है कि अब तक पांच-पांच खिताब जीतने वाली यह दोनों टीम कई समस्याओं से जूझ रही हैं। सीएसके ने प्रत्येक टीम की तरह टूर्नामेंट की शुरुआत फॉर्म और सही संयोजन की तलाश में की लेकिन जैसे ही वे लय में आने लगे, उसके युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए जो सीएसके के लिए बड़ा झटका है। इससे सीएसके को बल्लेबाजी में नए सिरे से रणनीति बनानी पड़ रही है। गुजरात के विकेटकीपर-बल्लेबाज उर्विल पटेल को म्हात्रे की जगह टीम में शामिल किया जा सकता है।



अभ्यास सत्र के दौरान रोहित शर्मा।

#### सूर्यकुमार और हार्दिक के फार्म को लेकर चिंता

मुंबई के लिए सबसे बड़ी चिंता भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव और इस फ्रेंचाइजी टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या के फॉर्म को लेकर बनी हुई है। सूर्यकुमार अभी तक केवल एक अर्धशतक ही बना पाए हैं जबकि हार्दिक जरूरत पड़ने पर पारी को संभालने या आखिर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने में नाकाम रहे हैं। टीम ने नमन धीर पर भरोसा जताया है और वह अब तक इस पर खरे उतरे हैं। जसप्रीत बुमराह आखिरकार पिछले मैच में विकेट लेने में सफल रहे जबकि अश्वनी कुमार के चार विकेट ने टीम की चिंताओं को कम किया।

#### टीम

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक, रयान रिकेलटन, रॉबिन मिंज, रोहित शर्मा, दानिश मालेवार, शेरफेन रदरफोर्ड, सूर्यकुमार यादव, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, कृष भगत, मयंक मारकंडे, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी, संजू सैमसन, कार्तिक शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, सरफराज खान, उर्विल पटेल, अमन खान, शिवम दुबे, जैक फॉल्क्स, रामकृष्ण घोष, अंशुल कंबोज, जेमी ओवरटन, मैथ्यू शॉर्ट, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, श्रेयस गोपाल, गुरजापनीत सिंह, मैट हेनरी, अकील हुसैन, स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी, नूर अहमद।

**नया नाम**

**स्पेनिश खिलाड़ी 19 वर्षीय राफेल जोडर पूरे टेनिस जगत में बटोर रहे सुर्खियां**

# टेनिस जगत में धूम मचाने को तैयार है स्पेन का एक और 'राफा'

मैड्रिड, एजेंसी

विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज की उम्र केवल 22 वर्ष है, लेकिन उनके देश स्पेन में प्रतिभाशाली टेनिस खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी के बारे में पहले से ही चर्चा हो रही है। इनमें से सबसे चर्चित नाम उस खिलाड़ी का है जिनका पहला नाम सर्वकालिक महान खिलाड़ी राफेल नडाल के समान है।

यह खिलाड़ी है 19 वर्षीय राफेल जोडर, जो रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाने से स्पेन और पूरे टेनिस जगत में सुर्खियां बटोर रहे हैं। जोडर को नडाल की तरह 'राफा' उपनाम से भी जाना जाता है। वह मैड्रिड ओपन में अपने पदार्पण से ठीक पहले शीर्ष 50 में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। एक और होनहार खिलाड़ी 20 वर्षीय मार्टिन लैंडालुस हैं, जिन्होंने हाल में पुरुष रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई है।

अल्काराज़ के कलाई में चोट के कारण नाम वापस लेने के बाद मैड्रिड ओपन में यह दोनों दर्शकों के पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक होंगे। अल्काराज इन दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बेहद प्रभावित हैं और उन्हें उम्मीद है कि वह स्पेन में टेनिस को नए मुकाम तक पहुंचाने में सफल रहेंगे। उन्होंने कहा ये दोनों एक-दूसरे की मदद से लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए शीर्ष पर पहुंचेंगे। उनका भविष्य उज्ज्वल है। जोडर एक साल पहले तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष 600 खिलाड़ियों में भी शामिल नहीं थे। मार्च में उन्होंने शीर्ष 100 में प्रवेश किया और सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जोडर ने कहा मैं बचपन से ही दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करता रहा हूं। मैं शुरू से ही कोर्ट के अंदर और बाहर बहुत शांत स्वभाव का रहा हूं। मैं जानता हूं कि ऐसा समय भी आएगा जबकि परिस्थितियां आपके अनुकूल नहीं होंगी और ऐसे समय में आपकी मानसिक मजबूती की परीक्षा होती है। इस तरह का दौर मुझे और मजबूत बनाएगा। जोडर ने बार्सिलोना ओपन में तीन सीधे सेटों में जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में उन्हें आर्थर फिल्स से तीन सेटों में हार का सामना करना पड़ा।



#### मैं कभी लक्ष्य की ओर ध्यान नहीं देता : राफेल जोडर

स्पेनिश खिलाड़ी ने इसी महीने की शुरुआत में मोरक्को में अपना पहला टूर-स्तरीय खिताब जीता था। वह यूएस ओपन में लड़कों के एकल वर्ग के चैंपियन भी रह चुके हैं। जोडर जब छोटे थे तब वह दर्शक के रूप में मैड्रिड ओपन देखने आते थे और अब इस टूर्नामेंट में खेलने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा मैंने कभी कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया।, यह टूर पर मेरा पहला साल है। मैं अभी सीख रहा हूं। मुझे अनुभव हासिल करने और शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने की जरूरत है। सात बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज ने जोडर को उत्कृष्ट खिलाड़ी करार दिया।

### एकल में लगातार हार के बावजूद फ्रेंच ओपन में खेलना चाहती हैं वीनस

**मैड्रिड।** विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी वीनस विलियम्स महिला एकल में लगातार दसवां मैच हारने के बावजूद अगले महीने होने वाले फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलना चाहती हैं। इस 45 वर्षीय खिलाड़ी मैड्रिड ओपन में स्पेन की 20 वर्षीय खिलाड़ी कैटलिन क्वेडो से 6-2, 6-4 से हार गईं।

सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस ने बाद में पत्रकारों से कहा मैं लंबे समय से क्ले कोर्ट पर नहीं खेली थी और मैं इसमें खेलने का अनुभव लेना चाहती थी। उन्होंने कहा दुर्भाग्य से मैं इटालियन ओपन में नहीं खेल पाऊंगी क्योंकि मेरी कुछ प्रतिबद्धताएं हैं। मेरे पति इटालियन हैं, इसलिए हमें भी दुख है कि हम वहां नहीं जा सकते। लेकिन हम क्ले कोर्ट पर खेलना जारी रखना चाहेंगे।

# एमबाप्पे -विनीसियस ने रियल मैड्रिड को जिताया

मैड्रिड, एजेंसी

- **स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट ला-लीगा में शीर्ष के करीब**

काइलियन एमबाप्पे और विनीसियस जूनियर ने एक-एक गोल किया, जिससे रियल मैड्रिड ने अलावेस को 2-1 से हराकर चार मैचों के बाद पहली जीत का स्वाद चखा। इस जीत से वह स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट लालीगा में शीर्ष पर मौजूद बार्सिलोना के करीब पहुंच गया है।

सैंटियागो बर्नाबेउ स्टेडियम में मिली जीत के बाद रियल मैड्रिड अब बार्सिलोना से छह अंक पीछे रह गया है। बार्सिलोना के 31 मैच में 79 और रियाल मैड्रिड के 32 मैच में 73 अंक हैं।

बायर्न म्यूनिख से हारने के कारण चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बाद रियाल मैड्रिड का यह पहला मैच था। रियाल मैड्रिड को बायर्न से अपने घरेलू मैदान पर 2-1 से और दूसरे चरण में जर्मनी में 4-3 से हार का सामना करना पड़ा था। उसे लालीगा में पिछले दो मैच में जीत नहीं मिली थी।

उसने गिरोना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला था जबकि मालोर्का से 2-1 से हार गय था। एमबाप्पे ने 30वें मिनट में गोल किया। वह इस टूर्नामेंट में अब सर्वाधिक 24 गोल कर चुके हैं।

यह फरवरी के बाद इस प्रतियोगिता में उनका पहला गोल भी था। विनीसियस ने 50वें मिनट में गोल करके मैड्रिड की बढ़त को और मजबूत कर दिया।